

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 302 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 10 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 14 मूल्य 05 रुपया

सोशल मीडिया के जरिए भारत के खिलाफ अफवाह फैला रहीं देशविरोधी ताकतें: योगी

काकोरी ट्रेन एक्शन के 101वें वर्ष पर बोले मुख्यमंत्री- षड्यंत्र के तहत समाज को गुमराह करने की कोशिश

लखनऊ, 9 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर देशविरोधी ताकतें भारत के खिलाफ अफवाहें फैला रही हैं और षड्यंत्र के तहत समाज को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र, जाति और भाषा के नाम पर देश को कमजोर करने वाली ताकतें आज भी समाज में फूट डालने का काम कर रही हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को काकोरी ट्रेन एक्शन के 101वें वर्ष के अवसर पर काकोरी शहीद स्मारक में आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रनायकों और क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत आपसी फूट और षड्यंत्रों के कारण गुलाम हुआ था। आज जरूरत है कि देश की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

झारखंड में छात्रों का आंदोलन 16वें दिन भी जारी, सरकार पर 'खोखले वादों' का आरोप

जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शनकारी छात्र अड़े, बातचीत के दो दौर बेनतीजा

समाज जागरण

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में छात्रों का विरोध-प्रदर्शन रविवार को 16वें दिन भी जारी रहा। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों और राज्य सरकार के बीच बातचीत के दो दौर के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकार पर बार-बार बातचीत के नाम पर केवल 'खोखले वादे' करने का आरोप लगाया है।



छात्र जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन के समर्थन में कई छात्र नेता भूख हड़ताल पर भी बैठे हैं। छात्रों की प्रमुख मांग कथित अनियमितताओं वाली परीक्षाओं को रद्द करना, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराना और भविष्य में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

भूख हड़ताल पर बैठे देवेंद्र महतो की तबीयत बिगड़ी

आंदोलन के दौरान भूख हड़ताल कर रहे छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की तबीयत बिगड़ने से प्रदर्शन स्थल पर चिंता बढ़ गई। महतो 2 अगस्त से भूख हड़ताल पर हैं। शनिवार देर रात उनकी हालत खराब होने के बाद डॉक्टरों की टीम प्रदर्शन स्थल पर पहुंची और उन्हें सलाइन चढ़ाया गया।

डॉक्टरों के मुताबिक, उनका ब्लड शुगर काफी कम हो गया था। एहतियात के तौर पर उन्हें सलाइन दिया गया, जिसके बाद उनकी स्थिति में कुछ सुधार हुआ। महतो ने कहा कि स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद वह आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे और छात्रों की मांगों पर ठोस निर्णय होने तक भूख हड़ताल जारी रखेंगे।

डॉक्टर ए.के. सिन्हा के अनुसार, लंबे समय तक भोजन नहीं लेने से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि महतो को सीने में दर्द की शिकायत है, हालांकि जांच के अनुसार उनका हृदय और फेफड़े सामान्य हैं।

छात्रों ने प्रशासन पर लगाया दबाव बनाने का आरोप

छात्र नेता चंदन ने सरकार और प्रशासन पर प्रदर्शनकारियों को रात में आंदोलन स्थल से हटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे और न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेता प्रेम नायक ने कहा कि उनकी भूख हड़ताल का यह छठा दिन है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। नायक के मुताबिक, छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया जाता है, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया जा रहा।

10 अगस्त को विधानसभा तक मार्च का ऐलान

छात्र नेता महेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से छात्रों के भविष्य पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी आंदोलन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को छात्रों की ओर से विधानसभा तक विरोध मार्च निकालने की तैयारी है।


दो दौर की वार्ता, नहीं निकला समाधान

छात्रों और सरकार के बीच बातचीत का पहला दौर शुक्रवार को हुआ था। इसमें सरकार की ओर से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और छात्रों की ओर से 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। छात्रों ने अपनी मांगें सरकार के सामने रखीं और आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट जवाब मांगा।

इसके बाद शनिवार को बातचीत का दूसरा दौर हुआ, लेकिन यह भी बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गया। दोनों पक्षों के बीच मतभेद दूर नहीं हो सके और प्रदर्शनकारी छात्रों ने आंदोलन वापस लेने से इनकार कर दिया।

छात्रों का कहना है कि जब तक कथित अनियमितताओं पर निष्पक्ष जांच और उनकी प्रमुख मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। (इनपुट : आईएएनएस)

पाकिस्तान में बैठे आतंकियों और उनके सरपरस्तों को नेस्तनाबूत किया: राजनाथ सिंह



समाज जागरण

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में बैठे आतंकियों और उनके सरपरस्तों को नेस्तनाबूत किया। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को संदेश दिया है कि अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है।

दिल्ली कैंट स्थित सेना के बेस अस्पताल में आयोजित 'सिंदूर' महा रक्तदान यात्रा में रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्तदान मानवता, करुणा और राष्ट्रप्रेम से जुड़ा महान कार्य है। कार्यक्रम में एथलीटों और अन्य लोगों ने करीब एक हजार यूनिट रक्त दान किया, जिसे जरूरतमंद जवानों और उनके परिवारों के लिए उपयोग किया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने युवाओं से रक्तदान को केवल आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एक संवेदनशील, स्वस्थ और सुरक्षित समाज भी बनाना है। (इनपुट : आईएएनएस)

ताजमहल में अचानक बढ़ी सुरक्षा हलचल, यूपी पुलिस ने डाला घेरा; CISF ने निकाले हथियार

स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा तैयारियों की हुई जांच, संदिग्ध आईईडी से निपटने का भी किया गया अभ्यास

समाज जागरण

आगरा। ताजमहल में 7 अगस्त को उस समय सुरक्षा एजेंसियों की हलचल बढ़ गई, जब यूपी पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) और अन्य एजेंसियां अचानक सक्रिय नजर आईं। पूरे इलाके की घेराबंदी की गई और सुरक्षाबलों ने हथियारबंद हमले जैसी स्थिति से निपटने का अभ्यास किया।

इसके बाद संदिग्ध आईईडी की तलाश, सर्च ऑपरेशन और परिसर के सैनिटाइजेशन की कार्रवाई भी की गई। हालांकि, यह कोई वास्तविक आतंकी खतरा नहीं था। स्वतंत्रता दिवस से पहले ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए मल्टी-एजेंसी मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई थी। अभ्यास के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने आपात स्थिति में आपसी समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया, संदिग्ध वस्तु की पहचान और परिसर को सुरक्षित करने की तैयारियों को परखा।

इस दौरान CISF के जवान हथियारों के साथ मोर्चा संभालते नजर आए। सुरक्षा एजेंसियों के इस अभ्यास का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के दौरान ताजमहल जैसे संवेदनशील और प्रमुख पर्यटन स्थल पर किसी भी संभावित खतरे से निपटने की तैयारियों को मजबूत करना था।

अमेरिका 100% टैरिफ लगाए तो भी भारत के पास 15 वैकल्पिक बाजार: एसपी शर्मा

अमेरिका को होने वाले 87 अरब डॉलर के निर्यात के लिए दूसरे देशों में करीब 200 अरब डॉलर का बाजार उपलब्ध

समाज जागरण

नई दिल्ली। अमेरिका की ओर से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की आशंकाओं के बीच अर्थ शास्त्री एसपी शर्मा ने कहा है कि भारत के पास अमेरिकी बाजार के अलावा निर्यात के कई विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत करीब 15 अन्य बाजारों में अपने उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर बड़े अवसर का लाभ उठा सकता है।

एएनआई से बातचीत में शर्मा ने कहा कि भारत का अमेरिका को मर्चेंडाइज निर्यात करीब 87-88 अरब डॉलर है, जबकि उन्हीं उत्पादों के लिए 15 अन्य देशों में करीब 200 अरब डॉलर का बाजार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी बाजार पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। शर्मा ने नीदरलैंड, फ्रांस, ब्रिटेन, लैटिन अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और नेपाल जैसे बाजारों को भारतीय निर्यात के लिए



महत्वपूर्ण विकल्प बताया। उनके मुताबिक इन देशों में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ रही है और निर्यातक कारोबार का विस्तार कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अमेरिका को भारत का निर्यात 87.3 अरब डॉलर रहा, जो 2024-25 के 86.5 अरब डॉलर से अधिक है। शर्मा के अनुसार, टैरिफ को लेकर अनिश्चितता के बावजूद भारतीय निर्यातकों का प्रदर्शन मजबूत रहा है।(इनपुट : एएनआई)

कांवड़ यात्रा हुई हाईटेक, एक क्लिक पर शिवभक्तों को हर सुविधा

कांवड़ यात्रा एप से रूट मैप, मंदिर, शौचालय, चिकित्सा और भोजन की जानकारी; फेसबुक, इंस्टा और एक्स से मिल रही पल-पल की अपडेट



समाज जागरण

लखनऊ, 09 अगस्त। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा अब आस्था के साथ तकनीक और आधुनिक सुविधाओं का भी संगम बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शिवभक्तों की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए प्रदेशभर में हाईटेक इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ यात्रा एप के जरिए श्रद्धालुओं को एक क्लिक पर यात्रा से जुड़ी जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

एप पर कांवड़ मार्ग का रूट मैप, मंदिर, शौचालय, चिकित्सा सुविधा और भोजन से संबंधित जानकारी मिल रही है। शिकायत या आपात स्थिति में भी श्रद्धालु इसके माध्यम से तत्काल मदद ले सकते हैं। एप को फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स से भी जोड़ा गया है, जिससे कांवड़ियों तक यात्रा से जुड़ी पल-पल की अपडेट पहुंच रही है।

मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर और हापुड़ समेत कांवड़ यात्रा वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पेयजल, भोजन, शौचालय और आवागमन की व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है। कंट्रोल रूम से यात्रा मार्गों की निगरानी की जा रही है और अधिकारी लगातार औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

बागपत में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने इस्तेमाल किया एप

बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल के अनुसार, जिले में अब तक 25 हजार से अधिक श्रद्धालु कांवड़ यात्रा एप का इस्तेमाल कर चुके हैं। एप के माध्यम से यात्रियों को मार्ग और रास्ते में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिल रही है। बागपत में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला कांवड़ियों के लिए महिला डॉक्टरों से लैस बाइक एंबुलेंस, 35 स्वास्थ्य कैंप और 20 निजी अस्पतालों में व्यवस्थाएं की गई हैं। **विस्तृत खबर पेज-3 पर**

पीएम मोदी ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साह से भाग लेने की अपील

बोले- तिरंगा हमारा गौरव, 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्प को दोहराएं; इस बार 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ से जुड़ा अभियान

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और देश को 'विकसित भारत' बनाने के सामूहिक संकल्प को दोहराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश का गौरव है और राष्ट्र के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है।

प्रधानमंत्री ने संस्कृति मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए यह अपील की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान का प्रयास राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को समर्पित है और यह विशेष अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश इसके 150 वर्ष पूरे होने का स्मरण कर रहा है।



17 अगस्त तक चलेगा अभियान

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान रवि वार से शुरू होकर 17 अगस्त तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता से जुड़े आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।

'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरू आत वर्ष 2022 में की गई थी। इसके बाद यह अभियान व्यापक जनभागीदारी वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम का रूप ले चुका है। इस वर्ष अभियान को 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ से जोड़ा गया है। अभियान के दौरान देशभर में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन भी आयोजित किया जाएगा।

तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में तिरंगा यात्राएं, रैलियां, संगीत कार्यक्रम और सामूहिक गायन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्कृति मंत्रालय ने कहा है कि अभियान के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को हर गली और हर घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गई पीड़ा और संघर्ष को याद किया जाएगा।

विदेशों में भी होंगे कार्यक्रम

'हर घर तिरंगा' अभियान की गूंज विदेशों तक भी पहुंचेगी। दुनिया भर में स्थित 200 से अधिक भारतीय दूतावास, उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इस वर्ष 'सूर्य पथ तिरंगा' डिजिटल रिले भी आयोजित की जाएगी। इसमें 54 भारतीय राजनयिक मिशन और केंद्र हिस्सा लेंगे। यह डिजिटल रिले 15 अगस्त को फिजी से शुरू होकर सैन फ्रांसिस्को में समाप्त होगी।

'फिलिस्तीनी राष्ट्र मंजूर नहीं', नेतन्याहू ने ट्रंप के गाजा प्लान को किया खारिज

बोले- हमास के हथियार डालने तक गाजा से नहीं हटेगी इजरायली सेना

तेल अवीव। गाजा युद्ध समाप्त कराने की अमेरिकी कोशिशों को बड़ा झटका लगा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 सूत्रीय गाजा शांति प्लान को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि जब तक हमास पूरी तरह हथियार नहीं डालता, तब तक इजरायली सेना गाजा से पीछे नहीं हटेगी।

कैबिनेट बैठक में नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल इस 15 सूत्रीय



दस्तावेज को स्वीकार नहीं करता। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना अपने सैनिकों और नागरिकों को किसी भी संभावित खतरे से बचाने के लिए कार्रवाई जारी रखेगी।

फिलिस्तीनी राज्य के गठन का भी विरोध

नेतन्याहू ने फिलिस्तीन को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। इजरायली मीडिया के अनुसार उन्होंने कहा कि जब तक वह प्रधानमंत्री हैं, तब तक गाजा या वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी राज्य के गठन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है जब गाजा में युद्ध समाप्त कराने और फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास और चर्चा तेज हैं। उनके रुख से ट्रंप प्रशासन की शांति पहल और इजरायल के बीच मतभेद सामने आए हैं।



'अब बाजार से है ज़िंदगी': बाजार की चकाचौंध में मनुष्य और रिश्तों की तलाश

पहले ज़िंदगी से बाजार था, अब बाजार से ज़िंदगी है। दयानंद पांडेय की पुस्तक अब बाजार से है ज़िंदगी का यह कथ्य आज के बदलते सामाजिक जीवन की गहरी पड़ताल करता है। डायमंड पॉकेट बुक्स से प्रकाशित यह लेख-संग्रह केवल लेखों का संकलन नहीं, बल्कि बदलती जीवन-शैली, टूटते पारिवारिक संबंधों, बढ़ते अकेलेपन, सामाजिक सरोकारों, स्त्री, साहित्य, संस्कृति, भाषा और मनुष्य की बदलती संवेदना का जीवंत दस्तावेज है। लेखक अपने अनुभवों और जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से पाठक को उस समय की तस्वीर दिखाते हैं, जहां सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन आत्मीयता लगातार कम होती जा रही है।

दयानंद पांडेय हिंदी के चर्चित साहित्यकार और वरिष्ठ पत्रकार हैं। 30 जनवरी 1958 को गोरखपुर जिले के बैदौली गांव में जन्मे दयानंद पांडेय वर्ष 1978 से पत्रकारिता में सक्रिय हैं। उन्होंने रीडर्स डाइजेस्ट, जनसत्ता, स्वतंत्र भारत, नवभारत टाइम्स तथा राष्ट्रीय सहारा जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में संपादक और विशेष संवाददाता सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया। उनकी 80 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें 13 उपन्यास, 13 कहानी-संग्रह और 5 संस्मरण-संग्रह के अलावा कविता, गजल, लेख, इंटरव्यू और सिनेमा से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं। उनकी रचनाओं के अनेक भारतीय भाषाओं में अनुवाद प्रकाशित हुए हैं। उन्हें लोहिया साहित्य सम्मान, साहित्य भूषण, वीर सिंह देव राष्ट्रीय सम्मान, प्रेमचंद सम्मान, यशपाल सम्मान और अमृतलाल नागर सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

पुस्तक में शामिल लेखों के शीर्षक ही इसके व्यापक वैचारिक संसार का संकेत देते हैं। यहां तो स्त्री कंधे से कंधा मिला कर चलती मिलती है, जीवन में प्रेम की पवित्रता, सरोकारनामा मतलब अब सारे सरोकार मेरे, सारा आकाश मेरा!, हिंसक भीड़ की भाड़ में जल जाने से बचा, डर गया हूं, लखनऊ के इस निःशब्द विलाप से, संन्यासी, बिच्छू और कोरोना, कहां-कहां से तुलसी को मिटाएंगे?, मस्जिद में क्यों सोते थे तुलसीदास? और 2050 तक हिंदी दुनिया की सबसे बड़ी भाषा बनने जा रही है जैसे लेख इस संग्रह को सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और समकालीन विमर्श से जोड़ते हैं।

शीर्षक लेख पुस्तक की आत्मा है। लेखक संयुक्त परिवार के अपने अनुभवों को याद करते हुए उस दौर की तस्वीर खींचते हैं, जब परिवार में रिश्तों की पहचान कभी-कभी उलझ जाती थी, लेकिन संकट के समय पूरा परिवार एक साथ खड़ा होता था। बीमारी या विपत्ति किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं होती थी। अनेक कंधे उसे संभाल लेते थे। लेखक संयुक्त परिवार की कमियों से भी इनकार नहीं करते। विशेषकर स्त्रियों के बीच तनाव और जिम्मेदारियों के असमान बंटवारे ने संयुक्त परिवारों में दरारें पैदा कीं। धीरे-धीरे संयुक्त परिवार टूटे और एकल परिवार सामने आए। लेकिन आज एकल परिवार भी अकेलेपन और भावनात्मक दूरी की समस्या से जूझ रहे हैं।

लेखक आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी विडंबना के रूप में उस दूरी को देखते हैं, जो करियर, भौतिक सफलता और तकनीक ने परिवारों के बीच पैदा कर दी है। बच्चे बेहतर शिक्षा और नौकरी के लिए दूसरे शहरों तथा विदेशों में चले जाते हैं और माता-पिता पीछे छूट जाते हैं। कई बार आर्थिक रूप से संपन्न होने के बावजूद वृद्ध माता-पिता भावनात्मक रूप से बेहद अकेले रह जाते हैं। पुस्तक में ऐसे अनेक मार्मिक प्रसंग हैं, जिनमें बुजुर्ग माता-पिता की पीड़ा सामने आती है। कहीं विदेश में रहने वाला बेटा पिता को समय नहीं दे पाता, कहीं बड़े पदों पर पहुंचे बेटे अपनी वृद्ध मां को भूल जाते हैं। ये प्रसंग पाठक को भीतर तक झकझोरते हैं।

तकनीक और सोशल मीडिया के प्रभाव पर भी लेखक की दृष्टि गंभीर है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने दुनिया को जोड़ दिया है, लेकिन कई बार मनुष्य को उसके आसपास के लोगों से ही दूर कर दिया है। आज खुशियां और दुख सोशल मीडिया पर साझा हो जाते हैं, लेकिन आमने-सामने बैठकर संवाद करने की संस्कृति कमजोर हो रही है। विवाह के निमंत्रण से लेकर संवेदना तक, बहुत कुछ मोबाइल संदेशों तक सीमित हो गया है। लेखक की चिंता यह है कि बाजार और मॉल की भीड़ बढ़ती जा रही है, लेकिन मनुष्य के भीतर की आत्मीयता और संवेदना कम होती जा रही है।

ह्यहां तो स्त्री कंधे से कंधा मिला कर चलती मिलती हैह्ण लेख में स्त्री की साहित्यिक और सामाजिक भूमिका पर प्रभावशाली विमर्श मिलता है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी से जुड़े करुण रस के प्रसंग के माध्यम से लेखक साहित्य में संवेदना के महत्व को रेखांकित करते हैं। कालिदास, प्रेमचंद, शरतचंद्र और अन्य साहित्यकारों के संदर्भों से वह बताते हैं कि स्त्री केवल साहित्य की पात्र नहीं, बल्कि उसकी संवेदनात्मक धुरी रही है। धनिया के बिना गोदान और स्त्री की उपस्थिति के बिना अनेक कालजयी रचनाओं की कल्पना अधूरी है।

इतिहास, संस्कृति और भाषा से जुड़े लेख भी पुस्तक को व्यापक बनाते हैं। तुलसीदास, कबीर, गांधी, अयोध्या, गीता, प्रयागराज और हिंदी भाषा जैसे विषयों पर लेखक अपनी स्पष्ट और बेबाक दृष्टि रखते हैं। हिंदी के भविष्य पर लिखे लेख भाषा की जीवंतता और उसके निरंतर विस्तार की संभावनाओं को रेखांकित करते हैं।

दयानंद पांडेय की भाषा इस पुस्तक की बड़ी ताकत है। उनकी शैली में पत्रकारिता की स्पष्टता, साहित्य की संवेदना और व्यंग्य की धार दिखाई देती है। लोकभाषा, मुहावरों, साहित्यिक संदर्भों और वास्तविक जीवन के प्रसंगों के कारण लेख सीधे पाठक से संवाद करते हैं। कहीं करुणा है, कहीं व्यंग्य, कहीं आक्रोश और कहीं स्मृतियों की आत्मीय गर्माहट।

कुल मिलाकर अब बाजार से है ज़िंदगी हमारे समय का ऐसा आईना है, जिसमें बाजार की चमक के साथ मनुष्य का अकेलापन भी साफ दिखाई देता है। यह पुस्तक पूछती है कि आधुनिकता और तकनीक के इस दौर में हमने सुविधाएं तो बहुत हासिल कर लीं, लेकिन क्या हमने जीवन को सचमुच बेहतर बनाया? बाजार हमारी जरूरतें पूरी कर सकता है, लेकिन प्रेम, आत्मीयता, करुणा और रिश्तों का विकल्प नहीं बन सकता।

अब बाजार से है ज़िंदगी इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह बाजार के बीच मनुष्य की तलाश करती है और पाठक को अपने भीतर बचे प्रेम, संवेदना और मानवीय रिश्तों की रोशनी पहचानने के लिए प्रेरित करती है।

दयानंद पांडेय

भारत के विरुद्ध पाकिस्तान-तुर्किये-सऊदी अरब का नया नाटो की तर्ज पर रक्षा समीकरण।



संजीव ठाकुर

दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया की बदलती सामरिक परिस्थितियों में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुआ नया रक्षा समझौता अंतरराष्ट्रीय राजनीति की एक महत्वपूर्ण घटना है। 7 अगस्त 2026 को मक्का में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन की उपस्थिति में मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। समझौते का मूल प्रावधान यह है कि किसी एक सदस्य देश पर सशस्त्र हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने इसे तकनीकी रूप से नाटो की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था के अनुच्छेद 5 के समान बताया है।

हालाँकि इस घटनाक्रम को समझने के लिए 2025 की घटनाओं पर लौटना आवश्यक है। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की हत्या हुई। इसके बाद भारत ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। भारत सरकार के अनुसार पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई आतंकवादी ढाँचे पर केंद्रित थी और पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाया गया।

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद-रोधी नीति में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया था,भारत आतंकवादी हमले और उसके पीछे मौजूद बुनियादी ढाँचे के बीच अंतर नहीं करेगा और आवश्यकता पड़ने पर सीमा पार स्थित आतंकवादी ढाँचे के विरुद्ध लक्षित कार्रवाई कर सकता है। इसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव बढ़ा और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई की। अंततः संघर्षविराम की स्थिति बनी।

इसी व्यापक सामरिक पृष्ठभूमि में 17 सितंबर 2025 को पाकिस्तान और सऊदी अरब ने स्ट्रैटेजिक डिफेंस म्युचुअल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया कि किसी एक देश के विरुद्ध आक्रमण दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा। अमेरिकी सामरिक अध्ययन एजेंसी ने इसे नाटो के अनुच्छेद 5 जैसी भाषा वाला समझौता बताया था।लेकिन यह कहना कि यह समझौता केवल ऑपरेशन सिंदूर से घबराकर पाकिस्तान ने कराया, यह एक बड़ा कारण हो सकता है। सऊदी अरब की अपनी सुरक्षा चिंताएँ हैं और पाकिस्तान के साथ उसके दशकों पुराने सैन्य संबंध भी हैं। पाकिस्तान के लिए यह समझौता आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जबकि सऊदी अरब के लिए यह बदलते पश्चिम एशियाई सुरक्षा वातावरण में अपने सुरक्षा विकल्पों का विस्तार करने का माध्यम है। अतः इसके पीछे अनेक क्षेत्रीय कारण हैं।

2026 में इस समीकरण का दायरा और बढ़ गया। पाकिस्तान-सऊदी समझौते में तुर्किये शामिल नहीं था, लेकिन अगस्त 2026 के मक्का समझौते ने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये को एक साझा रक्षा ढाँचे में ला दिया। समझौते में नियमित रक्षा एवं विदेश नीति परामर्श, सामरिक सहयोग और एक स्थायी सचिवालय जैसी व्यवस्थाओं का भी प्रावधान है। तुर्किये ने यह भी स्पष्ट किया है कि समझौता किसी विशेष देश–ईरान या किसी अन्य राष्ट्र–के विरुद्ध लक्षित नहीं है।

फिर भारत के लिए इसका क्या अर्थ है? सबसे पहले, भारत को इसे तत्काल भारत-विरोधी सैन्य गठबंधन मानकर अपनी रणनीति बनानी होगी। यद्यपि समझौते में भारत का नाम शत्रु देश के रूप में नहीं है। तुर्किये ने भी इसे किसी विशेष राष्ट्र के विरुद्ध नहीं बताया है। इसलिए वर्तमान समय में इसे औपचारिक रूप से भारत के विरुद्ध गठित सैन्य गठबंधन का स्वरूप माना जा सकता है। दूसरा पहलू पाकिस्तान और तुर्किये के बढ़ते रक्षा संबंधों का है। तुर्किये ने पिछले वर्षों में पाकिस्तान के साथ रक्षा तकनीक और सैन्य सहयोग बढ़ाया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी तुर्किये की पाकिस्तान के प्रति राजनीतिक और सामरिक निकटता भारत की निगाह में रही। ऐसे में नए त्रिपक्षीय समझौते से पाकिस्तान को कूटनीतिक और सामरिक आत्मविश्वास मिल सकता है। तीसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष सऊदी अरब है। भारत और सऊदी अरब के बीच ऊर्जा, व्यापार, निवेश और प्रवासी भारतीयों से जुड़े व्यापक संबंध हैं। इसलिए सऊदी अरब को केवल पाकिस्तान के साथ उसके रक्षा संबंधों के आधार पर भारत-विरोधी खेमे में रखना भारतीय विदेश नीति की जटिल वास्तविकताओं को नजरअंदाज करना होगा। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह सऊदी अरब के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को मजबूत रखते हुए पाकिस्तान के साथ उसके रक्षा सहयोग से उत्पन्न संभावित जोखिमों पर भी सतर्क रहे।


भारत के सामने सबसे प्रभावी रणनीति रणनीतिक संयम और बहुआयामी कूटनीति की होगी। भारत को खाड़ी देशों, तुर्किये और व्यापक इस्लामी जगत के साथ अपने आर्थिक एवं कूटनीतिक संबंधों को और मजबूत करना होगा। साथ ही अपनी वायु रक्षा, मिसाइल क्षमता, समुद्री सुरक्षा, साइबर क्षमता और खुफिया तंत्र को लगातार सुदृढ़ करना होगा।

सबसे बड़ी बात यह कि पाकिस्तान के साथ किसी भी भविष्य के तनाव में भारत को आतंकवाद और सामान्य पाकिस्तानी नागरिकों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना होगा। भारत की ताकत केवल सैन्य क्षमता में नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक शक्ति, तकनीकी क्षमता, कूटनीतिक पहुँच और वैश्विक विश्वसनीयता में भी है।

अतः पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये रक्षा समझौते को भारत के लिए चेतावनी अवश्य माना जा सकता है, लेकिन इसे भारत के विरुद्ध दूरगामी सैनिक अवरोध के विरुद्ध एक आवश्यक संगठन भी माना जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य इच्छाशक्ति का परिचय दिया था; अब इस नए सामरिक समीकरण के बीच भारत की परीक्षा उसकी कूटनीतिक सूझबूझ, रणनीतिक धैर्य और दीर्घकालीन राष्ट्रीय शक्ति को संतुलित ढंग से इस्तेमाल करने में होगी।

व्यंग्य के शिखर पुरुष हरिशंकर परसाई

हरिशंकर परसाई हिंदी साहित्य के ऐसे रचनाकार हैं जिन्होंने व्यंग्य को केवल हँसी और मनोरंजन की विधा मानने से इनकार किया। उन्होंने व्यंग्य को सामाजिक चेतना, मानवीय विवेक और व्यवस्था पर सवाल उठाने का सशक्त माध्यम बनाया। उनकी रचनाओं को पढ़ते हुए पाठक कई बार मुस्कुराता है, लेकिन उसी मुस्कान के पीछे उसे समाज की ऐसी सच्चाई दिखाई देती है जो भीतर तक बेचैन करती है। परसाई का व्यंग्य इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसमें हास्य के साथ गंभीर चिंतन, करुणा के साथ आक्रोश और भाषा की सरलता के साथ विचारों की तीक्ष्णता दिखाई देती है। यही कारण है कि उनके निधन के तीन दशक बाद भी उनका साहित्य अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है।



हरिशंकर परसाई का जन्म 22 अगस्त 1924 को मध्य प्रदेश के जमानी गांव में हुआ था। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से हिंदी में एमए की शिक्षा प्राप्त की। कुछ समय अध्यापन करने के बाद उन्होंने स्वतंत्र लेखन को अपना जीवन बना लिया। यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि स्वतंत्र लेखन में आर्थिक स्थिरता का अभाव था, लेकिन परसाई ने साहित्य को नौकरी या प्रतिष्ठा प्राप्त करने का साधन नहीं बनाया। उन्होंने अपनी वैचारिक स्वतंत्रता और लेखकीय प्रतिबद्धता को सर्वोच्च महत्व दिया। जबलपुर से उन्होंने 'वसुधा' नामक साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन और संपादन भी किया। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने साहित्यिक पत्रकारिता को गंभीरता से आगे बढ़ाया।

परसाई के साहित्य को समझने के लिए उनके समय को समझना भी जरूरी है। भारत स्वतंत्र हो चुका था और लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हो रही थी, लेकिन सामाजिक जीवन में अनेक पुरानी रूढ़ियां, आर्थिक विषमताएं, धार्मिक पाखंड, भ्रष्टाचार और सत्ता के प्रति अंधभक्ति मौजूद थी। स्वतंत्रता के बाद लोगों को जिस आदर्श समाज की उम्मीद थी, उसकी राह में अनेक विसंगतियां दिखाई देने लगी थीं। परसाई ने इन्हीं विसंगतियों को अपनी रचनाओं का विषय बनाया। उन्होंने बड़े सिद्धांतों की चर्चा करने के बजाय रोजमर्रा के जीवन में मौजूद छोटे-छोटे प्रसंगों के माध्यम से व्यवस्था की बड़ी सच्चाइयों को सामने रखा।

उनके व्यंग्य में आम आदमी लगातार उपस्थित रहता है। वह आदमी जो व्यवस्था की जटिलताओं में फंसा हुआ है, जो नेताओं के वादों को सुनता है, सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाता है, महंगाई से जूझता है, धार्मिक पाखंड को देखता है और फिर भी किसी न किसी उम्मीद के सहारे जीवन आगे बढ़ाता है। परसाई ने इस आम आदमी को केवल पीड़ित पात्र बनाकर प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि उसकी मानसिकता और सामाजिक परिस्थितियों को भी समझने का प्रयास किया। उनके व्यंग्य का निशाना केवल नेता या अधिकारी नहीं होते, बल्कि समाज के वे लोग भी होते हैं जो व्यवस्था की बुराइयों से परेशान होने के बावजूद किसी न किसी रूप में उनका समर्थन करते रहते हैं।

परसाई की भाषा उनकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक थी। उन्होंने साहित्यिक आडंबर से दूर रहते हुए बोलचाल की भाषा को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। उनकी भाषा सहज, जीवंत और संवादधर्मी है। ऐसा लगता है जैसे लेखक पाठक के सामने बैठकर उससे बातचीत कर रहा हो। यही सहजता उनके व्यंग्य को व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाती है। कठिन सामाजिक और राजनीतिक प्रश्नों को वे ऐसी भाषा में रखते हैं कि पाठक पहले हंसता है और फिर सोचने के लिए मजबूर हो जाता है।

उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में 'भोलाराम का जीव', 'प्रेमचंद के फटे जूते', 'सदाचार का ताबीज', 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र', 'वैष्णव की फिसलन', 'विकलांग श्रद्धा का दौर', 'निठल्ले की डायरी', 'तिरछी रेखाएँ', 'रानी नागफनी की कहानी' और 'तट की खोज' जैसी रचनाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उनके साहित्य में कहानी, उपन्यास, निबंध और व्यंग्य जैसी विभिन्न विधाओं का प्रयोग मिलता है, लेकिन उनकी पहचान मुख्य रूप से एक सशक्त व्यंग्यकार के रूप में स्थापित हुई।

'भोलाराम का जीव' जैसी रचना में प्रशासनिक व्यवस्था की संवेदनहीनता पर व्यंग्य दिखाई देता है। एक साधारण आदमी की मृत्यु के बाद भी उसकी समस्याओं का समाधान नहीं होता। यह स्थिति केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं रह जाती, बल्कि उस व्यवस्था का प्रतीक बन जाती है जिसमें कागज और नियम इंसान से अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। परसाई की विशेषता यह है कि वे इस गंभीर विषय को उपदेशात्मक शैली में नहीं रखते। वे ऐसी परिस्थिति निर्मित करते हैं जिसमें हास्य पैदा होता है, लेकिन उस हास्य के भीतर व्यवस्था की क्रूरता साफ दिखाई देती है।

'प्रेमचंद के फटे जूते' में परसाई साहित्यकार और समाज के संबंधों पर विचार करते हैं। प्रेमचंद के फटे जूतों को वे केवल आर्थिक अभाव का प्रतीक नहीं बनाते, बल्कि लेखक की ईमानदारी और सामाजिक सरोकारों के संदर्भ में देखते हैं। यहां व्यंग्य साहित्यिक दुनिया की उन प्रवृत्तियों पर भी चोट करता है जहां लेखक की वास्तविक प्रतिबद्धता से अधिक उसके बाहरी सम्मान और प्रतिष्ठा को महत्व मिलने लगता है। इस रचना की लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि परसाई साहित्य को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से जोड़कर देखने वाले लेखक थे।

'सदाचार का ताबीज' में नैतिकता और सामाजिक व्यवहार के बीच मौजूद विरोधाभास सामने आता है। परसाई यह सवाल उठाते हैं कि क्या केवल नैतिकता की बातें करने से समाज नैतिक बन जाता है। उनका व्यंग्य उन लोगों पर है जो सार्वजनिक जीवन में आदर्शों की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन निजी जीवन में उन्हीं आदर्शों का पालन नहीं करते। उनके यहां नैतिकता कोई भाषण का विषय नहीं, बल्कि व्यवहार की कसौटी है।

'विकलांग श्रद्धा का दौर' उनकी महत्वपूर्ण कृतियों में शामिल है। इसी व्यंग्य कृति के लिए उन्हें 1982 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। साहित्य अकादमी की आधिकारिक पुरस्कार सूची में 1982 के पुरस्कार के अंतर्गत 'विकलांग श्रद्धा का दौर' और हरिशंकर परसाई का नाम दर्ज है। यह सम्मान हिंदी व्यंग्य को साहित्य की गंभीर विधा के रूप में स्वीकार किए जाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण घटना माना जा सकता है। परसाई ने श्रद्धा का विरोध नहीं किया, बल्कि अंधश्रद्धा और विवेकहीन आस्था पर प्रश्न उठाया। उनका उद्देश्य मनुष्य को किसी विश्वास से वंचित करना नहीं था, बल्कि उसे विवेक के साथ विश्वास करने की प्रेरणा देना था।

परसाई की रचनाओं में राजनीति भी लगातार उपस्थित रहती है। वे सत्ता में बैठे लोगों के साथ साथ उन नागरिकों को भी कठघरे में खड़ा करते हैं जो सत्ता की गलतियों को देखकर भी चुप रहते हैं। उनके लिए लोकतंत्र केवल चुनाव और सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं था। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ नागरिक की जागरूकता, सवाल पूछने की क्षमता और सत्ता को जवाबदेह बनाए रखने की इच्छा से था। यही कारण है कि 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' जैसी रचना आज भी पाठकों को अपने समय की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के बारे में सोचने को प्रेरित करती है।

उनका व्यंग्य किसी व्यक्ति विशेष की आलोचना तक सीमित नहीं रहता। वे प्रवृत्तियों पर प्रहार करते हैं। भ्रष्टाचार, अवसरवाद, धार्मिक पाखंड, राजनीतिक स्वार्थ, सामाजिक असमानता और दिखावटी नैतिकता जैसी प्रवृत्तियां उनके साहित्य में बार-बार सामने आती हैं। वे व्यक्ति को व्यवस्था से अलग करके नहीं देखते। उन्हें पता था कि खराब व्यवस्था केवल नेताओं या अधिकारियों से नहीं बनती, बल्कि समाज की सामूहिक मानसिकता भी उसे मजबूत करती है।

परसाई की एक और विशेषता उनकी मानवीय दृष्टि है। उनके व्यंग्य में कठोरता जरूर है, लेकिन मनुष्य के प्रति घृणा नहीं है। वे कमजोर व्यक्ति की मजबूरी को समझते हैं और उसकी पीड़ा के साथ खड़े दिखाई देते हैं। उनका आक्रोश शोषण और पाखंड के विरुद्ध है। इसलिए उनके व्यंग्य में करुणा की एक अंतर्धारा दिखाई देती है। यही करुणा उन्हें केवल हास्य लेखक बनने से बचाती है।

आज का समय तकनीकी रूप से परसाई के समय से बहुत अलग है। संचार के साधन बदल गए हैं, राजनीति की भाषा बदल गई है और समाज के सामने नई चुनौतियां आ गई हैं। इसके बावजूद परसाई की रचनाएं पढ़ते हुए लगता है कि उन्होंने हमारे वर्तमान की अनेक स्थितियों को पहले ही पहचान लिया था। अंधविश्वास का विस्तार, सार्वजनिक जीवन में नैतिकता का संकट, राजनीतिक अवसरवाद, भ्रष्टाचार, दिखावटी राष्ट्रवाद, सामाजिक असमानता और संस्थागत संवेदनहीनता जैसी समस्याएं आज भी हमारे सामने हैं। इसलिए परसाई को केवल अतीत का व्यंग्यकार मानना उनके साहित्य के साथ न्याय नहीं होगा।

हरिशंकर परसाई का निधन 10 अगस्त 1995 को हुआ। वे अपने पीछे ऐसी साहित्यिक विरासत छोड़ गए जिसमें हंसी के साथ विचार, व्यंग्य के साथ संवेदना और आलोचना के साथ सामाजिक जिम्मेदारी जुड़ी हुई है। उन्होंने हिंदी व्यंग्य को एक ऐसी गंभीर अभिव्यक्ति दी जिसमें समाज का आत्म निरीक्षण संभव हुआ। उन्होंने पाठक को केवल हंसाया नहीं, बल्कि उसे अपने आसपास की दुनिया को नए ढंग से देखने की दृष्टि भी दी।

परसाई की सबसे बड़ी प्रासंगिकता शायद यही है कि वे पाठक को असहज प्रश्नों से बचने नहीं देते। वे बताते हैं कि जिस समाज में हम रहते हैं, उसकी कमियों के लिए केवल दूसरे जिम्मेदार नहीं हैं। हमें अपने भीतर भी झांकना होगा। उनकी रचनाओं का व्यंग्य दरअसल एक जागरूक नागरिक की आवाज है। वह आवाज जो सत्ता से सवाल करती है, समाज के पाखंड को पहचानती है और मनुष्य को विवेक के साथ जीने की प्रेरणा देती है।

आज जब सूचना की अधिकता के बावजूद विचारों की गंभीरता कई बार कम होती दिखाई देती है, तब परसाई को पढ़ना और भी जरूरी हो जाता है। उनकी भाषा हमें सरलता का महत्व समझाती है, उनकी दृष्टि हमें प्रश्न पूछना सिखाती है और उनका व्यंग्य हमें यह एहसास कराता है कि हंसी भी सामाजिक परिवर्तन की एक गंभीर शक्ति हो सकती है। हरिशंकर परसाई इसलिए केवल हिंदी के महान व्यंग्यकार नहीं हैं, बल्कि वे उस साहित्यिक परंपरा के प्रतिनिधि हैं जो समाज को आईना दिखाने का साहस रखती है। उनका साहित्य हमें हंसाते हुए चेताता है, चुभते हुए जगाता है और अंततः बेहतर समाज की आवश्यकता का बोध कराता है।



महेन्द्र तिवारी

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज में।

कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के साथ सुविधा और तकनीक का संगम

महिला कांवड़ियों के लिए महिला डॉक्टरों वाली बाइक एंबुलेंस, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर-ई-रिक्शा की व्यवस्था

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए इस बार तकनीक के साथ जमीनी स्तर पर भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा वाले जिलों में प्रशासनिक अमला लगातार सक्रिय है। यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य, पेयजल, भोजन, शौचालय और आवागमन की व्यवस्थाओं के साथ सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



बागपत में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए तैयारी

बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि जिले में अब तक 25 हजार से अधिक श्रद्धालु कांवड़ यात्रा एप का इस्तेमाल कर चुके हैं। एप से कांवड़ियों को यात्रा मार्ग और रास्ते में उपलब्ध जरूरी सुविधाओं की जानकारी मिल रही है। इससे श्रद्धालुओं को सुविधा तलाशने के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है।

प्रशासन के अनुसार, बागपत में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए भोजन और स्वास्थ्य समेत व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की संख्या और यात्रा के दबाव के अनुरूप व्यवस्थाएं तैयार की गई हैं।

महिला कांवड़ियों के लिए बाइक एंबुलेंस

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए बागपत में महिला कांवड़ियों के लिए महिला डॉक्टरों से लैस विशेष बाइक एंबुलेंस तैनात की गई हैं। जरूरत पड़ने पर ये एंबुलेंस कांवड़ मार्ग पर तेजी से पहुंचकर महिला श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा सकेंगी।

प्रशासन ने बताया कि जिले के 20 निजी अस्पतालों में यात्रियों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा कांवड़ मार्ग पर 35 स्वास्थ्य कैंप तैयार किए गए हैं। इससे किसी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर-ई-रिक्शा

कांवड़ यात्रा में शामिल बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इनके लिए बड़े पैमाने पर व्हीलचेयर और ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य ऐसे श्रद्धालुओं को सहूलियत देना है, जिन्हें लंबी दूरी पैदल तय करने में परेशानी हो सकती है।

पूरे प्रदेश में यात्रा मार्गों पर भोजन, पेयजल, शौचालय और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने पर भी जोर दिया गया है।

गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय रखा गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक देर रात तक कांवड़ मार्गों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। भोजन व्यवस्था और विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध सुविधाओं की पड़ताल के साथ कंट्रोल रूम से भी यात्रा मार्गों की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी समस्या की सूचना मिलते ही संबंधित टीम को मौके पर भेजकर समाधान कराने की व्यवस्था की गई है।

कांवड़ मार्ग पर दीवारों पर दिख रहा शिवमय रंग

गाजियाबाद में कांवड़ मार्ग को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के साथ ही शिवमय स्वरूप भी दिया गया है। मार्ग की दीवारों पर भगवान शिव और कांवड़ यात्रा से जुड़ी कलाकृतियां बनाई गई हैं। इससे कांवड़ मार्ग पर कला और आस्था का अनूठा संगम दिखाई दे रहा है।

शिवभक्तों के स्वागत के लिए तैयार इन मार्गों पर जगह-जगह धार्मिक रंग नजर आ रहा है।

सुरक्षा, सुविधा और तकनीक पर एक साथ जोर

इस बार कांवड़ यात्रा में प्रशासन ने सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं और तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया है। कांवड़ यात्रा एप श्रद्धालुओं और प्रशासन के बीच सीधे संपर्क का माध्यम बन रहा है। मोबाइल पर यात्रा से जुड़ी जानकारी उपलब्ध होने के साथ ही कंट्रोल रूम और फील्ड में तैनात अधिकारी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

10 अगस्त तक छात्रवृत्ति पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा अपलोड करें विद्यालय

निष्क्रिय और डुप्लीकेट विद्यालयों का सत्यापन कर हटाने की कार्रवाई, लापरवाही पर प्रधानाचार्य-प्रधानाध्यापक की तय होगी जवाबदेही

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 09 अगस्त। जिला विद्यालय निरीक्षक गौतमबुद्धनगर ने जनपद के सभी संबंधित विद्यालयों को छात्रवृत्ति योजनाओं से जुड़े विद्यार्थियों का आवश्यक डाटा निर्धारित समयसीमा में छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड एवं सबमिट करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों को 10 अगस्त 2026 तक आवश्यक कार्रवाई पूरी करने को कहा गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा पूर्वदशम कक्षा 9-10 और दशमोत्तर कक्षा 11-12 छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत संचालित विद्यालयों के मास्टर डाटा का परीक्षण किया गया। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर कई ऐसे विद्यालय प्रदर्शित हो रहे हैं, जो वर्तमान में निष्क्रिय या बंद हो चुके हैं। इसके अलावा कुछ विद्यालयों के एक से अधिक डुप्लीकेट लॉगिन भी बने हुए हैं।

पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत जिले के 175 विद्यालय और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 133 विद्यालय मास्टर डाटा में प्रदर्शित हो रहे हैं। इनमें से लगभग 60 और 55 विद्यालय ही वर्तमान में सक्रिय पाए गए हैं। शेष विद्यालयों के निष्क्रिय अथवा डुप्लीकेट होने की स्थिति में सत्यापन कर उन्हें मास्टर डाटा से हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

पात्र विद्यार्थियों का डाटा नहीं किया गया सबमिट

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ विद्यालयों ने छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए पात्र छात्र-छात्राओं का आवश्यक डाटा अभी तक पोर्टल पर सबमिट नहीं किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि निर्धारित समय पर डाटा उपलब्ध नहीं होने से पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलने में देरी हो सकती है और जिले की योजनागत प्रगति भी प्रभावित होती है। विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि संलग्न सूची के अनुसार छात्रवृत्ति संबंधी डाटा का तत्काल सत्यापन कर 10 अगस्त को जिला समाज कल्याण कार्यालय में निष्क्रिय एवं डुप्लीकेट छात्रवृत्ति डाटा पोर्टल पर सबमिट करना सुनिश्चित करें।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई

जिन विद्यालयों द्वारा निर्धारित समयसीमा के बावजूद छात्रवृत्ति संबंधी डाटा पोर्टल पर सबमिट नहीं किया गया, उनके प्रधानाचार्य अथवा प्रधानाध्यापक की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी विद्यालय की लापरवाही के कारण पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 अगस्त तक करा सकते हैं फसल का बीमा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर 09 अगस्त, 2026: उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर ने जनपद के समस्त कृषकों को बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल क्षतिपूर्ति का लाभ प्राप्ति हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल (NICP) पर बीमा किया जाना प्रारम्भ कर दिया गया है एवं शासन द्वारा वर्ष 2026-27 के खरीफ व रबी मौसम में प्रधांनमत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की कार्ययोजना को जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि योजना को जनपद में संचालित करने हेतु एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लि० को नामित किया गया है। खरीफ की फसल में धान एवं बाजरा तथा रबी की फसल में गेहूं की फसल को इस योजना के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया है।

जनपद के समस्त किसान क्रेडिट कार्ड धारकों अपने सम्बन्धित बैंक शाखा में संपर्क कर 31 अगस्त, 2026 तक प्रीमियम की धनराशि कटवा कर बैंक से रसीद अवश्य प्राप्त कर ले, जिससे ऋणी कृषकों का फसल बीमा किया जा सके। बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31.08.2026 हैं ऐसे कृषक जो के०सी०सी० धारक नही है, यदि वे फसल बीमा योजना से जुड़ना चाहते है तो वे कृषक कामन सर्विस सेन्टर (सी. एस.सी.) के माध्यम से अपने फसल का बीमा 14.08.2026 तक करा सकते हैं। इस योजना का लाभ बटाईदार किसान भी उठा सकते है जो दूसरे के जमीन पर खेती करते है, उन्हे एक अतिरिक्त प्रमाण पत्र देना होता है, जिसमें उनके भू-स्वामी द्वारा यह प्रमाणित करना होता है कि इस जमीन का सम्पूर्ण लाभ भूस्वामी को न देकर बटाईदार को दिया जाये।

उन्होंने बताया कि फसल बीमा हेतु जनपद धान की फसल में कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत (धनराशि रू0 1682.00 प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम लिया जायेगा। बाजरा में कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत (धनराशि रू0 672.00 प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम लिया जायेगा तथा गेहुँ की फसल में कृषक अंश के रूप में 1.5 प्रतिशत (धनराशि रू0 1297.50 प्रति हैक्टेयर) प्रीमियम लिया जायेगा। मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार इस वर्ष एल-नीनो (EL-NINO) के प्रभाव के कारण वर्षा असामान्यता कि सम्भावना है, जिससे इसका सीधा प्रभाव फसलो की पैदावार पर पड सकता है ऐसे में किसान भाईको से अपील है कि अपने फसल का बीमा अवश्य कराये, जिससे प्राकृतिक आपदा के कारण फसलो की क्षति होने की दशा में योजना के अन्तर्गत पात्र किसान भाई फसल की क्षतिपूर्ति लाभ प्राप्त करे। उन्होंने गैर ऋणी कृषको को बताया कि फसल बीमा कराने हेतु कृषकों आधार कार्ड, बचत बैंक खाता का पासबुक नवीनीकरण, जमीन की खतौनी (इन्तखाब), कृषक का मोबाइल नं०, बोवाई प्रमाण पत्र (स्वलिखित) दस्तावेज आदि उपलब्ध कराने होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये कृषक फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नं0 14447 अथवा प्रबन्धक ए०आई०सी० देवराज सिंह मो0नं0- 7906769211 पर कॉल कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों और बारों का किया औचक निरीक्षण

गोपनीय खरीद के जरिए परखी गई बिक्री व्यवस्था, सीसीटीवी और पीओएस मशीन से शत-प्रतिशत बिक्री के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 09 अगस्त। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश और जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जिला आबकारी विभाग ने प्रवर्तन अभियान के तहत जिले में संचालित शराब की दुकानों और बारों का औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई 8 अगस्त को आबकारी निरीक्षकों ने संबंधित थानों की पुलिस के सहयोग से की।

अभियान के दौरान देशी शराब, मिश्रित मदिरा दुकान, मॉडल शॉप, प्रीमियम फुटकर दुकान और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को काउंटर के पास



विभिन्न ब्रांड की शराब को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

कैंटीनों की भी गहन जांच

निरीक्षण के दौरान दुकानों से जुड़ी कैंटीनों की भी गहनता से जांच की गई। अधिकारियों ने मदिरा की बिक्री व्यवस्था परखने के लिए दुकानों पर गोपनीय खरीद भी कराई। इससे बिक्री में किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना की जांच की गई।

विभागीय अधिकारियों ने सभी मदिरा दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग वास्तविक समय में संचालित रखने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रत्येक बिक्री को पीओएस मशीन के माध्यम से दर्ज करने और शत-प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन से करने के लिए अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को निर्देशित किया गया। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि मदिरा की बिक्री और दुकानों के संचालन में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा प्रवर्तन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

इंडिया बायोएनर्जी एक्सपो में गांवों में रोजगार और आर्थिक अवसरों पर रहेगा फोकस

बायोएनर्जी और सर्कुलर इकोनॉमी से ग्रामीण युवाओं, किसानों, महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों के लिए खुलेंगे नए अवसर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 09 अगस्त। उत्तर प्रदेश की कृषि और पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को जैव ऊर्जा क्षेत्र से जोड़कर गांवों में रोजगार और आय के नए अवसर पैदा करने की संभावनाओं पर इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्सपो-2026 में विशेष चर्चा होगी। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में जैव ऊर्जा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्यम स्थापित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

यह प्रदर्शनी 11 से 13 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होगी। ह्याकम कार्बन वाली दुनिया के लिए जैव ऊर्जा समाधान को आगे बढ़ानाह्व विषय पर होने वाली प्रदर्शनी में नीति-निमार्ता, उद्योग जगत, निवेशक, तकनीकी कंपनियां और शोधकर्ता देश में जैव ऊर्जा की संभावनाओं पर विचार करेंगे।



गोबर और कृषि अवशेष से रोजगार के अवसर

प्रदर्शनी में गांव और समूह स्तर पर रोजगार सृजन को लेकर विशेष चर्चा होगी। केंद्र सरकार की गोबरधन पहल के तहत पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और अन्य जैविक कचरे से बायोगैस, संपीड़ित जैव गैस और जैविक खाद तैयार करने की संभावनाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।

आईएफजीई के महानिदेशक संजय गंजू ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास अपनी कृषि और पशुधन क्षमता को उभरती जैव ऊर्जा अर्थव्यवस्था से जोड़ने का बड़ा अवसर है। कचरे के संग्रह और परिवहन से लेकर संयंत्र संचालन, जैविक खाद के प्रसंस्करण और विपणन तक पूरी प्रक्रिया ग्रामीण युवाओं, महिलाओं, किसानों और स्थानीय उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है।

गांव में ही आय और रोजगार का नया चक्र

प्रदर्शनी में बताया जाएगा कि गांव और समूह स्तर की जैव ऊर्जा परियोजनाएं किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साथ स्थानीय रोजगार भी पैदा कर सकती हैं। ग्रामीण युवा संयंत्र संचालक, तकनीशियन और सेवा प्रदाता के रूप में काम कर सकते हैं। वहीं स्वयं सहायता समूह और स्थानीय उद्यमी कचरा संग्रह, प्रसंस्करण, पैकेजिंग तथा विपणन से जुड़ सकते हैं।

इस व्यवस्था के माध्यम से किसानों और पशुपालकों से निकलने वाले जैविक कचरे को ऊर्जा, जैविक खाद और स्थानीय बाजारों से जोड़कर गांव में ही आय और रोजगार का नया चक्र विकसित किया जा सकता है।

आर्थिक सहायता और तकनीक पर भी होगा विचार

प्रदर्शनी में ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहायता, आधुनिक तकनीक और नीतिगत व्यवस्था पर भी चर्चा होगी। आयोजकों के अनुसार, इससे किसानों की आय बढ़ाने और गांवों में रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ उत्तर प्रदेश को ग्रामीण जैव ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में नई संभावनाएं खुल सकती हैं।

नोएडा शहीद स्मारक संस्था की वार्षिक आम सभा में प्रबंध समिति का चुनाव

लेफ्टिनेंट जनरल बख्शी सर्वसम्मति से फिर बने अध्यक्ष, वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 के बजट को भी मिली मंजूरी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा शहीद स्मारक संस्था की वार्षिक आम सभा के साथ प्रबंध समिति के चुनाव आयोजित किए गए। बैठक में एक बार फिर लेफ्टिनेंट जनरल बख्शी को संस्था का अध्यक्ष निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया।

प्रबंध समिति में लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. चड्ढा को कार्यकारी निदेशक, ब्रिगेडियर ए. बाली को समन्वयक और कर्नल एस. वैद को महासचिव चुना गया। इसके अलावा कमांडर एन. महाजन, कर्नल ओ.पी. मेहता, कर्नल एस. खारबंदा, कर्नल के.एस. खरब, कर्नल जी.एस. साल्कलान, कर्नल जे.एस. यादव, कर्नल वी.एन. जगोटा, कर्नल महेंद्र और कर्नल जगमोहन को प्रबंध समिति के सदस्य चुना गया।

निवर्तमान समिति के योगदान की सराहना

सभा के दौरान अध्यक्ष ने निवर्तमान



प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा संस्था के प्रति की गई निस्वार्थ सेवा, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने संस्था के विकास में सदस्यों के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय-व्यय विवरणी को सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 के बजट प्रस्तावों को भी सदस्यों ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान की।

रजत जयंती समारोह की तैयारी

लेफ्टिनेंट जनरल बख्शी ने सभा को संस्था के रजत जयंती समारोह के आयोजन की योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी।

दिवंगत सदस्यों को दी श्रद्धांजलि

सभा की शुरूआत में संस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले दिवंगत सदस्यों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल गोरख नाथ को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे संस्था के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे और 19 वर्षों से अधिक समय तक संस्था के कार्यकारी निदेशक रहे। सदस्यों ने उनके समर्पित योगदान और सेवाओं को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया।

वार्षिक आम सभा का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ। सदस्यों ने नोएडा शहीद स्मारक संस्था के आदर्शों और उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संस्था को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बंद मकानों और निमार्णाधीन इमारतों को बनाते थे निशाना, दो गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 09 अगस्त। थाना बीटा-2 पुलिस ने घरों और निमार्णाधीन इमारतों में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए 37 पाइप, घटना में प्रयुक्त सीएनजी ऑटो रिक्शा और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरि शंकर पुत्र राम प्रकाश निवासी हमीरपुर, हाल निवासी थाना बीटा-2 क्षेत्र और शेरू पुत्र बाबू निवासी शास्त्री पार्क, दिल्ली के रूप में हुई है। दोनों को सेक्टर सिग्मा-1 के सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

ऑटो से करते थे रेकी

पुलिस के मुताबिक आरोपी हरि शंकर सीएनजी ऑटो से दिन-रात सेक्टरों में सवारियां लाने-ले जाने के बहाने ऐसे मकानों और निमार्णाधीन इमारतों की रेकी करता था, जहां कोई देखरेख करने वाला नहीं होता था। इसके बाद दोनों मिलकर वहां से लोहे, स्टील और पीतल आदि सामान चोरी करते थे। चोरी का सामान ऑटो में रखकर बेच दिया जाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी पकड़े जाने के डर से अपने पास अवैध चाकू भी रखते थे।

नोएडा लोक मंच और फेलिक्स हॉस्पिटल के सहयोग से मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

करीब 250 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ, 100 लोगों के बनाए गए 30 रुपये वाले ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श कार्ड

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा लोक मंच एवं फेलिक्स हॉस्पिटल के सहयोग से सेक्टर-12 स्थित नोएडा लोक मंच दवा बैंक एवं स्वास्थ्य केंद्र, ओ-ब्लॉक, पुराने बारात घर में मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में करीब 250 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में रक्त नमूना संग्रह, फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच, हड्डियों की घनत्व जांच, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों की जांच के साथ हड्डी रोग, कान-नाक-गला, सामान्य चिकित्सा और आंखों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

30 रुपये में मिलेगा ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श

शिविर के दौरान करीब 100 लोगों के ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श कार्ड बनाए गए। इन कार्ड के माध्यम से मात्र 30 रुपये में ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। फेलिक्स हॉस्पिटल की ओर से शुरू की गई इस सुविधा को आम नागरिकों के लिए उपयोगी पहल बताया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सेवानिवृत्त आईएएस एवं राज्यसभा के पूर्व महासचिव तथा नोएडा लोक मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेंद्र नारायण के मार्गदर्शन में हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर ने जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में फेलिक्स समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. डी.के. गुप्ता, नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्यकारी अधिकारी इंदु प्रकाश, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, डीडीआरडब्ल्यूए अध्यक्ष एन.पी. सिंह और फर्स्ट रिहैब सेंटर के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चन्दौसी नगर में संगीत के फनकारों ने दिखाया आवाज का जादू

समाज जागरण

चन्दौसी। भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में देशभक्ति सुर संगम का आयोजन विनायक मार्ग स्थित भोलेनाथ वाटिका में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईटी आई प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह पाल ,कवि माधव मिश्रा,सतीश चंद्र गुप्ता,रेनु कुमारी,दिनेश चंद्र वार्ष्णेय आदि ने फीता काटकर किया।समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने बताया देशभक्ति सुर संगम कार्यक्रम दो चक्र में सम्पन्न हुआ । पहले चक्र में आजादी के वीरों का वन्दन रहा जिसमे कलाकरो ने आजादी के नायकों को समर्पित गीत सुनाकर श्रोताओं को देशभक्ति के रस में वशीभूत किया।शुरूआत वसुंधरा ने राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम से की फिर प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार ने गाया 'आपस मे प्रेम करो देश प्रेमियों'। अजीत कुमार पप्पी ने 'होठों पर सच्चाई रहती है'। धीरज भारती ने 'जब जीरो दिया मेरे भारत ने,भारत ने मेरे भारत ने'। प्रज्ञा वार्ष्णेय ने 'जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा'। आसीम खान ने 'ऐसा देश है मेरा ,देश है मेरा'। बिसौली के गगन गुप्ता ने 'ये देश है



वीर जवानों का'। गोपाल शर्मा साईं ने 'वतन पे जो फिदा होगा' ।गुलशन वार्ष्णेय ने गाया 'चिठ्ठी आई है बड़े दिनों के बाद'।

दूसरे चक्र में आया सावन झूम के जिसमे उपरोक्त गायक कलाकारों द्वारा सावन को समर्पित कजरी, मल्हार, झूला के गानों ने श्रोताओं को झूमने को मजबूर किया।

जिसमे सावन का महीना पवन करे शोर, रिमझिम गिरे सावन सुलग सुलग जाए मन, आया सावन झूम के,हाए हाए ये मजबूरी, लगी आग सावन की,झिलमिल सितारों का आंगन होगा रिमझिम बरसता सावन होगा, मेरे नैना सावन भादों फिर भी मेरा मन प्यासा, दिल मे आग लगाये सावन का महीना,नैनो में बदरा छाए आदि।कुछ गाने युगल कलाकरों द्वारा भी प्रस्तुत किये गए।संचालन शैलेन्द्र कुमार वार्ष्णेय ने किया।

कार्यक्रम में संयोजक सुशील कुमार भोलेनाथ, डॉ.टी.एस.पाल,राजेश पाल,ओमप्रकाश गुप्ता,मुकेश कुमार वार्ष्णेय, हरीश कठेरिया,सुखपाल गौर, डॉ जय शंकर दुबे,विपिन वार्ष्णेय, शांति राणा,मुनेश धनगर, दिनेश चंद्र गुप्ता,हरीओम शर्मा,एस एन शर्मा,बीना वार्ष्णेय,सुधा शर्मा, कुमकुम वार्ष्णेय,महेश कठेरिया, चारुल वार्ष्णेय,दिनेश पाल सिंह,ल्ल आशा बिसरिया,वीरपाल सिंह, आकाश शर्मा राजकुमार गोयल,श्याम सुंदर दुबे,भावना वार्ष्णेय,तुषार वार्ष्णेय, राजवीर सिंह,राजेश कुमार, रजनीश कुमार आदि।

समिति ने भारत छोड़ो आंदोलन एवं काकोरी काण्ड दिवस का 101 वाँ दिवस मनाया

समाज जागरण

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णा नगर गली नं दो में आवास पर "भारत छोड़ो आंदोलन"(अगस्त क्रांति दिवस) एवं काकोरी काण्ड दिवस का 101 बाँ बर्ष धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि /मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि हम देशवासी आज आजाद फिजा में सांस ले रहे हैं, स्वतंत्र रूप से अपना जीवन जी रहे हैं। इस आजादी के लिए हमारे देश के वीर सपूतों ने अपने लहू से सींचा है। एक लंबे समय तक देश अंग्रेजों के अधीन रहा कई आंदोलन हुए हैं जिसमें सबसे बड़ा आंदोलन था "भारत छोड़ो आंदोलन"। भारत की आजादी के इतिहास में 9अगस्त 1942को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई इसकी चिंगारी पूरे देश में फैल गई। यह आंदोलन "अगस्त क्रांति दिवस"के नाम से भी जाना



जाता है। इस आंदोलन से अंग्रेज घुटने टेकने को मजबूर हो गए। महात्मा गांधी जी ने "करो या मरो"के साथ "भारत छोड़ो आंदोलन"का बिगुल फूंका था। लोग घरों से निकल पड़े। 11अगस्त 1942को सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान फिरंगियों की हुकूमत की गोली से सात छात्र शहीद हो गए। अंग्रेज सरकार ने बंदूक और लाठी से इस आंदोलन को दबाना चाह तो आंदोलन का रुख हिंसात्मक हो गया। रेल की पटरियां उखाड़ी गई। कुछ जगह सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी गई। भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस आंदोलन में आंकड़ों के अनुसार सोलह हजार से अधिक लोगों की जान गई और 1945तक बहुत से नेता जेल में बंद रहे। इसके बाद इंडियन डिपेंडेंस एक्ट बना और भारत को पंद्रह अगस्त 1947को आजादी मिली । राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि काकोरी काण्ड का 101बाँ बर्ष है इसने ब्रिटिश शासन की नीब हिला दी । इस दौरान अध्यक्षता करते हुए विजय प्रकाश अग्रवाल (स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र),संचालक हेमन्त कुमार गुप्ता, ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान वेदराम मौर्य, ब्राह्मण महासभा चन्दौसी के संरक्षक शिवशंकर मिश्रा, गंगा देवी, नरेश शर्मा, संजीव मिश्रा, भास्कर मिश्रा, अंशुल मिश्रा, अविश कुमार आदि मौजूद रहे।

द्वितीय सोमवार की कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

राजघाट बबराला में डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां

समाज जागरण

सम्भल। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के अंतर्गत कल पड़ने वाले द्वितीय सोमवार को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रविवार को राजघाट बबराला का स्थलीय निरीक्षण कर



कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण एवं व्यवस्थित रखी जाएं। उन्होंने मजिस्ट्रेट ड्यूटी, घाट एवं उसके आसपास साफ-सफाई, सुरक्षा एवं सतर्कता को लेकर विशेष निर्देश दिए।

अधिकारियों ने घाट पर बैरीकेडिंग की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था तथा पीए सिस्टम को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर उपलब्ध कराई जा सकें और किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तरह सतर्क रहें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर, खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमलकांत, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जमीन देने के नाम पर 6.50 लाख की ठगी का आरोप, मुकदमा दर्ज

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। जमीन देने का झांसा देकर 6.50 लाख रुपये लेने और रकम वापस न करने का आरोप लगाते हुए ग्राम माननगर निवासी प्रेम सिंह ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चतरपुर निवासी मुकेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार कुछ वर्ष पूर्व आरोपी ने जमीन देने की बात कहकर उससे 6.50 लाख रुपये लिए थे। इस संबंध में स्टांप भी कराया गया था। आरोप है



कि रकम लेने के बाद आरोपी ने न तो जमीन दी और न ही पूरी रकम वापस की। पीड़ित का कहना है कि कई बार घर के चक्कर लगाने के बाद आरोपी ने किस्तों में केवल 70 हजार रुपये लौटाए, जबकि 5.80 लाख रुपये अभी बाकी हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने रकम कर्ज लेकर, रिश्तेदारों व परिवार से उधार लेकर तथा घर के जेवर बेचकर आरोपी को दी थी। अब कर्ज देने वाले लोग रकम वापस मांग रहे हैं, जिससे वह परेशान है। पीड़ित ने पुलिस से शेष रकम दिलाने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि पीड़ित प्रेम सिंह की तहरीर के आधार पर मुकेश कुमार पुत्र मान सिंह निवासी चतरपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रावण माह में आगामी शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत राजघाट, बबराला का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

समाज जागरण

संभल।आगामी शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी सम्भल एवं पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा राजघाट, बबराला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिवरात्रि पर्व पर राजघाट से जल लेकर विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं/कांवड़ियों की संभावित भीड़ के दृष्टिगत सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा राजघाट पर श्रद्धालुओं के आवागमन, घाट की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई तथा भीड़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया।



पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि शिवरात्रि पर्व के दौरान राजघाट एवं आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा भीड़ के दृष्टिगत प्रमुख स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए। घाट एवं उसके आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग एवं पुलिस पिकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

यातायात व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों के आवागमन के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने हेतु पूर्व निर्धारित यातायात व्यवस्था एवं डायवर्जन प्लान का प्रभावी ढंग से अनुपालन कराया जाए। राजघाट के आसपास अनावश्यक रूप से वाहनों के खड़े होने पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए पार्किंग के लिए निर्धारित स्थानों का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिकारियों द्वारा घाट पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने, जल में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान यह निर्देशित किया गया कि शिवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन एवं पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

समाधान दिवस में तीन फरियादियों ने लगाई गुहार, एक शिकायत का मौके पर निस्तारण

प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने सुनीं समस्याएं, शेष शिकायतों के निस्तारण को राजस्व टीम को दिए निर्देश

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा तीन शिकायतें आयी एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर एसआई कमल सिंह के आलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,एसआई मनवीर सिंह,एसआई छविनाथ सिंह,एसआई जयवीर सिंह, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह चौहान सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार,कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार,लेखपाल गौरव चौहान,लेखपाल अनिरुद्ध चौहान,जितेन्द्र प्रताप सिंह,ऋषिपाल सिंह,नागेन्द्र सिंह,राकेश कुमार,संजीव कुमार,जितेन्द्र कुमार,लेखपाल चंचल रानी,लेखपाल हिमांशु, लेखपाल आश मोहम्मद, लेखपाल दीपेन्दर कुमार तथा लेखपाल राखी चौहान सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

सस्ते कपड़ों का लालच देकर महिला से 13 हजार रुपये की ठगी

गठरी में कपड़ों की जगह निकला सामान, दोनों युवक मौके से फरार; पुलिस जांच में जुटी।

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला गौहर अली खां में घर-घर कपड़े बेचने के बहाने पहुंचे दो युवकों पर महिला से 13 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगा है। महिला ने सस्ते दामों में कपड़े मिलने के लालच में दोनों युवकों से दो गठरियां खरीदीं। गठरी खोलने पर महिला को ठगी का पता चला तो उसके होश उड़ गए। पीड़िता ने मामले की जानकारी आसपास के लोगों को दी। नगर के मोहल्ला गौहर अली खां निवासी शीबा खान पत्नी स्वर्गीय फुरकान खान के अनुसार शुक्रवार को दो युवक घर-घर आवाज लगाकर सस्ते दामों पर कपड़े बेच रहे थे। आवाज सुनकर वह घर से बाहर आई। आरोप है कि दोनों युवकों ने आपस में बातचीत करते हुए उसे कपड़े सस्ते दामों में देने की बात कही। युवकों ने बताया कि एक गठरी की कीमत 6,500 रुपये है। दो गठरियों के लिए 13 हजार रुपये देने होंगे। महिला के अनुसार सस्ते दाम सुनकर उसने दोनों गठरियां खरीदने की सहमति दे दी और घर से 13 हजार रुपये लाकर युवकों को दे दिए। आरोप है कि एक युवक एक गठरी देकर दूसरी गठरी लाने की बात कहकर वहां से चला गया। इसी दौरान दूसरे युवक ने पड़ोस की एक महिला को सस्ते दाम में तेल का कंटेनर देने की बात कही और कुछ देर बाद वह भी वहां से चला गया। दोनों युवकों के जाने के बाद शीबा खान ने जब गठरी खोली तो उसमें अपेक्षित कपड़े नहीं मिले। इस पर महिला को अपने साथ ठगी होने का पता चला और उसने शोर मचा दिया। आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गुलदार को रेस्क्यू करते समय वन दरोगा पर हमला, पैर में लगी चोट

पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों ने ली राहत की सांस।

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ ग्राम पंचायत हरेवली में शुक्रवार रात ग्राम प्रधान मोहन सिंह के घर के समीप पिंजरे में कैद गुलदार को रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम पर गुलदार ने हमला कर दिया। रेस्क्यू के दौरान वन दरोगा सतवीर सिंह के पैर पर गुलदार ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल वन दरोगा को वनकर्मियों ने तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार रात करीब नौ बजे वन विभाग को सूचना मिली कि हरेवली में ग्राम प्रधान मोहन सिंह के घर के समीप लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया



है। सूचना मिलते ही वन दरोगा सतवीर सिंह वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान गुलदार ने अचानक वन दरोगा के पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। वन दरोगा के घायल होने पर मौके पर मौजूद वनकर्मियों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार पिछले काफी समय से ग्राम प्रधान के घर के आसपास दिखाई दे रहा था। गुलदार की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में भय बना हुआ था। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग की थी। शुक्रवार रात गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम गुलदार को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई में जुटी रही।

मेदपुर सुल्तान के जंगल में वन विभाग की बड़ी सफलता, छह वर्षीय नर गुलदार पिंजरे में कैद

गुलदार पकड़े जाने से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस, स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नगीना कृषि अनुसंधान केंद्र भेजा गया

समाज जागरण/ मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। क्षेत्र के ग्राम मेदपुर सुल्तान के जंगल में पिछले कई दिनों से ग्रामीणों के लिए भय का कारण बने गुलदार को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित पिंजरे में कैद करने में सफलता हासिल की है। गुलदार के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली।

ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की ओर से कुछ दिन पूर्व मेदपुर सुल्तान के जंगल में विशेष पिंजरा लगाया गया था। वन विभाग की टीम लगातार गुलदार की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। आखिरकार विभाग की रणनीति



सफल रही और गुलदार प्रलोभन के लिए लगाए गए पिंजरे में फंस गया।

छह वर्षीय नर गुलदार पकड़ा गया

वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार लगभग छह वर्षीय नर है। रेस्क्यू के बाद उसे सुरक्षित रूप से मेदपुर सुल्तान के जंगल से निकालकर कृषि अनुसंधान केंद्र, नगीना लाया गया है। यहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार गुलदार के संबंध में आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

वन विभाग की टीम ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

गुलदार को सुरक्षित पकड़ने के अभियान में वन विभाग की टीम ने मुस्तैदी और साहस का परिचय दिया। अभियान में वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा, वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार तथा वन दरोगा विशाल प्रताप और लाल सिंह सहित अन्य कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

ग्रामीणों में खुशी का माहौल

गुलदार के पिंजरे में कैद होने की खबर मिलते ही आसपास के गांवों में राहत का माहौल बन गया। पिछले कई दिनों से गुलदार की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में भय बना हुआ था। किसानों को खेतों में जाने और बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी डर लग रहा था।

ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम की कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार जताया। गुलदार के पकड़े जाने से क्षेत्र के लोगों को अब संभावित खतरे से राहत मिलने की उम्मीद है।

घास की गड्डी उठाते समय युवती को सांप ने डसा, अस्पताल में कराया भर्ती

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में खेत से घास की गड्डी उठाते समय एक युवती को सांप ने डस लिया। सांप के डसने से युवती की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। उपचार के बाद युवती को घर भेज दिया गया। चिकित्सक के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है। ग्राम शिवपुरी निवासी सपना अपनी माता ओमवती देवी के साथ खेत पर घास लेने गई थी। ओमवती देवी ने खेत में घास काटकर उसकी गड्डी बांध ली थी। इसके बाद सपना घास की गड्डी उठाने लगी। इसी दौरान अचानक गड्डी में छिपे सांप ने सपना को डस लिया। सांप के डसने के बाद युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घबराकर युवती को उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सक मोहित कुमार ने बताया कि युवती को आवश्यक उपचार दिया गया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया है। फिलहाल युवती खतरे से बाहर है।



किन्नर गुरु पिंकी जी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद, 5 अगस्त 2026 क्षेत्र की प्रसिद्ध किन्नर गुरु पिंकी जी का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नजीबाबाद समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। किन्नर समाज की परंपरा के अनुसार गुरु पिंकी जी के शिष्य अज्जू गुज्जर को नया गद्दीपति घोषित किया गया है।

सेवा भाव और खुशमिजाज व्यक्तित्व की मिसाल थीं गुरु पिंकी जी

गुरु पिंकी जी अपने सेवाभाव के लिए जानी जाती थीं। वह हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती थीं। उनका व्यवहार बेहद खुशमिजाज और चाल-चलन अनुकरणीय था। गरीबों की मदद करना, लोगों की समस्याओं में आगे बढ़कर सहयोग करना उनकी पहचान थी। इसी वजह से वह न केवल किन्नर समाज बल्कि पूरे क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय थीं।

हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

गुरु पिंकी जी के निधन से उनके चाहने वालों, अनुयायियों और समाजसेवा से जुड़े लोगों में गहरा दुख है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों, सामाजिक संगठनों और आम जनता ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर भी लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

शिष्य अज्जू गुज्जर संभालेंगे गद्दी

गुरु पिंकी जी के बाद उनकी गद्दी का दायित्व उनके शिष्य अज्जू गुज्जर को सौंपा गया है। किन्नर समाज की रीति-रिवाज के अनुसार अब अज्जू गुज्जर गद्दीपति के रूप में समाज का मार्गदर्शन करेंगे। समाज के वरिष्ठ लोगों ने अज्जू गुज्जर को आशीर्वाद देकर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

समाज के लोगों ने प्रार्थना की है कि ईश्वर दिवंगत गुरु पिंकी जी की आत्मा को शांति प्रदान करे और अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथाव्यास के मुख से उद्धव-गोपी संवाद प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

समाज जागरण

सम्भल/चन्दौसी। गीता सत्संग भवन, सीता रोड, चंदौसी, सम्भल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के सातवें दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथाव्यास श्री पं. प्रशान्त कुमार मिश्र जी ने महारास, भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा गमन, कंसवध, उद्धव-गोपी संवाद एवं रुक्मिणी विवाह की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

महारास प्रसंग की व्याख्या करते हुए व्यास जी ने कहा कि गोपियों ने अनंत जन्मों की तपस्या के बाद भगवान के प्रेम को प्राप्त किया था। भगवान ने पहले उन्हें विरह की अग्नि में तपाया और उनकी भक्ति की एकरूपता को सिद्ध किया। जब गोपियों के अंतःकरण में भगवान के अतिरिक्त किसी अन्य वस्तु के लिए स्थान नहीं रहा, तब परब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्ण ने उनके साथ महारास रचाया। उन्होंने कहा कि महारास लौकिक विषय नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के बीच निष्काम एवं अनन्य प्रेम का आध्यात्मिक स्वरूप है।

भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा गमन का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब अक्रूर जी भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम जी को लेकर मथुरा जाने लगे तो गोपियां विरह की पीड़ा से व्याकुल हो गईं। भगवान के रथ को रोकने के लिए गोपियां रथ के आगे तक लेट गईं। भगवान ने उन्हें शीघ्र लौटकर आने का आश्वासन दिया और मथुरा के लिए प्रस्थान किया। भगवान के वियोग में गोपियों का जीवन ही भक्ति और विरह की साधना बन गया।

कंसवध की कथा में व्यास जी ने कहा कि कंस के अत्याचार से मथुरा की प्रजा भयभीत थी। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर प्रजा को अत्याचारी शासन से मुक्त किया। कंसवध अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान ने अत्याचार का अंत कर मथुरा में धर्म और न्याय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

उद्धव-गोपी संवाद का प्रसंग सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सखा उद्धव को ज्ञान और योग का संदेश लेकर ब्रज भेजा था। उद्धव को अपने ज्ञान पर गर्व था, लेकिन जब उन्होंने गोपियों के श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम और विरह को देखा तो उनका ज्ञानाभिमान समाप्त हो गया। गोपियों की भक्ति देखकर उद्धव स्वयं उनके प्रेम के सामने नतमस्तक हो गए और ब्रज की रज को भी धन्य मानने लगे। उन्होंने कहा कि गोपियों ने सिद्ध कर दिया कि भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल मार्ग निष्काम एवं अनन्य प्रेम-भक्ति है।

रुक्मिणी विवाह की कथा में व्यास जी ने बताया कि विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से करने का निश्चय किया। रुक्मिणी जी के संदेश पर भगवान श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और उन्हें अपने साथ ले आए। भगवान ने रुक्मिणी के प्रेम की रक्षा करने के साथ-साथ जरासंध, शिशुपाल आदि राजाओं के अहंकार का भी मर्दन किया। इसके बाद विदर्भ नरेश भीष्मक की प्रसन्नता के साथ भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी जी का विधिवत विवाह संपन्न हुआ।

रुक्मिणी विवाह के प्रसंग पर कथा स्थल का वातावरण विवाहोत्सव में बदल गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी जी के विवाह के मंगलगीत गाए और भक्तिमय वातावरण में उत्सव मनाया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान की दिव्य लीलाओं का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

कांवड़ यात्रा को लेकर सीएचसी जसराना का निरीक्षण, दवाओं की उपलब्धता परखी।

सीएमओ ने एआरवी-एएसवी पर्याप्त मात्रा में रखने के दिए निर्देश, गांव-गांव कैंप लगाने पर जोर।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद । कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसराना का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आकस्मिक चिकित्सा से संबंधित दवाओं की उपलब्धता जांची और राज्य स्तर से जारी निदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएमओ ने सीएचसी में एआरवी और एएसवी की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रखने को कहा। उन्होंने एमओआईसी डॉ. विमल उपाध्याय को निर्देशित किया कि वह क्षेत्र में भ्रमण कर शत-प्रतिशत पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।



उन्होंने टीबी रोगियों की जांच और उपचार, खोजी अभियान चलाकर कुष्ठ रोगियों को चिन्हित करने तथा उनका उपचार कराने के निर्देश दिए। एमसीडी कार्यक्रम के तहत कैंसर स्क्रीनिंग के लिए विशेष अभियान चलाने और गांव-गांव स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करने को कहा। शिविरों में आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ टीबी जांच, कैंसर स्क्रीनिंग और कुष्ठ रोगियों की जांच करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने हाइपरटेंशन और शुगर की जांच को भी अनिवार्य रूप से कराने तथा ओपीडी में आने वाले प्रत्येक मरीज का ओरल चेकअप सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

संदीप तिवारी बने आगरा के ऑब्जर्वर, संगठन सृजन अभियान को गति देने की जिम्मेदारी।

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संदीप तिवारी को संगठन सृजन अभियान के तहत आगरा जनपद का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

संदीप तिवारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वह शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते



हैं। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत आगरा जिले में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में वह पूरी निष्ठा से योगदान देंगे।

दिव्यांगजन 15 अगस्त को निकालेंगे तिरंगा यात्रा, गांधी पार्क से होगा शुभारंभ।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति के कार्यालय पर रविवार को 15 अगस्त को होने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



की गई। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त की सुबह नौ बजे गांधी पार्क से दिव्यांगजनों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा गांधी पार्क से प्रारंभ होकर विवेकानंद चौराहा, सेंटर चौराहा, गंज बाजार, डाकखाना चौराहा, सर्कुलर रोड होते हुए चौकी गेट और झगड़ेश्वर बगीची पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा नगर बारी चौराहा पर संपन्न होगी।

बैठक में प्रदेश सचिव दिनेश चंद्र राठौर, प्रदेश महासचिव विनोद राठौर, नीरज शर्मा, प्रवीण सविता, मुन्ना, राहुल, पंकज, दर्पण, अनिल, महानगर महिला मोर्चा की अंजना व्यास, उपाध्यक्ष पूजा राठौर, सचिन, सपना शर्मा और नीरू सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों को तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

हर घर तिरंगा अभियान शुरू, घर-घर लहराएगा राष्ट्रध्वज।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिले में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान को लेकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों में खासा उत्साह है। लोग घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के साथ उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों ने बड़ी संख्या में तिरंगों का निर्माण किया है। इससे लोगों को आसानी से तिरंगा उपलब्ध हो रहा है और महिला समूहों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है।



विद्यालयों, सरकारी भवनों और निजी संस्थानों में तिरंगा फहराने के साथ स्वच्छता और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिक आधिकारिक पोर्टल और सोशल मीडिया पर तिरंगे के साथ अपनी तस्वीर और प्रोफाइल फोटो लगाकर अभियान में भाग ले रहे हैं।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जिलेवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। सभी लोग ध्वज संहिता का पालन करते हुए अपने घर, दुकान और कार्यस्थल पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराएं।

माथुर वैश्य महासभा ने किया वृक्षारोपण।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा द्वारा गांधी पार्क मैं रविवार की प्रातः वृक्षारोपण किया गया जिसमें फल फूल के वृक्ष थे

अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार मामा नेतृत्व मैं मंडलीय परिषद द्वारा रविवार की प्रातः गांधी पार्क मैदान में 25



पौधों का रोपण किया गया जिसमें फल फूल अशोक के पौधे थे मुकेश कुमार मामा ने कहा कि वृक्ष हमें फल फूल एवं छाया ही नहीं अपितु मनुष्य को जीवन भी प्रदान करते हैं वह कार्बन डाइऑक्साइड को अपने अंदर प्रवेश कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं जो मनुष्य के जीवन के लिए बहुत ही कारगर होती है जिससे मनुष्य को सांस लेने में कोई परेशानी नहीं होती इसीलिए हर व्यक्तिको अपने परिवार के व्यक्ति के नाम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार मामा महामंत्री शंकर गुप्ता देवेंद्र बादलस डॉक्टर ध्रुव कुमार आचार्य राकेश मेरोठिया मनीष अलंकार मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार गुप्ता सुनील सेठ संजय सूर्या रीता मनीष अलंकार बबीतागुप्ता अनिल कुमार सुधीर कुमार गोलस यतेंद्र गुप्ता पंकज गुप्ता के अलावा समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार, चोरी का फोन बरामद

समाज जागरण

टूंडला। रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले एक आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का एक मोबाइल बरामद हुआ है।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र के नेतृत्व में शनिवार को स्टेशन पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक प्लेटफार्म नंबर तीन पर पानी की स्टॉल के पास सीमेंट की बेंच पर बैठा है और मोबाइल चोरी की फिराक में है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

आरोपी ने अपना नाम राहुल जैन (30) पुत्र विवेक जैन निवासी भीलों की गली, टिलस्वान महादेव,



थाना विजौलिया, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान बताया। तलाशी में उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी जीआरपी इंदौर में चोरी का मुकदमा दर्ज है। कार्रवाई करने वाली टीम में जीआरपी और आरपीएफ सीआईबी के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

कांवड़ मार्ग पर एसएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, दिए जरूरी निर्देश

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को एसएसपी आदित्य लांग्हे ने रजावली, पचोखरा और टूंडला थाना क्षेत्र में एटा-टूंडला कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और कांवड़ियों के सुगम आवागमन के लिए किए गए इंतजाम देखे। उन्होंने ड्यूटी पर



तैनात पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के साथ कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न होने दी जाए। फिरोजाबाद पुलिस कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

ताइक्वांडो एकेडमी में हुआ एडवांस फाइटिंग कैंप का आयोजन

समाज जागरण

चन्दौसी। रविवार को नगर की संस्कार वैली स्थित चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में एडवांस निशुल्क (क्यूरिगी) फाइटिंग कैंप का आयोजन हुआ जिसमें कुल 65 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में अंश, शिव, सूर्यांश, कनिष्क, प्रणव, रिद्धी, सिद्धि, अंशुल, आरव, मधुर, देव, आराध्या, सुदीक्षा, मिष्टी, परी, सूर्यांश, प्रियांशी, पलक, अर्जित, इवांशी, आयशा, दीक्षा, गरिमा, कनक, कीर्ति, आराध्या, नव, शनाया, प्रिंस, कृष, कृष्णा, नक्श, अनाया, दृष्टी, चीनू, शिवांश, समृद्धि, आशीष, संतराम, शिवांशु, गर्व, तुषार,आदित्य, प्रियांशु, सृष्टि, विहान,



तन्मय, माधव आदि खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया सीनियर खिलाड़ी मनन, पूर्वी, देवांशी, शिवांशी, रिद्धिमा, राहुल, श्याम आदि का सहयोग रहा। संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि 4 घंटे तक चले फाइटिंग कैंप में 3 साल से लेकर 25 साल तक के सभी खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया जिसका उद्देश्य सभी खिलाड़ियों के खेल को बार बार अभ्यास के द्वारा ज्यादा से ज्यादा निखारना रहा। ताकि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक हासिल कर सकें।

निगोहा प्रेस क्लब के प्रथम वर्षगांठ पर गूंजा पत्रकारिता का संकल्प

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : डॉ. वीरेंद्र तिवारी

समाज जागरण संवाददाता

निगोहा। लखनऊ। निगोहा कस्बे में रायबरेली रोड स्थित निगोहा प्रेस क्लब कार्यालय पर रविवार को क्लब का प्रथम स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के साथ ही लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पत्रकार, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों की एकजुटता, निष्पक्ष पत्रकारिता और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प दोहराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद यूपी के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी रहे। उन्होंने निगोहा प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, महामंत्री प्रदीप कुमार द्विवेदी सहित क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रथम स्थापना दिवस की बधाई दी। इस दौरान क्लब की ओर से मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। पत्रकार का काम केवल खबर प्रकाशित करना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं और आमजन की आवाज को शासन-प्रशासन तक जिम्मेदारी के साथ पहुंचाना भी है।



उन्होंने कहा कि पत्रकारों को किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले तथ्यों की पूरी पड़ताल करनी चाहिए और निष्पक्ष एवं निर्भीक तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी है। पत्रकार यदि ईमानदारी और तथ्यपरकता के साथ काम करता है तो समाज में उसकी विश्वसनीयता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता संगठन की ताकत होती है और निगोहा प्रेस क्लब ने कम समय में पत्रकारों को एक मंच पर लाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पत्रकारिता के मूल्यों और सिद्धांतों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने कहा कि निगोहा प्रेस क्लब की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के पत्रकारों को एकजुट मंच उपलब्ध कराने के साथ ही आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। पत्रकारिता समाज की आवाज है और क्लब जनहित के मामलों को पूरी जिम्मेदारी एवं निष्पक्षता के साथ उठाता रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों और पत्रकारों का आभार जताया।महामंत्री प्रदीप कुमार द्विवेदी पिंकू ने कहा कि क्लब ने अपने पहले वर्ष में पत्रकारों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया है। आने वाले समय में पत्रकारों के हितों के साथ-साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता और आपसी सहयोग से संगठन को और मजबूत किया जाएगा।जीके न्यूज लाइव के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। पत्रकारों को निष्पक्ष एवं तथ्यपरक पत्रकारिता के साथ समाजहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता समाज और शासन-प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। पत्रकारों को बिना किसी दबाव के जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए अपनी



जिम्मेदारी निभानी चाहिए।वर्षगांठ समारोह के दौरान समाजसेवी दिलीप यादव की ओर से मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के करीब सौ पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पत्रकारों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने, पत्रकारिता की गरिमा और विश्वसनीयता को कायम रखने तथा आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मोहनलालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम, भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र पाण्डेय धीरू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के महामंत्री जितेंद्र यादव जीतू, वरिष्ठ अधिवक्ता यशवीर सिंह, सपा नेता अर्चना रावत, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता करण शुक्ला, एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार पाण्डेय, निगोहा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार, मोहनलालगंज इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य नागेश्वर द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, कृष्णपाल सिंह एडवोकेट, निगोहां व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित, निगोहा पूर्व प्रधान अजय सिंह, समाजसेवी अनिल त्रिपाठी, एलडीबी बैंक के अध्यक्ष अशोक तिवारी, जनपद लखनऊ के मद्देगंज थाना प्रभारी अनुज तिवारी,प्रभाकर त्रिवेदी प्रधान, ललित शुक्ला प्रधान, सत्येंद्र मिश्रा डब्बू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मोनूललित मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, विजय जायसवाल, ललित दीक्षित, नवीन वर्मा किसान नेता ऋषि मिश्रा, अरविंद दीक्षित, महिला पत्रकार सरोज यादव, रेनू पांडेय,सहित निगोहा प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंडलीय जूनियर बालिका फुटबॉल टीम में चयनित अलीजा और इल्मा

समाज जागरण

संभल। मिशन इंटरनेशनल एकेडमी की कक्षा नवीं की प्रतिभाशाली छात्रा एवं फुटबॉल खिलाड़ी अलीजा खान और इल्मा खान को जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम के साथ रवाना किया गया। अलीजा ओर इल्मा का चयन मंडलीय जूनियर बालिका फुटबॉल टीम में हुआ है, जो आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

टीम को रवाना करते समय संभल फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव मुहम्मद शारिक, मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के मैनेजर मुशीर खान, कोच यासर वकास एवं मोहम्मद जैनुल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य विल्सन राजन स्कूल निर्देशिका



शबाना कोसर ने अलीजा ओर इल्मा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। कक्षा नो के कक्षा अध्यापक जुनैद इब्राहिम ने भी अलीजा , इल्मा को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

17 अगस्त को वापसी के बाद विद्यालय परिवार उनको सम्मानित करेगा ।

विद्यालय परिवार को अपनी होनहार छात्रा पर गर्व है और सभी ने टीम की सफलता की कामना की।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा हरियाली तीज पर्व पर आयोजित जिला स्तरीय मेंहदी प्रतियोगिता में पायल दूबे और यन्हा रही प्रथम

छात्राओं और युवतियों ने अपने अपने हाथों में कलात्मक डिजाइनों में मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

समाज जागरण

सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश द्वारा हरियाली तीज पर्व पर आयोजित जिला स्तरीय मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने अपने हाथों पर कलात्मक डिजाइनों में मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें पायल दूबे और यन्हा अपने अपने वर्गों में प्रथम स्थान पर रही।

नगर के ग्लोरियस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्कूल हल्लू सराय में आयोजित जिला स्तरीय मेंहदी प्रतियोगिता रविवार को दो वर्गों में दोपहर एक बजे शुरू हुई। मेहंदी प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं और युवतियों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। छात्राओं और युवतियों ने अपने अपने हाथों में कलात्मक डिजाइनों में मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों वर्गों का अलग अलग निर्णायक मंडल बनाया गया। ए वर्ग में 10 से 15 साल तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसके निर्णायक मंडल का सदस्य रजनी कान्ता चौहान, मंजू सक्सेना और चिंकी दिवाकर को बनाया गया। जबकि 16 साल से अधिक आयु वर्ग की छात्राओं और युवतियों ने बी वर्ग में शामिल होकर प्रतिभाग किया। जिसके निर्णायक मंडल का सदस्य राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज



की प्रधानाचार्या व प्रतियोगिता विभाग की संयोजक करिश्मा सिंह, बृजरतन सुन्दर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या व प्रतियोगिता विभाग की सहसंयोजक संजना गुप्ता तथा समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाहिद रजा को बनाया गया। दोनों वर्गों के परिणामों की घोषणा समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाहिद रजा व महाप्रबंधक रूबी ने संयुक्त रूप से की। घोषित ए वर्ग के परिणाम में यन्हा प्रथम, अतुफा द्वितीय तथा ईशिका श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि श्रद्धा, आराध्य सिंह, जेबा, शालिनी, खुशी, जूरा फातिमा, महक परवीन, उमरा साफिया परवीन व आरूषि सांत्वना स्थान पर रही। इसके अलावा बी वर्ग में पायल दुबे प्रथम, उर्वशी द्वितीय तथा शीरीन परवीन और अल्फीया तृतीय स्थान पर रही। जबकि मनीषा गौतम, वैष्णवी सिंघल, तानिया, मिसवा, मनीषा व प्रियंका सांत्वना स्थान पर रही। दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं और युवतियों को समिति की संयोजक करिश्मा सिंह, सहसंयोजक संजना गुप्ता, समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, क्रीड़ा प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, रूबी, चिंकी दिवाकर, उपासना शर्मा, रजनी कान्ता चौहान, मन्जू सक्सेना, चांदनी खान, मन्तशा तौफीक, आसिया जूही, नाहिद रजा, अनम परवीन, गगनदीप गौतम आदि ने प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयोजक करिश्मा सिंह ने मेहंदी प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए आह्वान किया। तथा अन्त में सभी का आभार व्यक्त किया।

डीएम और एसपी ने हेलीकॉप्टर से किया कांवड़ मार्गों का हवाई सर्वेक्षण, शिवभक्तों पर की पुष्प वर्षा

हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा पूरा मार्ग

समाज जागरण

बागपत। श्रावण मास की महा शिवरात्रि पर आयोजित होने वाले श्री परशुरामेश्वर महादेव मंदिर, पुरा मेले और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने आज हेलीकॉप्टर से जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की स्थिति, यातायात, सुरक्षा, प्रकाश और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।



सर्वेक्षण के साथ ही डीएम और एसपी ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पुष्प वर्षा होते ही मार्गों पर खुशी की लहर दौड़ गई। शिवभक्त हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष के साथ भाव-विभोर हो गए।उल्लेखनीय है कि 09 अगस्त से 11 अगस्त तक परशुरामेश्वर महादेव मंदिर, पुरा में प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला आयोजित किया जाएगा। हरिद्वार सहित विभिन्न स्थानों से हजारों शिवभक्त गंगाजल लेकर पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए पुरा महादेव पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शिवभक्तों की यात्रा को सुरक्षित, सुगम और श्रद्धामय बनाने के लिए सभी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर जिला प्रशासन का संदेश रहा भक्ति भी, प्रकृति भी, आस्था भी, जिम्मेदारी भी।

कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं के लिए प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन सराहनीय - प्रो. (डॉ.) राजीव गुप्ता

पुरा महादेव में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं की सराहना

समाज जागरण

बागपत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेड़ा के प्राचार्य शिक्षारत्न प्रो. (डॉ.) राजीव गुप्ता ने पवित्र कांवड़ यात्रा के आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार एवं बागपत प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की है। प्रो. गुप्ता ने कहा कि कांवड़ यात्रा लाखों शिवभक्तों की आस्था से जुड़ा महापर्व है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इसे सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे सरकार और जिला प्रशासन ने दृढ़ता के साथ निभाया है।उन्होंने विशेष रूप से परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा,



यातायात, स्वच्छता और अन्य आवश्यक प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया गया। इससे शिवभक्तों को सुगमता और सुरक्षा का अनुभव हुआ। प्रो. गुप्ता ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की सूझबूझ, कुशल नेतृत्व और बेहतर समन्वय की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाए। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और यातायात प्रबंधन भी प्रशंसनीय रहा। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश भी देती है। प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं और कांवड़ सेवा में लगे सभी लोगों के सामूहिक प्रयासों से यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है।

प्रो. गुप्ता ने बागपत की धार्मिक पहचान को मजबूत करने के लिए पुरा महादेव मंदिर में बेहतर व्यवस्थाएं किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार और प्रशासन को शुभकामनाएं दीं।

ध्यान की सबसे बड़ी उत्कृष्टता सामायिक है : आर्जवसागर

समाज जागरण बागपत।

पावन वर्षायोग 2026 के अंतर्गत परम पूज्य आचार्य भगवन श्री आर्जवसागर जी महामुनिराज ने अजितनाथ सभागार बडौत में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान की सबसे बड़ी उत्कृष्टता सामायिक है। सामायिक आत्मचिंतन, समता और आध्यात्मिक शुद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम है। आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को सामायिक करने की विधि, उसके नियम, समय, आवश यक सावधानियों तथा सामा यिक के आध्यात्मिक महत्व के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सामायिक के माध्यम से व्यक्ति कुछ समय के लिए सांसारिक राग-द्वेष से विरक्त होकर अपने आत्मस्वरूप की ओर उन्मुख होता है। उन्होंने कहा कि सामायिक केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण और समता,



साधना का अवसर है। नियमित रूप से सामायिक करने से जीवन में शांति, संयम और आत्मिक जागृति का विकास होता है।सामायिक के समय व्यक्ति को अपने मन को सांसारिक विषयों से हटाकर आत्मचिंतन एवं धर्मध्यान की ओर लगाना चाहिए। उन्होंने सामायिक की विधि समझाते हुए कहा कि प्रारंभ में शुद्ध होकर उचित स्थान पर आसन ग्रहण करें। पूर्व दिशा में मुख करके पंच नमस्कार मंत्र का स्मरण करें तथा पंच परमेष्ठी, जिनेन्द्र भगवान, आचार्य, उपाध्याय एवं साधु के प्रति विनयभाव रखें। सामायिक के दौरान मन को एकाग्र रखते हुए धर्म के विषयों का चिंतन करना चाहिए। आचार्य श्री ने सामायिक के नियमों पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि सामायिक में मन की चंचलता को रोकना, शरीर को स्थिर रखना आवश्यक है। सामायिक के समय व्यापार, घर-परिवार, इष्ट-वियोग, अनिष्ट- संयोग आदि सांसारिक विषयों को छोड़कर आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विघ्न आने पर भी आसन और उपयोग को नहीं बदलना चाहिए। सामायिक में आलस्य, निद्रा तथा प्रमाद से बचना चाहिए। सामायिक प्रारंभ करने से पूर्व शरीर की आवश्यक शुद्धि कर लेना चाहिए तथा हाथ-पैर आदि को स्वच्छ रखना चाहिए। उठते-बैठते समय भी सावधानी और संयम का पालन करना चाहिए। आचार्य श्री ने मनःशुद्धि के लिए जिनवाणी के शब्दों का शुद्ध उच्चारण, वचन की शुद्धता तथा ध्यानाभिमुखता पर बल दिया। शास्त्र अथवा जिनवाणी को उचित स्थान पर रखकर आसन ग्रहण करने तथा सामायिक के अंत में कायोत्सर्ग एवं आत्मचिंतन करने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि सामायिक के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में समता, संयम का विकास कर सकता है। यदि सामायिक की विधि और नियमों का सही ढंग से पालन किया जाए तो यह साधना आत्मकल्याण का माध्यम बन सकती है।धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के प्रवचन के दौरान सामायिक की विधि एवं नियमों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

सभा में ऋषिका दीदी द्वारा भक्ति भाव से गुरु पूजन भी कराई गई।सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, नवीन जैन, महेंद्र जैन, वरदान जैन, ऋषभ जैन, अनुज जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, सुरेश जैन आदि उपस्थित थे।

बरनावा में मुस्लिम समाज ने किया कावड़ियों का भव्य स्वागत

फूलमाला पहनाकर, फूल बरसाकर और फल बांटकर दिखाई सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

समाज जागरण

बिनौली। महाभारतकालीन लाक्षागृह के लिए प्रसिद्ध बरनावा गांव में रविवार को एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्त कावड़ियों का मुस्लिम समाज के लोगों ने फूलमाला पहना कर और फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया। दाहा मार्ग पर जरीफ प्रधान, बाबू चौधरी, अहसान, भूरू कुरैशी, शैबू कुरैशी, उस्मान, हाजी अनीश, अमीर अहमद, आजाद पठान सहित अन्य लोगों ने कावड़ियों के गले में फूलमाला डाली और उन पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान शिवभक्तों को फल भी वितरित किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि बरनावा गांव हर वर्ष कावड़ियों की सेवा और



स्वागत के लिए जाना जाता है। यहां हरिद्वार से आने वाले सबसे अधिक शिवभक्त पुरा महादेव की ओर इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं।कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बरनावा के इसरार, अजमल खान, अनीश कुरैशी, अबरार, शौकीन सक्का, शारिक, फिरोज खान सहित दर्जन भर मुस्लिम समाज के लोग पुलिस मित्र के रूप में दिन-रात ड्यूटी निभाकर पुलिस प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। बेरीकेटिंग और बैरियर लगाने में मदद के साथ-साथ ये लोग कावड़ियों की सुविधा का भी ध्यान रख रहे हैं। इस सहयोग और स्वागत को देखकर कावड़ियों ने भी बरनावा वासियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा का मथुरा में सनातन गौ रक्षा उद्घोष

समाज जागरण बागपत।



विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा गो रक्षा सनातन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगी तेजपाल राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विक्रम गोस्वामी, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ दीपक गौतम, पश्चिम बंगल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल गुप्ता पंजाब के महामंडलेश्वर मधुसूदन सरस्वती इस्कॉन मंदिर के संत पद्मनाभ स्वामी उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र दक्ष द्वारा की गई संगोष्ठी का प्रारंभ श्री राधा कृष्ण व गोमाता के समक्ष दीप जलाकर की गई, योगी तेजपाल कार्यकारी अध्यक्ष ने बोलते हुए कहा विश्व हिंदू महासंघ गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिखाए हुए रास्ते पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कालका पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत महाराज के निर्देशन में आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश में चुनाव आ रहा है हिंदुओं को विभाजित करने की कोशिश की जाएगी तथा सनातन पर हमले होंगे हमें सावधान रहना होगा, पंजाब से आए महामंडलेश्वर 1008 मधुसूदन सरस्वती महाराज ने कहा गौ रक्षा को देश भर में विश्व हिंदू महासंघ द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है ,इस्कॉन के संत पद्मनाभ स्वामी ने कहा यह भूमि भगवान कृष्ण की है गौ माता की रक्षा होगी तभी राष्ट्र आगे बढ़ेगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने गो संरक्षण व संवर्धन के लिए दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा गौशाला संचालकों को स्वावलंबी बनाने पर सरकार जोर दे रही है गोवंश का गोबर एवं मूत्र का उपयोग करने का तारिक उन्होंने बताया उन्होंने कहा गौ रक्षा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र दक्ष वह महामंत्री प्रवीण दुबे के निर्देशन में भारतवर्ष में विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है, कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विक्रम गोस्वामी द्वारा किया गया ,कार्यक्रम की आयोजन समिति डॉ राघव शर्मा, संजय सिंघल ,एडवोकेट गौरव शर्मा, शैलेंद्र राघव ,पदम गोयल, डॉक्टर अनुराग शर्मा, मुकेश शर्मा, पंकज शर्मा ,सुनील अग्रवाल ,मांगेराम प्रजापति, नरेंद्र राजावत ,धर्मेंद्र गोला आदि के द्वारा सभी को विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ का प्रतीक चिन्ह एवं भगवान राधा कृष्ण की तस्वीर व पटका पहनाकर सम्मान किया गया इस अवसर पर भगवान कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा चलाये जाने का उद्घोष 11 शंख बजा कर किया गया , कार्यक्रम के अंत में गौ रक्षा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र दक्ष द्वारा सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को शुभकामनाएं जी तथा सभी से गौ रक्षा के लिए एक जुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया कार्यक्रम के अंत में योग योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की जय, सनातन धर्म की जय ,भारत माता की जय ,वंदे मातरम गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ महाराज की जय ,के साथ पूर्ण कार्यक्रम सनातन के रंग में रंगा हुआ नजर आया।

गुफा वाले बाबा मंदिर के पास चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट का भव्य भंडारा

मंत्री केपी मलिक ने शिवभक्तों से की मुलाकात, सेवा कार्यों की सराहना

समाज जागरण

बागपत। शिवभक्त कांवड़ यात्रियों की सेवा को समर्पित चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा गुफा वाले बाबा के मंदिर के समीप आयोजित कांवड़ सेवा शिविर में रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा शिविर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के मंत्री केपी मलिक भी पहुंचे। उन्होंने भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और कांवड़ यात्रियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मंत्री ने ट्रस्ट द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य और सौभाग्य का कार्य है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष चौ. तिलकराम सिंह, सचिव एड. रणवीर



चौधरी एवं उप सचिव टीना चौधरी ने राज्यमंत्री केपी मलिक का पटका पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सेवा उनके लिए भगवान भोलेनाथ की सेवा के समान है। इसी भावना के साथ शिविर में भोजन, भंडारा, विश्राम एवं आवश यक सुविधाओं की व्यवस्था निरंतर की जा रही है। कार्यक्रम में राहुल गुर्जर, रवि चौधरी, एडवोकेट विश्वेंद्र, परवीन, रिंकू शर्मा, संदीप भाटी, वसीम विधूड़ी, मोनू धामा, रोहन धामा, रॉकी गुर्जर, मांगेराम विधूड़ी, केशव धामा, सचिन अहलावत, इति चौधरी, तनु, कशिश एवं बिट्टू ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ट्रस्ट के चेयरमैन एड. रणवीर चौधरी ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ शिवभक्तों की सेवा का यह सिलसिला आगे भी पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ जारी रहेगा।

पुरा महादेव में लगे कावड़ मेले में सक्रिय भूमिका निभा रहे बागपत के स्काउट-गाइड

समाज जागरण



बागपत। जिला प्रशासन बागपत की ओर से भारत स्काउट और गाइड उ प्र जनपद बागपत के 35 स्काउट और गाइड की स्काउट और गाइड स्वयंसेवक के रूप में पुरा महादेव कांवड़ मेला गर्भ गृह परिसर में सेवा ड्यूटी लगाई गई है। इस बार जिलाधिकारी ने श्रावणी मेले को जीरो वेस्ट महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

जिसके अंतर्गत पूजा के फूलों से अगरबत्ती ,आर्गेनिक खाद आदि बनाया जाएगा, इसी प्रकार पॉलीथिन को अलग एकत्र कर रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा भांग या बेलपत्र को एकत्र कर ऑर्गेनिक खाद बनाने में प्रयोग किया जाएगा। दूध का उपयोग भी पशुओं के प्रयोगार्थ काम मे लिया जाएगा। स्काउट्स और गाइड्स की सेवा ड्यूटी विभिन्न कार्यों जैसे गर्भ गृह से चढ़ावा सामग्री को गर्भ गृह से बाहर निकालते रहना ,अंदर की सफाई बनाए रखना, चढ़ावा सामग्री को अलग अलग छांटना ,भीड़ प्रबंधन, व्हील चेयर आदि में लगाया गया है। ये सभी स्काउट्स और गाइड्स 9,10 व 11 अगस्त तक अपनी सेवाएं देंगे। स्काउट टोली नायक अपनी टोली के नियंत्रण का कार्य करेंगे । टोली नायक के रूप में दीपांशु ,जितिनऔर शुभम तोमर अपना कार्य करेंगे । जिला स्काउट के कोषाध्यक्ष अनुज कौशिक, जिला संगठन आयुक्त अशोक बंधु भारद्वाज,जिला ट्रेनिंग काउंसलर वंशम पंवार को पूरी स्काउट टीम और नागरिक सुरक्षा कर्मियों के निरीक्षण करने का कार्य सौंपा गया। भारत स्काउट और गाइड की पूरी टीम की मॉनिटरिंग जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवम जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत राजीव कुमार यादव और उनकी पूरी टीम ने की।

व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा - अर्जुनराम मेघवाल

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय व्यापारी दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

समाज जागरण

बागपत। दिल्ली कांस्टीट्यूशन आल क्लब, संसद मार्ग पर रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा "राष्ट्रीय व्यापारी दिवस" के अवसर पर "व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल



उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और उनके सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा।समारोह की अध्यक्षता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बाबूलाल गुप्ता ने की। संचालन राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूरे भारत के विभिन्न प्रदेशों से व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बागपत से जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम में व्यापारियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

मानव अधिकार युवा संगठन का सेवा शिविर, कांवड़ियों को कराया जलपान

जिला अध्यक्ष गोपाल वर्मा के नेतृत्व में श्रद्धा के साथ की गई सेवा

समाज जागरण बड़ौत।

बड़ौत तहसील क्षेत्र के बड़ोली गांव में मानव अधिकार युवा संगठन (भारत) द्वारा बड़ोली रोड पर विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरिद्वार से पवित्र जल लेकर आ रहे शिवभक्त कांवड़ियों की निःस्वार्थ भाव से सेवा की गई।शिविर का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने किया। शिविर में कांवड़ियों के लिए जलपान, फलाहार, शुद्ध पेयजल एवं चिकित्सा व विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ



शिवभक्तों का स्वागत किया और उनकी सेवा कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भाग लेना और राहगीरों व कांवड़ियों की सेवा करना मानव धर्म का सर्वोपरि कर्तव्य है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से निखिल वर्मा, वाशु वर्मा, जॉनी कुमार, देवेंद्र वर्मा, मोहित चौहान समाजसेवी सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में अपना विशेष योगदान दिया।

बड़ौत के रमाशं पंवार ने उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जीते 3 पदक, क्षेत्र का नाम किया रोशन

जूनियर में गोल्ड, यूथ में सिल्वर और टीम में गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

समाज जागरण बड़ौत।

सफलता किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। साहस, मेहनत और कठिन परिश्रम व्यक्ति को उसकी मंजिल तक जरूर पहुंचाते हैं। इसी मार्ग पर चलते हुए बड़ौत के रमाशं पंवार ने कम उम्र में ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रमाशं पंवार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह के प्रिय पौत्र और श्री कृष्ण हरि पंवार के पुत्र हैं। उन्होंने 2 से 8 अगस्त तक देहरादून में आयोजित 24वीं उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में रमाशं ने शॉर्टगन ट्रैप स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल, यूथ वर्ग में सिल्वर मेडल और टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। इस अभूतपूर्व



सफलता पर बड़ौत शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार, रवींद्र तोमर, बिजेंद्र शर्मा, ओंकार दत्त सहित तमाम कांग्रेस कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने रमाशं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों ने उन्हें मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया।स्थानीय लोगों ने कहा कि रमाशं की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और यह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

121 लीटर गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्तों का भव्य स्वागत

सर्व खाप ब्राह्मण समाज ने माला, पटका और ट्रॉफी देकर किया सम्मान

समाज जागरण

खेकड़ा। श्रावण मास में हरिद्वार से 121 लीटर गंगाजल लेकर आए शिवभक्त कावड़ियों का खेकड़ा नगर में भव्य स्वागत किया गया।नकुल,



शिवा, लक्ष्य और अमन सहित शिवभक्तों का स्वागत चौधरी उमेश शर्मा, सर्व खाप ब्राह्मण समाज खेकड़ा 360 के बैनर तले किया गया। समाज के लोगों ने शिवभक्तों को तुलसी माला, पटका, मेडल और ट्रॉफी भेंट कर आशीर्वाद दिया। चौधरी उमेश शर्मा ने कहा कि 121 लीटर गंगाजल लेकर इतनी दूर की यात्रा करना भगवान शिव के प्रति आस्था और विश्वास का ही फल है। यह सब श्रद्धा और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर करणपाल, विपिन शर्मा, विवेक शर्मा, सुशील शर्मा, विनय शर्मा, बाबी

निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन, शिव भक्तों के पैरों की सेवा कर किया सम्मान

कांवड़ियों की सेवा से दूर होते हैं कष्ट: शौकेंद्र खोखर

समाज जागरण बड़ौत।

दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर एवं विश्व हिंदू महासंघ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इसलिए हम सभी को शिव भक्तों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने शिविर में आए कांवड़ियों को दवाइयां वितरित कीं और अपने हाथों से कांवड़ियों के पैरों की मालिश कर उनकी सेवा की। बड़ौत शहर का पूरा मार्ग आज केसरिया रंग में रंगा नजर आ रहा है। भारी संख्या में



कांवड़ियों का जनसैलाब बड़ौत शहर से होता हुआ दिल्ली और हरियाणा की ओर अपने-अपने शिवालयों की ओर कूच कर रहा है। "बम-बम भोले" के जयकारों से दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे गूंज उठा। शिविर में डॉ. देवेंद्र पवार, सुधीर भूत, अविराज प्रधान, सुमित चौधरी, विनोद पवार आदि मौजूद रहे।

दो माह भी नहीं टिक सकी नगर परिषद की लाखों की पेवर ब्लॉक सड़क

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

9 अगस्त। नगर परिषद क्षेत्र के फरिंगगोरा वार्ड संख्या-09 स्थित पूरब टोला में नगर परिषद द्वारा करीब 15 लाख रुपये की लागत से कराई गई पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण के महज डेढ़-दो माह में ही कई जगह से दबने और उखड़ने लगी है। लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़क की यह स्थिति नगर परिषद के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।



स्थानीय निवासी मो. इस्लाम, मो. आलम एवं महमूद आलम ने बताया कि सड़क निर्माण हुए अभी डेढ़ माह के आसपास ही हुए हैं, लेकिन कई स्थानों पर फेवर ब्लॉक धंसने और उखड़ने लगे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण स्थल पर योजना, लागत और कार्य एजेंसी से संबंधित सूचना पट भी नहीं लगाया गया, जिससे निर्माण कार्य में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में यदि निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का सही तरीके से इस्तेमाल किया गया होता तो इतनी कम अवधि में सड़क की हालत खराब नहीं होती। लोगों ने सवाल उठाया कि जब सड़क की उम्र महीनों में ही जवाब देने लगे तो फिर लाखों रुपये खर्च करने का औचित्य क्या है?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि नगर परिषद द्वारा कराए गए इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी किस अधिकारी या अभियंता ने की? निर्माण के दौरान तकनीकी जांच हुई या नहीं? यदि जांच हुई थी तो सड़क इतनी जल्दी कैसे टूटने लगी? इन सवालों का जवाब नगर परिषद प्रशासन को देना होगा।

इधर, फरिंगगोरा के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि फिरोज आलम ने बताया कि सड़क का निर्माण करीब 15 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। उन्होंने कहा कि बरसात में पानी जमा होने के कारण नीचे की मिट्टी धंस गई, जिसके कारण कुछ जगह सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी।

हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि महज कुछ सप्ताह में सड़क का क्षतिग्रस्त होना सामान्य बात नहीं है। जनता के पैसे से होने वाले निर्माण कार्य में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना नगर परिषद की जिम्मेदारी है। लोगों ने मांग की है कि सड़क निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए और जांच में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित संवेदक, अभियंता एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

अब देखना यह है कि लाखों रुपये की लागत से बनी सड़क के इतनी जल्दी खराब होने के मामले में नगर परिषद प्रशासन केवल मरम्मत कराकर मामले को खत्म करता है या निर्माण की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी भी तय करता है।

वर्षों से जर्जर है फरिंगगोला की मुख्य सड़क, जलजमाव से बढ़ी परेशानी

NH-27 से फरिंगगोला जाने वाली सड़क बदहाल, टोटो व अन्य वाहन चालक जाने से करते हैं परहेज

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

9 अगस्त। नगर परिषद क्षेत्र के फरिंगगोला वार्ड संख्या-09 में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (NH-27) से फरिंगगोला जाने वाली मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। बारिश के बाद कई हिस्सों में पानी जमा हो जाने से सड़क की स्थिति और बदतर हो गई है।



जर्जर सड़क और जलजमाव के कारण टोटो समेत अन्य वाहन चालक इस मार्ग से जाने से परहेज करते हैं। इसका सीधा असर स्थानीय लोगों के आवागमन पर पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बीमार मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है। मरीजों को अस्पताल ले जाने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाली कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि वर्षों से लोग इस परेशानी को झेल रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और नगर परिषद प्रशासन की ओर से अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। बारिश के दिनों में जलजमाव के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है।

विकास के दावों के बीच फरिंगगोला की जर्जर और जलजमाव वाली मुख्य सड़क नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर परिषद से तत्काल स्थल निरीक्षण कर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने तथा सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

लोगों को झांसे में लेकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण

पदमा, हजारीबाग। पदमा ओपी थाना कांड संख्या 180/2026 के प्राथमिकी अभियुक्त बिक्की सिंह, पिता सचिदानंद सिंह, निवासी गया रोड, बरही, थाना बरही, जिला हजारीबाग को पदमा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त लोगों को झांसे में लेकर पैसे की ठगी किया करता था। उसके विरुद्ध ठगी से संबंधित आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तारी के लिए गठित छापामारी दल में पदमा ओपी प्रभारी, एसआई राजेश हाजरा एवं पदमा थाना आर्म्स पार्टी शामिल थी।



शिक्षक संघ की बैठक में सरकार की स्थानांतरण नीति और वेतन निर्धारण पर विरोध

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बीआरसी नबीनगर के प्रांगण में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने की, जबकि संचालन कार्यालय सचिव उमाशंकर सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह शामिल हुए।



प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बिना रिक्ति के शिक्षकों को सरप्लस दिखाकर स्थानांतरण कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 17 सितंबर से यह आदेश जारी किया है कि जिन शिक्षकों का 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है, उनमें पुरुष शिक्षकों को प्रखंड से बाहर और महिला शिक्षिकाओं को पंचायत से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। शिक्षक संघ ने सरकार की इस नियमावली का कड़ा विरोध किया। बैठक में वेतन निर्धारण के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षकों ने कहा कि 23 साल की सेवा के बाद भी एक भी प्रमोशन नहीं मिला है।बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सरकार की नियमावली के विरोध में उच्च न्यायालय पटना में केस दायर किया जाएगा और आंदोलन की तैयारी की जाएगी। संघ ने मांग की कि सरकार शिक्षकों की सेवा निरंतरता को बरकरार रखते हुए ही स्थानांतरण करे।बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

पटना के पालीगंज में नहर में कार गिरने से दो युवकों की मौत

रिश्तेदारों को पटना लाने के दौरान हुआ हादसा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के मसौढ़ा गांव के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में कार अनियंत्रित होकर पानी से लबालब नहर में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।



मृतकों की पहचान अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के सिरिडिह गांव निवासी मनोज शर्मा के 30 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार और रामानुज शर्मा के 28 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अपनी कार से पटना जाने के लिए निकले थे। उनके रिश्तेदार बाबा धाम से यात्रा के बाद पटना पहुंचने वाले थे, जिन्हें कार से रिसीव कर वापस घर लाना था। इसी दौरान जब वे पालीगंज थाना क्षेत्र के मसौढ़ा गांव के समीप पहुंचे, तो अचानक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सीधे पानी से भरी नहर में समा गई। कार को नहर में गिरते देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने अपनी तरफ से दोनों युवकों को बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन नहर में पानी का अधिक स्तर और दुर्घटना की गंभीरता के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए क्रेन की मदद से पानी में डूबी कार को बाहर निकलवाया। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी और कार के अंदर ही दोनों युवकों की सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया है। जिन रिश्तेदारों को घर लाने के लिए सूरज और रंजीत उत्साह के साथ निकले थे, उनके घर पहुंचने से पहले ही इन दोनों की अर्थी उठने की खबर से सिरिडिह गांव में मातम पसर गया है। इस अप्रत्याशित हादसे ने दो हंसते-खेलते परिवारों के चिराग बुझा दिए हैं।

पटना के मसौढ़ी में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

छह उपभोक्ताओं पर 2.21 लाख का जुमार्ना

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने कड़ा रुख अपनाते हुए सघन छापेमारी अभियान चलाया है। मसौढ़ी-2 विद्युत आपूर्ति प्रशाखा की टीम ने नदौल और गोपालपुर मठ इलाके में औचक निरीक्षण कर छह उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा। विभाग ने सभी मामलों में कुल 2,21,322 रुपये का जुमार्ना लगाया है और आरोपियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सबसे पहले नदौल गांव में चार घरेलू और एक कृषि कनेक्शन की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि शबनम प्रवीण, मोहम्मद फारूख, नदीम कौशर और सरवरी खातुन के घरों में बिजली पोल से मीटर तक आने वाले मुख्य इनपुट तार को काटकर दूसरे तार के जरिए चोरी छिपे बिजली जलाई जा रही थी। इसके अलावा, इसी गांव के शंभु कुमार बिना किसी वैध कनेक्शन के एलटी लाइन में सीधे टोका फंसाकर कृषि कार्य के लिए खेतों की सिंचाई (पटवन) करते रंगे हाथों पकड़े गए।

इसी अभियान के तहत टीम ने एनएच-22 स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप गोपालपुर मठ स्थित एक रेस्टोरेंट-ढाबे पर भी छापेमारी की। वहां व्यावसायिक परिसर के संचालक मनीष कुमार द्वारा बड़े पैमाने पर बिजली चोरी किए जाने का खुलासा हुआ। विभाग ने इस व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर सबसे बड़ा एक्शन लेते हुए 1,77,912 रुपये का भारी जुमार्ना लगाया है। छापेमारी के दौरान बिजली चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे पीवीसी तारों को मौके से जब्त कर लिया गया है। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि बिजली अवैध रूप से उपयोग करने वाले सभी छह उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है।

पटना के दुल्हिन बाजार में सिहि गांव के स्कूल खेल मैदान को सार्वजनिक करने की मांग

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड अंतर्गत सिहि गांव स्थित झलकी सिंह उच्च विद्यालय के खेल मैदान के सिमटते स्वरूप को बचाने और उसे सार्वजनिक करने की मांग तेज हो गई है। इसे लेकर सिहि पंचायत के स्थानीय मुखिया राजीव रंजन ने पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चंदन कुमार को एक औपचारिक आवेदन सौंपा है, ताकि बच्चों के खेलने के लिए मैदान सुरक्षित किया जा सके। मुखिया राजीव रंजन द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, इस विद्यालय के लिए गांव के पूर्वजों द्वारा कई एकड़ जमीन दान में दी गई थी, जिसके बाद विद्यालय को सरकारी मान्यता मिली थी। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि विद्यालय की वह बहुमूल्य जमीन धीरे-धीरे गायब होती जा रही है। आवेदन में आशंका



जताई गई है कि लंबे समय से विद्यालय समिति और प्रधानाध्यापक या प्रभारी की मिलीभगत से भू-माफियाओं द्वारा विद्यालय की जमीन को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। मुखिया का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि विद्यालय की जमीन या खेल मैदान का हिस्सा अभी भी सुरक्षित बचा हुआ है, तो उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराकर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि भू-माफियाओं के चंगुल से जमीन को मुक्त कराकर छात्रों को खेलने के लिए एक बेहतर मैदान मिल सके। खेल मैदान के अभाव में स्थानीय बच्चों की खेल प्रतिभाएं प्रभावित हो रही हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है। अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन मिलने के बाद अब क्षेत्र में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि प्रशासन इस पर क्या सख्त कदम उठाता है।

नबीनगर थाना पुलिस ने 2 आजमानतीय वारंटियों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए 2 अहमनतीय वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



गिरफ्तार वारंटियों में सत्यनारायण सिंह सोनबरसा गांव निवासी और लखन राम नगर पंचायत क्षेत्र के अम्बेडकरनगर निवासी शामिल हैं। दोनों ही लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे, जिसके कारण न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में लंबित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

पटना के भगवानगंज में पुलिस की नाकाबंदी देख कार छोड़ भागे चार बदमाश

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के भगवानगंज थाना क्षेत्र के रौनिया गांव के पास देर रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को देखकर एक संदिग्ध कार में सवार चार बदमाश वाहन और एक चोरी की आशंका वाली बकरी को मौके पर ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने कार और बकरी को जब्त कर थाने ले आई है। घटना के संबंध में सअनि दीवान शोएब खां ने बताया कि वे रात करीब 10 बजे अपनी गश्ती टीम के साथ रौनिया गांव स्थित साईं मंदिर के पास वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान नदौल की तरफ से एक संदिग्ध सफेद रंग की कार तेजी से आती हुई दिखाई दी। पुलिस को सामने देख चालक ने हड़बड़ाकर कार को वापस मोड़ने और भागने की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा किया। खुद को घिरता देख बदमाश रौनिया गांव के समीप सड़क पर ही कार छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद जब पुलिस ने लावारिस छोड़ी गई कार की तलाशी ली, तो पिछली सीट के पास से एक बकरी बरामद हुई, जिसका मुंह टेप से बुरी तरह बंधा हुआ था। पुलिस ने फौरन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बकरी के मुंह से टेप हटाकर उसे बंधनमुक्त किया। प्राथमिक जांच में मामला पशु चोरी या संदिग्ध गतिविधियों से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब फरार बदमाशों की पहचान पुख्ता करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके असली मालिक और कार में सवार लोगों की कुंडली खंगाली जा रही है। इस कार्रवाई के बाद से इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

नबीनगर पुलिस की कार्रवाई, मारपीट और हत्या के प्रयास में एक गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए तेंदुआ भूसौली गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र कुमार गुप्ता के रूप में हुई है, जो तेंदुआ भूसौली गांव, थाना नबीनगर, जिला औरंगाबाद का निवासी है।जानकारी के अनुसार सुरेंद्र कुमार गुप्ता पर मारपीट और हत्या के प्रयास का आरोप है। पुलिस को मिली शिकायत के आधार पर छापेमारी कर उसे उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।



थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित मामले मे आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पटना के बांसडीह मुसहरी में पुलिस दमन के खिलाफ माले की जनप्रतिवाद सभा

13-14 अगस्त को अनशन का ऐलान

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी प्रखंड के बांसडीह मुसहरी में पुलिस दमन और गरीबों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में भाकपा माले की ओर से रविवार को एक जोरदार जनप्रतिवाद सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता माले प्रखंड कमेटी सदस्य संजय पासवान ने की, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर, किसान, महिलाएं और युवा शामिल हुए। सभा के दौरान वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए गरीबों पर दर्ज फर्जी मुकदमे तत्काल वापस लेने, पुलिसिया दमन रोकने और विस्थापन की कार्रवाई पर रोक लगाने की पुरजोर मांग की। साथ ही, 'बुलडोजर राज' के खिलाफ आगामी 13 और 14 अगस्त को प्रखंड मुख्यालयों पर सामूहिक अनशन व सत्याग्रह करने की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व फुलवारीशरीफ के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि शराबबंदी की आड़ में बांसडीह मुसहरी के गरीबों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने गरीबों पर लादे गए मुकदमे वापस लेने के साथ ही जमीन का पर्चा, पक्का मकान, राशन, पेंशन, रोजगार और 1200 रुपये वसूली का आदेश वापस लेने की मांग की। खेग्रामस के जिला सचिव सतनारायण प्रसाद ने कहा कि विकास के नाम पर गरीबों की



बस्तियों पर बुलडोजर चलाना और उनकी लोकतांत्रिक आवाज को दबाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माले राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार और खेग्रामस जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान ने भी सभा को संबोधित किया और मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। सभा में मसौढ़ी प्रखंड सचिव राकेश कुमार समेत पुनपुन और नौबतपुर के कई पार्टी नेता भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह लहसुना पुलिस और बांसडीह मुशहरी के ग्रामीणों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई थी, जिसमें दो महिला सिपाहियों समेत एक अवर निरीक्षक जख्मी हो गए थे और पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने 26 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिसके चलते गिरफ्तारी के भय से ग्रामीण गांव छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं।

पटना में बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच में मिला यात्री का शव चिकित्सा सुविधा न मिलने पर परिजनों ने उठाए सवाल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर स्पेशल ट्रेन की एक साधारण बोगी से संदिग्ध स्थिति में एक यात्री का शव बरामद हुआ। तेज दुर्गंध के कारण प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों और सुरक्षाकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के नरपा गांव निवासी संतोष कुमार साह के रूप में की गई है। मृतक के भाई बाबू साहब साह ने बताया कि संतोष करीब छह महीने पहले दोस्तों के साथ बेंगलुरु में राजमिस्त्री का काम करने गए थे और वहीं से स्पेशल ट्रेन से घर लौट रहे थे। सफर के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ट्रेन के दानापुर स्टेशन पहुंचने पर जब काफी देर तक शव बोगी में ही पड़ा रहा, तो परिजनों और यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने रेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सफर के दौरान ट्रेन के टीटीई, गार्ड या स्कॉट पार्टी ने समय रहते बीमार यात्री को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई होती, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। मेडिकल टीम के पहुंचने में देरी और इलाज के अभाव में मौत होने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। बोगी से आ रही तेज दुर्गंध के कारण आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को नाक पर कपड़ा बांधकर ड्यूटी करनी पड़ी, जबकि कई यात्रियों को उल्टी जैसी समस्याएं हुईं।



सूचना मिलने पर रेल थाना और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। दानापुर रेल मंडल अस्पताल की मेडिकल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच के बाद यात्री को मृत घोषित किया। रेल थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

पटना में तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार मासूम को रौंदा, मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र की पंजाबी कॉलोनी में रविवार को तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से दूसरी कक्षा के छात्र उत्कर्ष कुमार (8) की दर्दनाक मौत हो गई। उत्कर्ष सनोज कुमार का इकलौता बेटा था और रघुनाथ टोला स्थित स्प्रिंडल पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करता था। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे इलाके में शोक की लहर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार की सुबह छुट्टी के वक्त उत्कर्ष घर के पास गली में साइकिल चला रहा था। इसी दौरान, करीब 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 'लहरिया कट' बाइक चला रहे तीन युवकों ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चा सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घसीटता चला गया और गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। बाइक सवार तीनों युवक भी अनियंत्रित होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों व दो युवकों की मदद से बच्चे को पहले निजी अस्पताल और फिर आईजीआईएमएस ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद एक युवक मौके से फरार हो गया, जबकि दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। जिस बाइक से यह हादसा हुआ, उस पर पुलिस का स्टिकर लगा था और उसके नंबर में 2884 अंक दर्ज हैं। ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश कुमार चौहान ने बताया कि बाइक चला रहे विशाल कुमार और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दीपक चौहान क्रिकेट खिलाड़ी मैदान की जंग जीत प्रधान बन ग्राम पंचायत के विकास के लिए करता संघर्ष

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। कोई भी खेल का खिलाड़ी कभी भी अन्याय व पक्षपात से समझौता नहीं करता बल्कि उसका विरोध करता है। खिलाड़ी जीत के लिए सदैव मैदान में बेहतर कला,तकनीक का प्रदर्शन करता है भले ही हार क्यों न मिले लेकिन !अपनी जज्बा व जुनून बनाये रखते हुए वह अंतिम दम तक संघर्ष करता है।खेल के कोच को अपना गुरु मानकर उनसे सीखने का कार्य करते जीवन मे उसके उपयोग कर ऊंचाइयां हासिल करना उसका मुख्य लक्ष्य होता है। इन्हीं विश्वासों को लेकर हरहुआ ब्लाक के अनौरा ग्राम पंचायत के होनहार हरफन मौला क्रिकेट खिलाड़ी दीपक चौहान ने वर्ष 2009 से 2018 तक क्रिकेट जगत का बादशाह रहा। विवेक एकेडमी के मैदान से प्रैक्टिस कर इंडिया स्तर के टूर्नामेंटों में अपने कला का बेहतर प्रदर्शन किया। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन भारत के सर्वश्रेष्ठ लीग मैच मुंबई कांगा लीग मैच में कांदीवली क्रिकेट एसोसिएशन को अपने गेंदबाजी से घुटने टेकने को मजबूर कर दिया। विवेक स्टेडियम शिवपुर के कोच सैफी अहमद, गौरीशंकर सिंह व सीमांत सिंह , मुंबई कोच राजेन्द्र अम्बिरे तथा बॉलर्स कोच आशीष विस्टन जैदी से इन





स्विंग ,आउट स्विंग,रिवर्स स्विंग और बॉलिंग ग्रिप की टिप्स लेकर हरफन मौला खिलाड़ी ने धूम मचाकर विवेक एकेडमी का नाम रौशन कर कई खिताब अपने नाम करने में सफल रहा। क्रिकेट की दुनिया मे शोहरत पाने के बाद मां के निधन ,सिर से साया हटने के बाद जब गांव लौटा तो गांव वालों के आशीर्वाद से विपक्षी को लंबी मुंह की मांत देते हुए 2021 में प्रधान पद पर आसीन होकर आज अपने गाँव के विकास के लिए संघर्ष कर रहा है।

दीपक चौहान का एक ही सपना है समाज की सेवा ,असहायों ,गरीबों , कमजोर तबके के लोंगो की सेवाकर अपने गांव का सर्वांगीण विकास कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे झोपड़ी में निवास करने वाले परिवारों को लाभ दिलाकर उनके चेहरे पर खुशियां ला सकूं। गाँव के युवाओं को खेल जगत से जोड़कर उन्हें राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का दायित्व सौंपना है। मेरे गाँव की दो चौहान बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर तक गांव का नाम रौशन किया। आज अनौरा को खेल नर्सरी के रूप में तैयार करना भी है।

दीपक चौहान ने बड़े ही बेबाकी के साथ कहा कि मैं एक निडर खेल का खिलाड़ी तो गाँव का सच्चा सेवक हूँ। मुझसे कुछ बातें बर्दास्त नहीं होती। ब्लाक लेबल पर व्याप्त भ्रष्टाचार और गाँव मे योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधक बनने वाले अधिकारी ,कर्मचारी के व्यवहारों से सीधा आर -पार की लड़ाई लड़ने के लिए संघर्षरत हूँ।उम्मीद है कि एक दिन अनौरा ग्राम पंचायत आदर्श पंचायत बनकर लोगो के लिए उदाहरण बनेगा। वरुणा नदी के किनारे बसा यह गांव पावन होगा।

युवा पहलवान रोजाना अभ्यास और अनुशासन को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा : गोरख यादव

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय ब्लॉक के कोईराजपुर गांव में वरुणा नदी के किनारे स्थित स्मृति शेष लालता प्रसाद (पहलवान) व्यायामशाला योगाश्रम कुश्ती एकेडमी में रविवार को वाराणसी कुश्ती संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोरख यादव पहुंचे। उन्होंने एकेडमी में अभ्यास कर रहे युवा पहलवानों से मुलाकात की। बच्चों से उनके अभ्यास और खेल की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।



इस दौरान उन्होंने एकेडमी के अध्यक्ष, भूतपूर्व सैनिक और राष्ट्रीय पहलवान लक्ष्मी नारायण और एनआईएस कोच राजेश यादव से बच्चों को दी जा रही ट्रेनिंग और उनके अभ्यास के बारे में बातचीत की। गोरख यादव ने बच्चों की मेहनत और कुश्ती के प्रति उनके उत्साह की सराहना की।

उन्होंने युवा पहलवानों से कहा कि कुश्ती में आगे बढ़ने के लिए रोज अभ्यास करना जरूरी है। जीत के साथ हार को भी खेल का हिस्सा मानना चाहिए। किसी मुकाबले में हार मिलने पर मन छोटा नहीं करना चाहिए। हार के बाद अपनी गलतियों को समझकर अगली तैयारी में उन्हें सुधारना चाहिए। यही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान है।

गोरख यादव ने कहा कि मन में देश के लिए खेलने का सपना लेकर कुश्ती करते रहें। मेहनत और लगन से कुश्ती में अच्छा भविष्य बनाया जा सकता है। इसके लिए अनुशासन और नियमित अभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि खेल के दौरान अपना मनोबल कभी कम न होने दें।

उन्होंने युवा पहलवानों को अच्छे खिलाड़ियों और अच्छे लोगों से सीख लेने की सलाह दी। कहा कि अच्छे लोगों के नक्शेकदम पर चलेंगे तो आगे बढ़ने का रास्ता आसान होगा। खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने की बात कही।

इस दौरान एनआईएस कोच राजेश यादव, अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, गोपाल विश्वकर्मा, सुरेंद्र यादव, सुजीत पटेल, साजन, चंदन, विनय, रोहित, अभियंश, अनुज, अंश सहित कई युवा पहलवान मौजूद रहे। गोरख यादव ने कहा कि गांवों में चल रही ऐसी एकेडमियां बच्चों को आगे बढ़ने का मौका दे रही हैं। यहां से निकलने वाले खिलाड़ी आगे चलकर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

कौशल आधारित शिक्षा ही आदिवासी समाज को मुख्यधारा में सहायक सिद्ध होगा।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। कौशल आधारित शिक्षा ही आदिवासी समाज को मुख्य धारा में जोड़ सकता है। उक्त बातें विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दोपहर जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, गनेशपुर वार्ड नं.-14, पो-शिवपुर, वाराणसी में निदेशालय जनजाति विकास विभाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश





सरकार एवं जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में ट्राइबल सब प्लान योजनान्तर्गत जनजाति समाज के विकास हेतु विविध कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम उपरान्त प्रशिक्षुओं के बीच जनजाति जन संवाद एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनन्द द्विवेदी,निदेशक, जन शिक्षण संस्थान निदेशालय, वाराणसी, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार वर्मा, सहायक लेखाकार, जिला समाज कल्याण विकास कार्यालय वाराणसी, पूर्व ग्राम प्रधान एवं समाज सेवी महेन्द्र प्रसाद एवं संस्थान के सचिव/प्रबंधक-डॉ. बृजभान मरावी ने भगवान बिरसा मुण्डा के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि आनन्द द्विवेदी ने सर्वप्रथम विश्व आदिवासी दिवस को बधाई देते हुए कहा कि कौशल आधारित शिक्षा ही आदिवासी समाज को मुख्य धारा में लाने में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होने कहा कि जनजाति विकास विभाग, लखनऊ द्वारा संचालित ट्राइबल सब प्लान योजना से जनजाति परिवार के बच्चें स्वरोजगार परक प्रशिक्षण सीधे अपने जनपद में लाभ प्राप्त कर निरंतर आगे बढ़ रहें है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजय कुमार वर्मा, सहायक लेखाकार, जिला समाज कल्याण विकास कार्यालय ने कहा कि विभाग जनपद के जनजाति विकास हेतु नोडल कार्यालय के रूप में कार्यरत है। जो समय-समय पर जनजाति समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन शासन के आदेशानुसार करता रहता है। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जनजाति समाज के निःशुल्क बाईसकिल, पुस्तक, प्रशिक्षण एवं छात्रवृत्ति योजना का संचालन कर विभाग द्वारा जनजाति विकास में योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विविध ट्रेडो में प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को निःशूल्क टूल किट वितरण किया गया। जिससें उनको रोजगार स्थापना में सहायता प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन एवं अंगवस्त्र से सम्मान संस्थान के सचिव डॉ. बृजभान मरावी ने किया।

जनता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : आशीष पटेल

समाज जागरण

मीरजापुर / अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जी ने रविवार को सरदार पटेल चौराहा स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित ह्यजनसंवादह्ल कार्यक्रम में जनपद वासियों की समस्याएं सुनीं।सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, तहसीलों और गांवों से आए सैकड़ों नागरिकों, एनडीए घटक दलों के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।

मंत्री ने हर एक फरियादी की बात धैर्यपूर्वक सुनी* और बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क से जुड़े मामलों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल दूरभाष पर वार्ता कर मौके पर ही निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

इस अवसर पर मंत्री श्री आशीष



पटेल ने कहा, "जनता की सेवा ही मेरे लिए सबसे बड़ा धर्म है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराना मेरी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता है। आप सभी का जो स्नेह और विश्वास मिला है, वही मुझे दिन-रात जनसेवा के लिए प्रेरणा देता है।"

जनसंवाद में प्रमुख मुद्देः

बिजली की अघोषित कटौती, ट्रांसफार्मर बदलना, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं, पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवाना तथा जिला अस्पताल में डॉक्टरों की उपलब्धता जैसे विषय प्रमुखता से उठे। मंत्री जी ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर 7 दिन के अंदर निस्तारित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सहित भाजपा एवं अपना दल (एस) के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिले के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

विधायक स्व० उमाशंकर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण

बलिया के गड़वार बाजार स्थित रामलीला चबूतरा पर रविवार को रसड़ा के पूर्व विधायक उमाशंकर सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक कार्यों और क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को याद किया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सभा की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सौरव श्रीवास्तव ने की। इसका संचालन एवं संयोजन सतीश उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में पूर्व



जिला पंचायत अध्यक्ष भारती सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उमाशंकर सिंह का निधन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है और उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। उन्होंने उनके जनहित कार्यों को प्रेरणादायक बताया।

इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरविंद सिंह, राकेश सिंह बबलू, रमेश पांडेय, शंभूनाथ वर्मा, सुधीर सिंह, टुनटुन उपाध्याय, जय प्रकाश वर्मा, रतसर चेयरमैन प्रतिनिधि पवन सिंह, चेयरमैन अजय राजभर, गजेंद्र सिंह, शाहनवाज खान,मुन्ना चौरसिया, अंजनी गुप्ता,शमीम अंसारी भोला और सोनू गुप्ता आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

आदिवासी संस्कृति और विरासत को नई पहचान दिलाने का संकल्प : आशीष पटेल

समाज जागरण

मीरजापुर / विश्व आदिवासी दिवस* के अवसर पर आज हथेड़ा स्थित बिरसा मुण्डा ग्राउण्ड, हलिया में विश्व आदिवासी महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और विशिष्ट अतिथि रिंकी कोल विधायक छानबे उपस्थित रहीं।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री आशीष पटेल ने समस्त प्रदेश एवं जनपद वासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मीडिया से वार्ता में उन्होंने कहा, हथेड़ा के बिरसा मुण्डा ग्राउण्ड में हो रहा यह आयोजन केवल एक महोत्सव नहीं है। यह हमारी प्राचीन और समृद्ध जनजातीय सभ्यता, संस्कृति और विरासत को संजोने, संवारने और उसे देश-दुनिया में नई पहचान दिलाने का एक संकल्प है।कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि आज पूरे देश में हर्ष और उल्लास के साथ आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से आदिवासी समाज अपनी संस्कृति की चमक पूरी दुनिया को दिखा रहा है। आदिवासी महोत्सव



अब आदिवासी जीवन दर्शन, कला, संस्कृति और परंपराओं को एक नई पहचान देने का सबसे बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। यहां हमें उनकी वेशभूषा, गीत, नृत्य और परंपराओं से सीधे रूबरू होने का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री आशीष पटेल हथेड़ा से हलिया बाजार तक निकले भव्य आदिवासी जुलूस में भी शामिल हुए। जुलूस में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़े और गीतों के साथ चल रहे थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक जोन अध्यक्ष जनार्दन कोल ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, राष्ट्रीय सचिव किसान मंच रमाकांत पटेल, प्रदेश महासचिव शिक्षक मंच लाल बहादुर पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश सचिव बौद्धिक मंच मुन्नर पटेल, प्रदेश सचिव व्यापार मंच रवि शंकर सिंह पटेल, प्रदेश सचिव छात्र मंच दिलीप पटेल, जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, जिला सचिव विकास सोनकर, जोन अध्यक्ष अखिलेश बिंद, जोन अध्यक्ष गुलाब बहादुर पटेल, जोन अध्यक्ष विकास पटेल, जोन अध्यक्ष सुनील कुमार पटेल, हर्षित पटेल, इंदु पटेल, शशिकांत पटेल, गौरव पटेल, शेरू पटेल, कल्पना सिंह पटेल, अजय पटेल, अजय कुमार पटेल, सोनू पटेल अपना दल (एस) के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया शंकर सिंह चौहान दी।

कैबिनेट मंत्री,आशीष पटेल को ग्रीन गुरु ने भेंट किया फाइकस पांडा का पौध

समाज जागरण


मीरजापुर /प्रधानाचार्य,अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु ने जिला सहकारी बैंक मीरजापुर के सभागार में जिला ओलम्पिक संघ के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री,आशीष पटेल को पॉट में लगा हुआ फाइकस पांडा का पौध भेंट कर स्वागत करने के साथ 09 अगस्त 2026 को 4057वें दिन लगातार पौध रोपण किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने कहा कि के खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव,अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु को मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर, कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर,नमामि गंगे,जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, संयोजक, विंध्याचल मंडल (मीरजापुर), लोक भारती हरियाली अभियान,लखनऊ, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर, जनपदीय समिति सदस्य, एक पेड़ मां के नाम 3.0" वृक्षारोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 4057वें दिन के क्रम में कार्यक्रम स्थल के परिसर के गमले में लिली के पौध का रोपण अश्वनी पाण्डे,प्रवीण सिंह, कोलना,प्रवीण आर्य,चंद्र पाल ,शुभम दुबे,भोला नाथ यादव, व अपराजिता के साथ ग्रीन गुरु ने किया। कार्यक्रम के दौरान एस पी त्रिपाठी डॉ जगदीश सिंह पटेल,धर्म वीर सिंह,राकेश त्रिपाठी, हुब लाल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर,ब्रांड अम्बेस्डर, मीरजापुर, प्रधानाचार्य, अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु ने अश्वनी पाण्डे को लिली का पौध देते हुए बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा - भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

अपने भक्तो के सभी कष्टों को पल में दूर करने वाले भक्त वत्सल बाबा नागेश्वर नाथ

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीन पुर थाना क्षेत्र के उंचाडिह ग्राम के दक्षिण दिशा में अपने भक्तो के सभी कष्टों को पल में दूर करने वाले भक्त वत्सल बाबा नागेश्वर नाथ बिराजमान है। सैकडो वर्ष पूर्व यह क्षेत्र घना जंगल के रूप में था जिसमें सभी प्रकार के जंगली जीव बिचरण करते थे। कुछ चरवाहे अपनी गायों को चराने के लिए इसी जंगल में लेकर रोजाना आया करते थे। एक गाय नित्य शाम के समय जब चरवाहे अपनी गायों को लेकर घर के लिए वापस होते थे उसी समय झुण्ड से अलग निकल कर एक निश्चित स्थान पर आकर खडी हो जाती थी और उसके थन से दूध स्वतः उस स्थान पर गिरने लगता था ।यह क्रम नियम से चलता रहा तो चरवाहे को शंका हो गया कि आखिर में दिन भर चराने के बाद भी मेरी गाय दूध क्यों नहीं दे रही है। उसने गाय पर नजर रखना शुरू कर दिया।रोज कि तरह गाय चराने के बाद जब वापसी का समय हुवा तो वह गाय धीरे से पुनःअन्य गायों का साथ छोड कर उसी स्थान पर आ गयी और पुन; उसके थन से दूध अपने आप वहां पर जमीन पर गिरने लगा। चरवाहे ने यह जानकारी गांव वालों को दी ।सभी गांव वालो ने उस स्थान की सफाई करने के बाद खुदाई की तो भगवान भोले नाथ का यह दिव्य एवम अत्यंत ही दुर्लभ शिव लिंग दिखाई दिया जिसका निचला सिरा कितना निचे तक है किसी को नहीं पता है।जब लोगों ने खुदाई करके इस शिवलिंग को जमीन से निकालना चाहा तो यह शिवलिंग अपने आप नीचे की तरफ धसने लगा परिणाम स्वरूप लोगों ने खुदाई बन्द कर दर्शन पूजन का कार्य प्रारम्भ कर दिया। एक बार कुछ लोग इस शिवलिंग को नुकशान पहूंचाने की नियत से यहां आये और प्रयास किये उन सभी की आखों की रोशनी गायब हो गयी थी वह लोग रात भर एक ही



स्थान पर चक्कर लगाते रहे। सुबह हो गयी उन सभी ने अन्त में बाबा के दरबार में आकर अपने इस गुनाह के लिए माफी मांगा तो बाबा नागेश्वर की कृपा से उनके नेत्रो की रोशनी पुनः वापस आ गयी। मुगल काल में औरंगजेब के समय जब मुगल सैनिको द्वारा हिन्दू मंदिरो को तोडा जा रहा था उस समय बाबा नागेश्वर नाथ की प्रसिद्धि दूर दूर तक फैल रही थी नागेश्वर नाथ की प्रसिद्धि सुनकर इस शिवलिंग को भी तोडने का प्रयास किया गया। लेकिन नाकामयाब रहे।आज भी इस दुर्लभ शिव लिंग पर उनके द्वारा किये गये प्रहार का निशान साफ साफ दिखता है। अयोध्या से बक्सर जाते समय महर्षि बिश्वामित्र के साथ भगवान राम लक्ष्मण लखनेश्वर डीह की स्थापना के बाद यहां से होकर के ही कष्ट हरणी धाम व कामेश्वर धाम कारो में रात्रि बिश्राम कर बक्सर पहूंचे थे।बाबा नागेश्वरनाथ के पिछे एक सुन्दर पोखरा है। जिसमें पक्के घाट बने है। भव्य गेट एवम यहां का शान्त व हरा भरा वातावरण हर आने वाले को पुनः यहां आने पर मजबूर करता है। सुन्दर धर्मशाला का भी निर्माण भी किया गया है। सारी व्यवस्था एक दम सुव्यवस्थित ढंग से कि गयी है। दूर दूर से लोग बाबा नागेश्वर नाथ के धाम में आते है। क्षेत्र के लाखो लाख लोगों के आराध्य देव है नागेश्वर नाथ।नागेश्वर नाथ के बगल में श्री लक्ष्मी नारायण,बजरंग बली ,मां दुर्गा ,मां सरस्वती के भी मंदिर का निर्माण कराया गया है। बाहर में नंदी जी बिराजमान है। शिवरात्रि के दिन यहां मेला लगता है। सावन मास में यहां पूरे महिने भजन किर्तन हवन पूजन जलाभिषेक दुग्धाभिषेक का कार्यक्रम चलता रहता है।आने वाले भक्तों के लिए पेयजल की भी बहुत सुन्दर ब्यवस्था की गयी है। नागेश्वर नाथ धाम के पिछे में स्थित सुन्दर सरोवर एवम बाग इस धाम की खूबसूरती में चार चांद लगाता है।पूरे धाम परिसर में सुन्दर पुष्प एवम बृक्ष लगाये गये है। नागेश्वर नाथ धाम का मुख्य द्वार भी बहुत खुबसूरत बनाया गया है।

त्रिशूल धारी बाबा भोले नाथ के एक दिब्य अलौकिक स्वरूप हैं श्री गोरिल बाबा

बावनो गांव दोनवार वंशीय भूंमिहार एवं उनके रिश्तेदार सगे सम्बन्धी श्री गोरिल बाबा को अपना इष्टदेव मानते हैं

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील अन्तर्गत करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के राजापुर ग्राम के रायपुर मौजे में बिराजमान है त्रिशूल धारी बाबा भोले नाथ के एक दिब्य अलौकिक स्वरूप श्री गोरिल बाबा। परम्परानुसार श्रावण शुक्ल सप्तमी या उसके बाद पडने वाले मंगलवार को श्री गोरिल बाबा के धाम पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में आस्था एवम विश्वास के परिणाम स्वरूप हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु जन का आवागमन होता है। भगवान भोले नाथ के त्रिशूल सदृश श्री गोरिल बाबा लोगों की मनोकामना पूर्ण करते है। मेले में बिराट दंगल का भी आयोजन किया जाता है जिसमें गाजीपुर बलिया वाराणसी मऊ आदि जिलों के नामी गिनामी पहलवान आकर मल्ल युद्ध का कुश्ती कला का प्रदर्शन करते है। श्री गोरिल बाबा के राजापुर में प्रकट होने के बारे मे प्राप्त जानकारी के अनुसार अठारहवी शताब्दी में राजापुर के लोगों के पूर्वज श्री कान्त राय जी आजमगढ़ जनपद के रैनी अमारी ग्राम से चलकर उक्त स्थान पर पहूंचे जहां पर आज के समय में शिव के अवतार श्री गोरिल बाबा का धाम स्थित है। उन्होंने वहां पर जो देखा



वह आश्चर्यजनक था उस घटना को देखते ही रोंगटे खडे हो गये। उन्होने देखा की बिना हलवाहे के हल अपने आप खेत में चल रहा था। तभी त्रिशुलधारी बाबा हाथी पर चढ कर सामने प्रगट हुवे और उनकी शंका मिटाई। आपने कहा की डरो मत बेटा मै गोरिल डीह हूं। बेटा अपनी ब्यथा सुनाओ। तब श्रीकांत राय ने कहा की मै शरणागत हूं मुझे आपकी छत्रछाया चाहिए।श्री गोरिल बाबा ने कहा की बेटा तुम सपरिवार यहीं पर आकर बस जाओ मै सदैव तुम सबकी रक्षा करूंगा। उस समय इस इलाके में चेर एवम खरवार जाति का आतंक था। गोरिल बाबा की कृपा से उनकी झोपडियों पर ईंट एवम पत्थर की बर्षा होने लगी। बाबा की कृपा से तीन दिन के अन्दर ही उनका सर्वनाश हो गया। जो बचे वह भाग कर अन्यत्र चले गये। आज भी राजापुर उसी इंट पत्थर की वर्षा से बने उंचे टीले पर ही आबाद है। उसी समय श्रीकांत राय ने सपरिवार बस कर राजापुर को आबाद किया। एक समय कुछ चोर बाबा गोरिल नाथ जी की मुर्ति उखाड़ कर ले जाने का प्रयास किये तो पास में स्थित एक कुंआ मे गिर गये उनके आंखो की रोशनी गायब हो गयी। जब बाबा की प्रार्थना किये तो उनकी आंखो की रोशनी वापस आई और जीवन दान मिला। बुजुर्गों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अंग्रेजो के द्वारा यहां पर हवाई अड्डा बनाने के लिए भूमि की पैमाईश की गयी। भूमि पूजन कराये बिना मजदूरों द्वारा जब फावडे से खुदाई शुरू की गयी तो मजदूर एक एक करके अचेत होकर के गिरने लगे और उन सभी की आंखो की रोशनी भी गायब हो गयी। वे सभी मजदूर असहाय होकर रोने चिल्लाने लगे। चारै तरफ हाहाकार मच गया। इसकी सूचना इंजिनियर एवम अधिकारियों को मिली। वह लोग भी भागे भागे मौके पर आये। उनके आने के बाद अदृश्य शक्ति श्री गोरिल बाबा ने कहा की यह कृषि योग्य भूमि है मैने एक परिवार को यहां पर बसाया है उनकी रक्षा होनी चाहिए। उनके मना करने पर हवाई अड्डा का निर्माण कार्य बन्द करने के आश्वासन पर सभी मजदूरों की स्थिति में सुधार हो गया। निर्माण कार्य बन्द कर दिया गया। वही हवाई अड्डा बाद में शहबाज कुली में बनाया गया था। बाद में श्रीकांत राय का घोडा जिस क्षेत्र तक दौडा वह क्षेत्र राजापुर ग्राम की सीमा में आ गया। अठारहवीं शताब्दी से लेकर आज तक बावनो गांव दोनवार वंशीय भूंमिहार एवं उनके रिश्तेदार सगे सम्बन्धी श्री गोरिल बाबा को अपना इष्टदेव मानते है। प्रत्येक मंगलवार को धाम पर श्रद्धालुओं की भींड उमडती है। बाबा सबकी मनोकामना पूर्ण करते है।आज के समय में बाबा के धाम पर बहुत सारा बिकास कार्य कराया गया है।बाबा के मुख्य चबूतरे के चारो तरफ स्टील का खूबसूरत घेरा बनवाया गया है। जिससे बाबा के स्थान की सुन्दरता और बढ गयी है।बाबा के धाम पर धर्मशाला का भी निर्माण कराया गया है।ब्लाक प्रमुख मुहम्मदाबाद अवधेश राय जी के द्वारा भी बाबा के स्थान के चारों तरफ सुंदरीकरण कराया गया है।इस बार 25 अगस्त मंगलवार को बाबा के धाम पर विशाल मेला का आयोजन किया जाएगा।इस मेले के अवसर पर आयोजित कुश्ती दंगल को देखने के लिए दूर दूर से लोग पहुंचते हैं।

नगर परिषद बरगवां-अमलाई में विकास कार्यों पर सवाल, सड़क-नाली से लेकर पानी टंकी और स्ट्रीट लाइट तक चर्चा

वार्ड 7-8 में वनभूमि की अनुमति का हवाला, वार्ड 9 में पानी टंकी निर्माण पर उठे सवाल; करोड़ों के टेंडर की जांच की मांग

समाज जागरण

बरगवां-अमलाई। नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ कथित अनियमितताओं को लेकर नागरिकों के बीच चर्चा तेज है। वार्ड 7 और 8 में सड़क-नाली निर्माण के लिए वन विभाग की अनुमति नहीं मिलने का हवाला दिए जाने के बाद अब वार्ड 9 में पानी टंकी निर्माण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि वनभूमि पर निर्माण के लिए अनुमति जरूरी है तो पानी टंकी के लिए अनुमति किस आधार पर मिली, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।

वहीं, नई बनी सड़कों को पाइपलाइन



बिछाने के लिए खोदे जाने से भी लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर सड़क खोदने के बाद मरम्मत ठीक तरीके से नहीं की जा रही। पाइप लाइन कार्य से जुड़ी कंपनी के कामकाज पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर की चर्चा के बीच नागरिकों का दावा है कि बड़ी संख्या में लाइटें बंद पड़ी हैं।

लोगों ने पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट, सड़क-नाली और पानी टंकी से जुड़े कार्यों की स्वतंत्र जांच तथा टेंडर और निर्माण संबंधी दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की है। अब नगर परिषद के आधिकारिक जवाब का इंतजार है।

उमरिया जिले की आंगनवाड़ियों की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन ?

पहले रेन वाटर हार्वेस्टिंग में कथित खानापूर्ति, अब रंग-रोगन की राशि पर सवाल; लाखो की योजनाओं का जमीनी लाभ आखिर कहां ?

समाज जागरण

उमरिया । जिले की आंगनवाड़ी व्यवस्थाओं को लेकर लगातार गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शासन द्वारा बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आंगनवाड़ी भवनों के रखरखाव के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ दिखाई नहीं देने से स्थानीय नागरिकों एवं जागरूक संगठनों में नाराजगी है।

रंग-रोगन की राशि का क्या हुआ?

सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र के रंग-रोगन एवं पेंटिंग कार्य के लिए 3,000 रुपये की राशि संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के खातों में उपलब्ध कराई गई थी। आरोप है कि राशि प्राप्त होने के बावजूद जिले के अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों में रंग-रोगन का कार्य नहीं कराया गया। आज भी अनेक केंद्रों की स्थिति लगभग वैसी ही बनी हुई है जैसी राशि स्वीकृत होने से पहले थी।

ऐसे में यह जांच का विषय है कि आवंटित राशि का उपयोग किस कार्य में किया गया, भुगतान किसे किया गया तथा संबंधित कार्य वास्तव में कराया गया या नहीं। स्थानीय नागरिकों ने प्रत्येक केंद्र के भौतिक सत्यापन, व्यय विवरण, बिल-वाउचर एवं कार्यों की जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग योजना भी सवालों के घेरे में

पिछले वर्ष शासन का उद्देश्य था कि वर्षा का पानी सीधे भूमि में समाहित हो, भू-जल स्तर में सुधार आए तथा जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। इसी उद्देश्य से सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। किन्तु स्थानीय स्तर पर आरोप हैं कि कई स्थानों पर केवल औपचारिकता निभाई गई। कहीं केवल एक पाइप लगाकर, तो कहीं केवल एक गड्ढा खोदकर कार्य पूर्ण दर्शा दिया गया, जबकि अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रभावी रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था आज भी दिखाई नहीं देती। यदि इन आरोपों में सत्यता है, तो यह योजना के उद्देश्य और शासकीय धन, दोनों के साथ गंभीर लापरवाही का मामला हो सकता है।

RO वाटर फिल्टर भी बने शोपीस

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में नौनिहालों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरओ (Kent) वाटर फिल्टर उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन आरोप है कि अनेक केंद्रों में पानी की टंकी अथवा जलापूर्ति से कनेक्शन ही नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप लाखों रुपये की लागत से उपलब्ध कराए गए आरओ फिल्टर उपयोग में आने के बजाय केवल शोपीस बनकर पड़े हुए हैं और बच्चों को उनका लाभ नहीं मिल रहा है। उच्च अधिकारियों को निरीक्षण में यह सब क्यों नहीं दिखता? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि परियोजना अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किए जाते हैं। इसके बावजूद यदि रंग-रोगन के अधूरे कार्य, रेन वाटर हार्वेस्टिंग की कथित खानापूर्ति तथा बिना कनेक्शन के पड़े आरओ वाटर फिल्टर जैसी स्थितियां सामने नहीं आतीं, तो निरीक्षण की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। नागरिकों का कहना है कि इन योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन होना चाहिए तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

स्थानीय नागरिकों एवं जागरूक संगठनों ने मांग की है कि जिले की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में रंग-रोगन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं आरओ वाटर फिल्टर योजनाओं की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं भौतिक जांच कराई जाए।

साथ ही यदि कहीं शासकीय धन के दुरुपयोग, अनि यमितता अथवा लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिम्मेदार एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए तथा जांच रिपोर्ट सार्व जनिक की जाए।

समाज सेवा विकास संस्था का नवाचार: बड़वारा CHC में प्रसूताओं को बांटे पौधे; अब तक 12 हजार से अधिक पौधों का वितरण

समाज जागरण

कटनी जिले के बड़वारा मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में समाज सेवा विकास संस्था द्वारा एक अनूठा अभियान चलाया गया। संस्था की टीम ने अस्पताल में जन्मे नवजात शिशुओं के माता-पिता को उपहार स्वरूप फलदार पौधे भेंट किए। इस दौरान परिजनों को संकल्प दिलाया गया कि जिस प्रकार वे अपने बच्चे का लालन-पालन करेंगे, ठीक उसी तरह इस पौधे को भी सींचकर बड़ा वृक्ष बनाएंगे। संस्था के इस अनोखे प्रयास की अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों और क्षेत्रीय नागरिकों ने सराहना की है।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी पूजा सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर उनकी टीम पिछले कई वर्षों से निरंतर सक्रिय है। इसी कड़ी में बड़वारा शासकीय अस्पताल में प्रसूताओं और उनके परिजनों को फलदार पौधे बांटे गए। उन्होंने कहा कि जब-जब बच्चा बड़ा होगा, उसके साथ यह पौधा भी वृक्ष का रूप लेगा, जो परिवार के लिए एक सुखद और



यादगार स्मृति बनेगा।

डोर-टू-डोर से लेकर हाईवे तक चला अभियान

कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी बबीता सिंह ने संस्था के पूर्व अभियानों का उल्लेख करते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण का यह प्रयास निरंतर जारी है। पिछले दो वर्षों के दौरान संस्था ने विभिन्न सामाजिक आयोजनों और ग्रामीण अंचलों में घर-घर जाकर मुफ्त पौधे बांटे हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को सम्मानित करते हुए पौधे भेंट किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह में नवदंपतियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाओं के साथ पौधे उपहार में दिए जाते हैं। जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ जैसे अवसरों पर भी पौधे भेंट करने की परंपरा संस्था द्वारा निभाई जा रही है।

12 हजार में से 10 हजार पौधों के जीवित रहने की उम्मीद

आंकड़े साझा करते हुए बबीता सिंह ने बताया कि संस्था अब तक करीब 12,000 पौधों का वितरण कर चुकी है। नियमित देखभाल और जनभागीदारी के कारण इनमें से लगभग 10,000 पौधों के सुरक्षित रहकर वृक्ष बनने की पूरी संभावना है, जो कि इस अभियान की एक बड़ी उपलब्धि है।

बटुरा-बिछिया में जुल्ली-अशोक का 52 परी का खेल!

दिन बदलते ही ठिकाना बदल जाता है, सड़क से जंगल तक पहुंचते हैं खिलाड़ी; अमलाई पुलिस की नजर से कैसे बच रहा पूरा खेल ?

समाज जागरण

अमलाई। बटुरा-बिछिया और आस पास के इलाकों में इन दिनों 52 परी यानी ताश के जुए की चर्चा जोरों पर है। इलाके में चल रही चचाओं और स्थानीय सूत्रों की मानें तो पिछले करीब एक महीने से जुल्ली और अशोक नाम के दो लोगों के द्वारा जगह-जगह जुए के फड़ जमाए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि फड़ एक ही जगह पर नहीं लगता। आज यहां तो कल वहां, पुलिस की नजर से बचने के लिए ठिकाने बदल दिए जाते हैं। कभी बटुरा तो कभी बिछिया और आसपास के सुनसान एवं जंगल वाले इलाकों में जुआ बैठने की चर्चा है। बुढार से बिजुरी तक के खिलाड़ी पहुंचने की चर्चा इस कथित जुए के खेल में सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि बुढार, धनपुरी, शहडोल, कोतमा, बिजुरी और अनूपपुर जैसे इलाकों से भी खिलाड़ी पहुंचने की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए भी पूरा इंतजाम रहता है। मुख्य सड़क से आगे जहां वाहन पहुंचते हैं, वहां से कथित रूप से कुछ लोग उन्हें आगे जंगल या सुनसान जगह तक पहुंचाते हैं। यानी खिलाड़ी कहां से आ रहा है, किस रास्ते से जा रहा है और फड़ तक कैसे पहुंचना है– इसकी जानकारी पहले से तय होने की बात कही जा रही है।

तिराहे-चौराहे पर निगरानी, पुलिस से पहले पहुंचती है खबर! इस पूरे खेल में सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात कथित निगरानी व्यवस्था है। चर्चा है कि रास्ते में तिराहे-चौराहे और गली-मोहल्लों में लोग नजर रखने के लिए खड़े रहते हैं।

कोई नया चेहरा दिखाई दिया या पुलिस की गाड़ी नजर आई तो खबर फड़ तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगता। यही वजह है कि स्थानीय लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर पुलिस से पहले जुआ संचालकों को सूचना कैसे मिल जाती है?

क्या इनका अपना कोई मजबूत नेटवर्क है? क्या कहीं से अंदर की खबर पहुंचती है? या फिर किसी बड़े आदमी का हाथ इनके सिर पर है? इन सवालों का जवाब पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकता है।

पास में थाना, फिर भी जुआ बेखौफ! सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस इलाके में जुए के फड़ की लगातार चर्चा हो रही है, वहां से अमलाई थाना भी ज्यादा दूर नहीं है। इसके बावजूद अगर पिछले एक महीने से यह खेल चलने की बात सामने आ रही है तो पुलिस की निगरानी और मुखबिर तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोगों का कहना है कि अगर जुआ नहीं चल रहा है तो पुलिस खुलकर जांच करे और स्थिति साफ करे। वहीं अगर वास्तव में 52 परी का खेल चल रहा है तो सिर्फ छोटे खिलाड़ियों पर कार्रवाई करने के बजाय पूरे खेल के असली संचालकों तक पहुंचना जरूरी है।

जुल्ली और अशोक की जोड़ी की चर्चा पूरे इलाके में बटुरा-बिछिया क्षेत्र में इन दिनों जुल्ली और अशोक के नाम की चर्चा सबसे ज्यादा होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि इनके द्वारा जगह बदल-बदलकर जुए का संचालन कराया जाता है और खिलाड़ियों को ठिकाने तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग लोगों का इस्तेमाल किया जाता है।

हालांकि यह सभी बातें स्थानीय चचाओं और सूत्रों पर आधारित हैं। पुलिस की जांच और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। क्या किसी का संरक्षण मिला हुआ है? अब इलाके में सबसे बड़ा सवाल यही घूम रहा है कि अगर इतने बड़े स्तर पर जुए का खेल चलने की बात सही है तो आखिर इसके पीछे कौन है?

क्या कोई राजनीतिक संरक्षण है?

क्या कोई प्रशासनिक संरक्षण है?

या फिर पुलिस तंत्र में ही कोई ऐसा व्यक्ति है जो पहले से सूचना पहुंचा देता है? इन सवालों का जवाब सामने आना जरूरी है, क्योंकि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो मामला सिर्फ जुआ खेलने वालों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे नेटवर्क की जांच जरूरी होगी। एक व्यक्ति के जिला बदर होने की भी चर्चा स्थानीय सूत्रों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि कथित रूप से इस नेटवर्क से जुड़े लोगों में से एक व्यक्ति के खिलाफ पूर्व में जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। हालांकि इसकी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि यह जानकारी सही है तो पुलिस-प्रशासन को पुराने रिकॉर्ड की जांच कर यह भी देखना चाहिए कि संबंधित व्यक्ति वर्तमान में किस तरह और किन गतिविधियों में सक्रिय है। अब फड़ पर पुलिस की नजर कब पड़ेगी? बटुरा-बिछिया में 52 परी के कथित खेल को लेकर चचाएं लगातार तेज हो रही हैं। बाहर से खिलाड़ियों के आने की बात कही जा रही है, जंगल तक पहुंचाने के लिए कथित व्यवस्था की चर्चा है और रास्तों पर निगरानी रखने वाले लोगों की भी बातें सामने आ रही हैं।

डैम के नीचे जोहिला में बुझ गया घर का चिराग

आंगनबाड़ी से छुट्टी के बाद नदी की ओर गया था कार्तिक मौत की जांच में जुटी पुलिस

मासूम का शव मिलने से मचा हड़कंप

समाज जागरण

उमरिया -- जिले के संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट के डैम के नीचे जोहिला नदी में शनिवार को एक मासूम बालक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नदी में शव मिलने की खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गयी।सूचना मिलते ही लोग घटना स्थल की ओर दौडे,जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना ने एक बार फिर नदी और जलस्त्रोतों के आसपास की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कार्तिक सोनी पिता दीपक सोनी निवासी शांति नगर के रूप में हुई है। बताया गया कि कार्तिक आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ता था। शनिवार को छुट्टी के बाद वह किसी साथी के साथ नदी की ओर चला गया। दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच हुई इस घटना के बाद जोहिला नदी में उसका शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की परिस्थितियों का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मासूम की मौत से परिवार पर टूटा दुख का पहाड़

कार्तिक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची घर में चीख-पुकार मच गई। जिस मासूम के आंगनबाड़ी से लौटकर घर आने का इंतजार था उसकी जगह मौत की खबर पहुंची तो परिवार का कलेजा फट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल बालक की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह जांच का विषय है। पुलिस द्वारा घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना ने क्षेत्र में जलस्रोतों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और बच्चों की निगरानी को लेकर बडे. सवाल खड़े कर दिए हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में दूषित पेयजल का खतरा, वाटर फिल्टर लगाने की उठी मांग..!

छत पर रखी पानी की टंकी से वाटर कूलर और शौचालय में हो रही जलापूर्ति

समाज जागरण

उमरिया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारियों और विभिन्न कार्यों से आने वाले आम नागरिकों को कई वर्षों से उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। कलेक्ट्रेट भवन की छत पर रखी पानी की टंकी से ही वाटर कूलर और शौचालय के लिए पानी की आपूर्ति किए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं, बरसात के मौसम में इस पानी को शुद्ध करने के लिए फिल्ट्रेशन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने तथा टंकी की नियमित सफाई नहीं कराए जाने से दूषित पेयजल का खतरा बना हुआ है। एक ही टंकी से हो रही पानी की आपूर्ति बताया जा रहा है कि कलेक्ट्रेट परिसर में पानी की व्यवस्था बोरवेल के माध्यम से की गई है। बोर से पानी को भवन की छत पर रखी पानी की टंकी में एकत्रित किया जाता है। इसी टंकी से वाटर कूलर के साथ-साथ शौचालय में भी पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में पेयजल के लिए इस्तेमाल किए जा रहे पानी की स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी हो जाता है।

विशेषकर बरसात के मौसम में पानी के दूषित होने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे में पेयजल को फिल्टर अथवा अन्य उपयुक्त शोधन प्रक्रिया से गुजारने की व्यवस्था होना आवश्यक है। टंकी की सफाई को लेकर भी चिंता कलेक्ट्रेट परिसर में रखी पानी की टंकी की नियमित सफाई और रखरखाव को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि लंबे समय तक टंकी की सफाई नहीं की जाती है तो उसमें गंदगी, मिट्टी अथवा अन्य अशुद्धियां जमा होने की संभावना रहती है। इसका सीधा असर पेयजल की गुणवत्ता पर पड़ सकता है।

कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता, ग्रामीण और आम नागरिक विभिन्न कार्यों से पहुंचते हैं। ऐसे में यहां उपलब्ध कराए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता बेहतर होना बेहद आवश्यक है। आमजन ने की वाटर फिल्टर लगाने की मांग पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। आम नागरिकों का कहना है कि कलेक्ट्रेट जैसे



महत्वपूर्ण शासकीय परिसर में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि कलेक्ट्रेट परिसर में उच्च गुणवत्ता वाला वाटर फिल्टर लगाया जाए, जिससे वाटर कूलर के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही पानी की टंकी की नियमित अंतराल पर सफाई कराने और उसकी स्थिति की निगरानी के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग भी की गई है। पानी की गुणवत्ता की जांच कराने की जरूरत लोगों का कहना है कि केवल फिल्टर लगाने से ही समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि बोरवेल से लेकर टंकी और वाटर कूलर तक पूरी जलापूर्ति व्यवस्था की जांच की जानी चाहिए। पानी का सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पेयजल पीने योग्य है या नहीं। यदि जांच में पानी की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाटर कूलर और पानी की टंकी की नियमित सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी कलेक्ट्रेट जिले का प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन आम लोगों का आना-जाना रहता है। ऐसे में यहां स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था होना जरूरी है।

लोगों ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए वाटर फिल्टर लगाने, पानी की टंकी की नियमित सफाई कराने और पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों के साथ-साथ कलेक्ट्रेट आने वाले आम नागरिकों को भी सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। दूषित जल बीमारियों का घर

बरसात के मौसम में सीधे बिना उबाले या बिना फिल्टर किए बोरवेल का पानी पीना सुरक्षित नहीं माना जाता है। बारिश के दौरान जमीन पर जमा गंदा पानी, सीवेज या बैक्टीरिया रिसकर जमीन के नीचे भूजल स्रोतों तक पहुंच सकते हैं, जिससे हैजा, टाइफाइड और पेट के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बरसात में सावधानियां पानी को पीने से पहले कम से कम 5 से 10 मिनट तक अच्छी तरह उबालें ताकि उसमें मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस नष्ट हो जाएं। फिल्टर का उपयोग पानी को साफ करने के लिए आरओ या यू वी वाटर प्यूरीफायर्स या अन्य बेहतर फिल्टर सिस्टम का इस्तेमाल करें। यदि पानी का स्वाद, रंग या गंध अजीब लगे, तो उसका सेवन बिल्कुल न करें और उसकी जांच करवाएं।

कावड़ यात्रा का श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट ने किया स्वागत

समाज जागरण

अकोदिया श्रावण मास के चलते श्रद्धालु बाबा महाकाल की भक्ति में लिन है रविवार को ग्राम फूलेन वासियो एवं समाजसेवी राहुल मंडलोई के नेतृत्व में कावड़ यात्रा निकाली गई सुबह 10:00 बजे कावड़ यात्रा ग्राम फुलेन से प्रारंभ हुई शिव भजनों हर हर महादेव के जयकारों के साथ बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु भक्ति में सरोवर होकर झुमते हुए बालाजी धाम बोलाई के लिए रवाना हुए यात्रा जिन मार्गो से निकली सड़के फूलों से पट गई जगह-जगह नगर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया यात्रा के शिवाजी मार्केट पहुंचने पर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया इकाई द्वारा



जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत के नेतृत्व में स्टांल लगाकर केले की प्रसादी का वितरण कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल नगर मीडिया प्रभारी संजय शर्मा गोलू गुप्ता संतोष शर्मा नाना दिनेश जैन उपस्थित रहे

आदिवासी छात्रों के बीच आदिवासी बस्ती में पहुंचकर हिंदू मुस्लिम एकता मंच ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

*कॉपी-पेन, पेंसिल एवं चॉकलेट, बिस्किट वितरित कर विद्यार्थियों को दिया शिक्षा और सामाजिक एकता का संदेश

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हिंदू मुस्लिम एकता मंच उमरिया द्वारा वार्ड नंबर-5 रमपुरी सरैया टोला में पढ़ने वाले आदिवासी विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल एवं चाकलेट, बिस्किट वितरित कर विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर ने कहा कि आदिवासी समाज का देश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए



प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। शिक्षा ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। आदिवासी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। हिंदू मुस्लिम एकता मंच द्वारा विद्यार्थियों को कॉपी-पेन, पेंसिल एवं चॉकलेट, बिस्किट वितरित कर विश्व आदिवासी दिवस को सार्थक रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम एकता मंच संयोजक राजेंद्र कोल, कृष्ण कांत तिवारी, कासिम खान, रोहित कोल, विकास कोल, सुमित कोल, राजा रावत सहित बड़ी संख्या में लोग एवं आदिवासी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ठेका मजदूरों की आवाज बने ज्ञानेंद्र पांडेय, भारतीय बिजली ठेका मजदूर संघ चचाई की कमान

समाज जागरण

अमलाई। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में कार्यरत ठेका श्रमिकों के हितों और समस्याओं को मजबूती से उठाने के उद्देश्य से भारतीय बिजली ठेका मजदूर संघ चचाई की पुरानी कार्यकारिणी को समाप्त कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई कार्यकारिणी में लंबे समय से श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दे उठाने वाले ज्ञानेंद्र पांडेय को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से श्रमिकों में उत्साह का माहौल है। ज्ञानेंद्र पांडेय लंबे समय से ताप विद्युत गृह में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत रहे हैं और मजदूरों की समस्याओं से करीब से परिचित हैं। वे आरटीआई और पत्रकारिता के माध्यम से भी जनहित एवं श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं।

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकार, सम्मान और हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। किसी भी श्रमिक के साथ अन्याय होने पर संगठन के माध्यम से उचित मंच पर आवाज उठाई जाएगी। नई कार्यकारिणी में अजय चौरसिया को कार्यकारी अध्यक्ष, संतराम कोल, दद्यावती महरा और इरफान खान को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

रामजी चौरसिया सचिव और हीरा यादव सह सचिव होंगे। कुंजराम पटेल, असफाक खान, बुद्धसेन रौतेल व महेंद्र कोरी को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। नई टीम में सचिन यादव संगठन मंत्री, इरफान खान कोषाध्यक्ष, सरमन नारायण ताम्रकार कार्यालय मंत्री और कृष्ण कुमार सोनी सह कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं।

राजकुमार नामदेव को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। नई कार्यकारिणी से श्रमिकों को अपनी समस्याओं के प्रभावी समाधान की उम्मीद है।

करोड़ों के निर्माण की जिम्मेदारी, पीआईयू कार्यालय में जिम्मेदार ही नदारद!

आरटीआई लंबित, निर्माण गुणवत्ता और भुगतान पर सवाल; उच्चस्तरीय जांच की मांग

समाज जागरण

उमरिया। जिले में करोड़ों रुपये की लागत से शासकीय भवनों का निर्माण कराने वाली लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) अपने कामकाज को लेकर सवालों में है। अधिकारियों की कथित गैरमौजूदगी, आरटीआई आवेदनों के जवाब लंबित रहने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पीआईयू कार्यालय में कार्यपालन यंत्री, एसडीओ और उपयंत्रियों की नियमित मौजूदगी को लेकर सवाल हैं। वहीं विभाग का अपना कार्यालय भी पेयजल, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई और पार्किंग जैसी सुविधाओं के अभाव को लेकर चर्चा में है। जनवरी से जून 2026 के दौरान जिले में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य कराए गए। इनमें कुछ कार्यों की गुणवत्ता, अधूरे निर्माण और भुगतान को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। नागरिकों की मांग है कि संबंधित कार्यों की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति, वर्क ऑर्डर, माप पुस्तिका, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट और भुगतान विवरण का मौके की स्थिति से मिलान कराया जाए। आरटीआई के जवाब समय पर नहीं मिलने की शिकायतें की भी जांच की मांग है। नागरिकों का कहना है कि जांच केवल फाइलों तक सीमित न रहे, बल्कि निर्माण स्थलों का स्वतंत्र तकनीकी परीक्षण कराया जाए। अनियमितता मिलने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए।

सीआईएसएफ इकाई ओबरा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली भव्य बाइक रैली

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/सोनभद्र। भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), इकाई ओबरा द्वारा दिनांके ` 09.08.2026 को एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली को केऔसुब इकाई ओटीएचपीपी ओबरा के इकाई प्रभारी सतीश कुमार सिंह कमांडेंट के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर इकाई प्रभारी के नेतृत्व में सीआईएसएफ के अधिकारीगण एवं बल सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाइक रैली केऔसुब कैंप ओबरो से प्रारंभ होकर संपूर्ण ओबरा नगर होते हुए वापस केऔसुब कैंप ओबरा पर समाप्त हुई। रैली में शामिल सीआईएसएफ कर्मियों ने अपने वाहनों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाकर तथा देशभक्ति के नारों के माध्यम से आमजन को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने रैली का स्वागत किया।

इस अवसर पर कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने गौरव और जिम्मेदारी से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हम सभी को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। सीआईएसएफ इकाई ओबरा द्वारा आयोजित इस बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना तथा नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीआईएसएफ के अधिकारियों एवं बल सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। रैली का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

नेटवर्क विहीन जुगैल में बजेगी कनेक्टिविटी की घंटी, डिजिटल दुनिया से जुड़ेंगे जुगैलवासी, तीन नए 4G टॉवर मंजूर

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र/जुगैल। जिले के दूरस्थ जुगैल क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या अब जल्द दूर होने की उम्मीद है। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की पहल, जन प्रतिनिधियों के प्रयास तथा जिला प्रशासन की सक्रियता से जुगैल क्षेत्र के पिपरा, गरदा और जोरावा में बीएसएनएल के 4-जी मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाएंगे। जिला धिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर टॉवर स्थापना की प्रक्रिया तेज कर दी गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि क्षेत्रफल के लिहाज से जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जुगैल की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां मोबाइल नेटवर्क की सुविधा पहुंचाना चुनौतीपूर्ण रहा है। ग्रामीण लंबे समय से नेटवर्क की समस्या से परेशान थे। कई स्थानों पर मोबाइल सिग्नल नहीं मिलने के कारण लोगों को जरूरी फोन करने के लिए ऊंचे स्थानों या गांव से दूर जाना पड़ता था। अब पिपरा, गरदा और जोरावा में तीन नए 4-जी टॉवर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर एक ग्राम पंचायत में अधिकतम दो टॉवर लगाने का प्रावधान है, लेकिन जुगैल की भौगोलिक स्थिति और नेटवर्क की समस्या को देखते हुए बीएसएनएल के डीजी से समन्वय कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। इसके बाद तीन अतिरिक्त टॉवरों की स्थापना को मंजूरी मिली। जिलाधिकारी के अनुसार, जुगैल ग्राम पंचायत में निर्बाध मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए कुल पांच टॉवर लगाए जाएंगे। वहीं, जिले के अन्य नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में भी मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में काम चल रहा है। पूर्व में 25 मोबाइल टॉवर स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 22 टॉवरों की स्थापना का कार्य शुरू हो चुका है। शेष तीन टॉवर वन विभाग से जुड़ी औपचारिकताओं के कारण लंबित हैं। इन पर भी जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है। तीन नए टॉवरों की स्वीकृति के बाद जनपद में नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले नए मोबाइल टॉवरों की संख्या 28 हो गई है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक मिलेगा लाभ नए मोबाइल टॉवर स्थापित होने के बाद जुगैल क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर इंटरनेट और संचार सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहूलियत होगी। किसानों, युवाओं और स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन आवेदन और सरकारी योजनाओं की जानकारी तक पहुंच भी आसान होगी।

आपात स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं से संपर्क करना भी पहले की अपेक्षा आसान होगा। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उनकी वर्षों पुरानी मांग रही है। टॉवर स्थापित होने से जुगैल क्षेत्र डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ विकास की मुख्यधारा से और मजबूती से जुड़ सकेगा।

सावन के दूसरे सोमवार को चोपन-डाला में गूंजेगा हर-हर महादेव, निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। सावन के दूसरे सोमवार, 10 अगस्त को चोपन-डाला नगर में भव्य शोभायात्रा और कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। महादेव सेवा समिति चोपन ने रविवार को एक बैठक में इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि कांवड़ियों के सम्मान, सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यात्रा के दौरान कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। कुमार ने आगे बताया कि नगर के समाजसेवियों का लगातार सहयोग मिल रहा है। चोपन और डाला नगर में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों के सहयोग से कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। समिति ने नगरवासियों से भी शोभायात्रा और कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने दोहराया कि महादेव सेवा समिति कांवड़ियों की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है। नगरवासियों के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यात्रा को भव्य और सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के दौरान चोपन से डाला तक पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहेगा। बैठक में अनूप गुप्ता, नुरु शुक्ला, संदीप चौरसिया, संतोष गुप्ता, जितेंद्र जायसवाल, आदित्य पाण्डेय, सोनू, अरविन्द विश्वकर्मा और संजय निषाद सहित महादेव सेवा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस परिवार के बच्चों के लिए फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आज जनपद सोनभद्र के पुलिस लाइन चुर्क स्थित सभागार में फ्लैग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुलिस



परिवार के बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया तथा बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर फ्लैग तैयार किए। कार्यक्रम में श्रीमती अंशिता वर्मा, अध्यक्षा वामा सारथी सोनभद्र, श्रीमती गुंजन जरोली, सचिव वामा सारथी सोनभद्र एवं मोहम्मद नदीम, प्रतिसार निरीक्षक सोनभद्र उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट फ्लैग मेकिंग करने वाले बच्चों को उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

दिवंगत बसपा नेता उमाशंकर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि, पार्टी निष्ठा और जनसेवा को किया गया याद

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/सोनभद्र। ओबरा तहसील क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी ग्राम सभा के टोला खैरटिया में दिवंगत बसपा नेता एवं पूर्व विधायक उमाशंकर सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बसपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समर्थकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने उनके संघर्ष, जनसेवा, पार्टी के प्रति निष्ठा और समाज के प्रति योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश कुमार ने कहा कि स्वर्गीय उमाशंकर सिंह गरीबों, जरूरतमंदों और बेटियों के सच्चे हितैषी थे। समाज के प्रति उनके सेवा कार्य और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है और वे सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला महासचिव संजय कनौजिया ने कहा कि खैरटिया सेक्टर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से स्वर्गीय विधायक उमाशंकर सिंह को नमन किया गया। उन्होंने कहा कि उमाशंकर सिंह ने बहुजन समाज के साथ-साथ सर्वसमाज के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिसके लिए उन्हें लंबे समय तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती और बहुजन समाज पार्टी उमाशंकर सिंह के परिवार तथा दबे-कुचले समाज के साथ खड़ी है। उन्होंने उमाशंकर सिंह के एक महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जमीन देकर ट्रॉमा सेंटर के निर्माण का रास्ता प्रशस्त किया था। जब सरकार की ओर से जमीन उपलब्ध कराने में कठिनाई सामने आई, तब उन्होंने अपनी जमीन उपलब्ध कराकर जनहित में ऐतिहासिक कार्य किया। सभा में कार्यकताओं ने कहा कि उमाशंकर सिंह की सबसे बड़ी पहचान उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण रही। कार्यकताओं से उनके जीवन से ईमानदारी, संघर्ष और संगठन के प्रति वफादारी सीखने की अपील की गई। इस दौरान उनके सामाजिक योगदान और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उनके विचारों और विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि सभा में बसपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय समर्थक मौजूद रहे। मुख्य रूप से डॉ अरुण प्रजापति, जॉन प्रभारी अंकुश राव, जॉन प्रभारी एडवोकेट लालचंद, विनोद कुमार, राजेंद्र भारती, संदीप कुमार, प्रकाश, धीरज, रामधनी, संतोष आदि उपस्थित रहे।

साई हॉस्पिटल ब्लड सेंटर ने लगाया रक्तदान शिविर, युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/सोनभद्र। साईं हॉस्पिटल ब्लड सेंटर के सौजन्य से रविवार को ओबरा स्थित शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग करना रहा। शिविर में रक्तदान करने पहुंचे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान आकाश कुमार ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्वस्थ लोगों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि जरूरत के समय यही रक्त किसी मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर इस नेक कार्य में भाग लेने की अपील की।

शिविर में शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकुंद गौड़, प्रमोद चौबे, राजेश मिश्रा, श्याम जी पाठक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद रहे। विद्यालय परिवार की ओर से रक्तदान करने वाले सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया गया।

आयोजकों ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। शिविर के माध्यम से समाज में मानवता, सेवा और रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

शक्तिनगर पुलिस द्वारा 01 किलो 571 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ अकबर अली

शक्तिनगर/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों व अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अनिल कुमार एवं



क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 01 किलो 571 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 08.08.2026 को समय करीब 14:20 बजे थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा *शिवम गुप्ता उर्फ पुष्पा पुत्र शिवचरण गुप्ता, निवासी ग्राम कोहरौल, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 19 वर्ष को के.एन.वाई. शिव मंदिर के पास, डफाली बस्ती, जामशीला, थाना क्षेत्र शक्तिनगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 किलोग्राम 571 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

विश्व आदिवासी दिवस पर चिल्काटांड में जनजातीय विमर्श 2026 का भव्य आयोजन

समाज जागरण/ अकबर अली

शक्तिनगर/ सोनभद्र। विश्व आदि वासी दिवस के अवसर पर रविवार को सोनभद्र जिले के शक्तिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिल्काटांड ग्राम पंचायत सभागार में जनजातीय विमर्श 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में जनजातीय ज्ञान : संस्कृति, प्रकृति और सतत विकास रहा। कार्यक्रम की शुरूआत धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम के संयोजक एवं आयोजन सचिव रंजीत कुमार राय ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जनजातीय समाज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जनजातीय समुदायों ने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए जीवन जीने की ऐसी परंपराएं विकसित की हैं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहयोग और सतत विकास के महत्वपूर्ण सूत्र निहित हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय विमर्श 2026 का उद्देश्य जनजातीय ज्ञान, संस्कृति और परंपराओं को व्यापक सामाजिक विमर्श से जोड़ना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ मणिकचंद पांडेय ने कहा कि जनजातीय समाज का पारंपरिक ज्ञान केवल उनकी सांस्कृतिक पहचान नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की जीवंत धरोहर है। आधुनिक विकास की चुनौतियों के बीच जनजातीय जीवन पद्धति और प्रकृति के प्रति उनकी संवेदनशीलता से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने जनजातीय संस्कृति और लोकज्ञान के संरक्षण के लिए नई पीढ़ी को इससे जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि रामप्रकाश पनिका ने कहा कि जनजातीय समाज ने अपनी परंपराओं, लोकसंस्कृति और प्रकृति संरक्षण के माध्यम से



भारतीय सभ्यता को समृद्ध किया है। विशिष्ट अतिथि विश्वजीत सिंह ने कहा कि जनजातीय विमर्श को समाज के व्यापक विकास से जोड़ने की आवश्यकता है। शिक्षा, संस्कृति, खेल और सामाजिक क्षेत्र में जनजातीय युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान हीरालाल ने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और प्रकृति के साथ उसका संबंध हमारी साझा विरासत है। ऐसे आयोजन स्थानीय स्तर पर जनजातीय समाज की प्रतिभाओं और समृद्ध परंपराओं को पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परिचर्चा के दौरान जनजातीय ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति संरक्षण, पारंपरिक जीवन पद्धति, शिक्षा, युवा प्रतिभा और सतत विकास जैसे विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। वक्ताओं ने जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीएल खड़िया क्षेत्र, नंदनी फाउंडेशन, एनटीपीसी अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश, समाजसेवी अमरेश पांडेय, राघवेंद्र सिंह, अभय सिंह, विमल त्रिपाठी, राकेश सिंह, पंकज चौबे एवं शशि राज शर्मा सहित अन्य सहयोगियों की विशेष भूमिका रही। आयोजक रंजीत कुमार राय ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक विमर्श को व्यापक स्वरूप दिया जा सकता है।

इस अवसर पर जनजातीय समाज सहित सभी समुदायों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. छोटेलाल ने प्रस्तुत किया। परिचर्चा के समापन पर जनजातीय ज्ञान एवं संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक समरसता, प्रकृति संरक्षण और सतत विकास के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया गया।

पोखरा में दीवार बनाने के विवाद में मारपीट, मां-बेटी पर हमला, पत्थरबाजी में खपरैल क्षतिग्रस्त; केस दर्ज

समाज जागरण/ अकबर अली

बभनी/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के पोखरा गांव में दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद में मां-बेटी के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने घर पर पत्थरबाजी भी की, जिससे खपरैल क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है शिकायतकर्ता पार्वती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे घर में दीवार बनाने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि राम प्रसाद पुत्र सुखराज, गुलाब चंद, सुभाष, नंदू और मुकेश सभी



पुत्र राम प्रसाद, निवासी पोखरा, ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे, लाठी, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। मारपीट में पार्वती घायल हो गईं। उनकी बेटी दुर्गावती पत्नी सुनील बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। पार्वती के मुताबिक, हमले में दुर्गावती के सिर में गंभीर चोट आई है। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। हमलावरों की ओर से की गई पत्थरबाजी में घर का खपरैल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में मां-बेटी दोनों घायल हुई हैं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस सोनभद्र ने किया वृहद वृक्षारोपण

हरित सोनभद्र, सुरक्षित सोनभद्र के संकल्प के साथ युवाओं ने किया पौधरोपण

**समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस सोनभद्र द्वारा रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और सोनभद्र की वन संपदा को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशांक मिश्रा, जिला महासचिव मृदुल मिश्रा, शहर अध्यक्ष अनुपम द्विवेदी, जिला महासचिव रोहिल मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र देव, प्रांजल श्रीवास्तव, सौरभ राजवेद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आना होगा : शशांक मिश्रा

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशांक मिश्रा ने कहा कि सोनभद्र की पहचान उसके विशाल वन क्षेत्रों, पहाड़ों और प्राकृतिक संपदा से है। लगातार बढ़ता पर्यावरणीय संकट हम सभी के लिए चिंता का विषय है। ऐसे में युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी आगे बढ़कर उठानी होगी। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना भी हमारी जिम्मेदारी है। भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आयोजित यह वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवा कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस सोनभद्र आने वाले समय में भी पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार अभियान चलाएगी। एक ओर एक पेड़ मां के नाम, दूसरी ओर वन संसाधनों का दोहन : मृदुल मिश्रा

युवा कांग्रेस जिला महासचिव मृदुल मिश्रा ने कहा कि एक ओर सरकार



एक पेड़ मां के नाम का नारा देकर देशवासियों को पौधे लगाने का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर देश के वन एवं प्राकृतिक संसाधनों को बड़े कॉरपोरेट घरानों को सौंपकर प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जैसे वन एवं खनिज संपदा से समृद्ध जिले में विकास के नाम पर जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। विकास ऐसा होना चाहिए जिसमें पर्यावरण, जंगल, जलस्रोत, वन्यजीव और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। मृदुल मिश्रा ने कहा कि केवल पौधे लगाने से पर्यावरण नहीं बचाया जा सकता। जंगलों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर रोक लगाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस सोनभद्र पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी और युवाओं को इस अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यकताओं ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुपम द्विवेदी, रोहिल मिश्रा, जितेंद्र देव, प्रांजल श्रीवास्तव, सौरभ राजवेद सहित दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो महिला समेत तीन घायल

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित आल्दी बस अड्डे के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।हरियाणा के पानीपत के बबैल रोड निवासी सोनू रविवार को अपनी पत्नी नीलम और पुत्रवधू वंशिका के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत के बड़ौत स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे।जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग पर आल्दी बस अड्डे के समीप पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क



पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सोनू, नीलम और वंशिका को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। खबर लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

आवारा कुत्ते ने पांच वर्षीय बालक को नोच कर किया घायल

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय बालक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बालक की टांग पकड़कर उसे नोच लिया, जिससे वह घायल हो गया। बालक के चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और डंडे लेकर आवारा कुत्ते को भगाया। इसके बाद घायल बालक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई।शामली निवासी कुलदीप का पांच वर्षीय पुत्र रुद्र अपनी मां प्रतिभा के साथ एलम कस्बे में अपने नाना सुरेंद्र पवार के घर आया हुआ है। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह रुद्र घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसकी टांग पकड़कर नोच डाला। बालक के शोर मचाने पर परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और कुत्ते को वहां से भगाया।परिजनों का आरोप है कि वे



बालक को एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए एलम स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन वहां वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण उपचार नहीं मिल सका। इसके बाद परिजन बालक को कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई।सरकारी चिकित्सक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एलम पीएचसी पर एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। नगर के सरकारी अस्पताल में वैक्सीन का भंडारण उपलब्ध है।

बालक को वैक्सीन लगाकर उपचार किया गया है। साथ ही परिजनों को आवारा जानवरों से बच्चों को दूर रखने की सलाह दी गई है, हालात सामान्य होने के कारण बालक को छुट्टी देती है।

घर में पंखे से लटका मिला वृद्ध व्यक्ति का शव, मची सनसनी

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) कस्बे के मोहल्ला मोलानान में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 57 वर्षीय व्यक्ति का शव घर के अंदर पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कस्बे के मोहल्ला मोलानान निवासी 57 वर्षीय ताहिर पुत्र इलियास का शव रविवार को घर के अंदर पंखे से लटका मिला। मोहल्ले के लोगों ने शव को लटका देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह



पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच पड़ताल शुरू की।मृतक की पत्नी जैतून ने बताया कि वह उमरा हज के लिए गई हुई थीं और ताहिर घर पर अकेले रह रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।सूचना पर फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पुलिस आत्महत्या के साथ ही अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाईवे पर अनियंत्रित हुई बाइक, दो कांवड़िये घायल

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेने जा रहे दो शिव भक्त चादरगे दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्टेट गांव भारसी के समीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने बताया कि बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से हादसा हुआ। घायलों को पुलिस और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। विगत शनिवार की देर शाम दिल्ली के संगम विहार निवासी पवन पुत्र जगन्नाथ सिंह और दीपक पुत्र गरीबदास अपनी बाइक से हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे।

जैसे ही वह थाना क्षेत्र के भारसी मोड़ स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।हादसे में दोनों शिव भक्त सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर किया है।

नाली के विवाद में महिला से मारपीट, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

समाज जागरण कांधला।

कस्बे के गंगेरू मार्ग पर नाली के विवाद को लेकर पड़ोसी ने एक महिला के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। डायल-112 पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी महिला खुशनुदा ने बताया कि उसका पड़ोस के ही एक व्यक्ति से नाली को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि देर रात इसी विवाद को लेकर आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वह घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए।इसी दौरान किसी व्यक्ति ने डायल-112 पर सूचना दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद Lab oratory ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।बाद में परिजनों के साथ थाने पहुंची महिला ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिनौली में सामान्य जाति का आरक्षण विरोध, पुतला फूंका

एक महीने तक चलेगा अभियान, कलेक्ट्रेट पर होगी महापंचायत

समाज जागरण बड़ौत।

बड़ौत तहसील क्षेत्र के सिनौली गांव में रविवार को सामान्य जाति के लोगों ने आरक्षण के विरोध में पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। देश भर में चल रहे यूजीसी रोलबैक के विरोध की चिंगारी अब जनपद बागपत में भी फैल चुकी है। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी एडवोकेट दीपक शर्मा और शिक्षक नेता वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश शर्मा की अगुवाई में आरक्षण का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर एडवोकेट दीपक शर्मा ने कहा कि "ब्राह्मण समाज जिस चिंगारी को जलाता है, उसे हासिल करके रहता है।" शिक्षक नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि आरक्षण के विरोध में गांव-गांव यह महापंचायत चलेगी और गांव के लोग इस चिंगारी में हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनकारियों ने निर्णय लिया कि अगले 1 महीने तक जनपद बागपत में यह अभियान चलाया जाएगा। इस मुद्दे को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। एक महीने के अंदर कलेक्ट्रेट पर पूरे जनपद बागपत की सामान्य जाति की एक महापंचायत होगी, जिसमें आरक्षण के विरोध में राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान विनीत शर्मा, रवींद्र शर्मा, पूर्व प्रधान कृष्ण दत्त शर्मा सिनौली, मनोज शर्मा, बांछोड़, महेंद्र दत्त शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य कालीचरण शर्मा, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामान्य जाति के लोग मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट में आठ माह पहले इनाम धुरी की 6 करोड़ की संपत्ति हुई थी कुर्क

-42 मुकदमों में नामजद इनाम धुरी पर हत्या, रंगदारी, गैंगस्टर एक्ट और जानलेवा हमले जैसे गंभीर आरोप

-पुलिस मुठभेड़ में मुकीम काला गिरोह के सक्रिय सदस्य इनाम धुरी के पैर में लगी थी गोली

समाज जागरण

कांधला। मुकीम काला गिरोह के सक्रिय सदस्य बताए जाने वाले इनाम धुरी के खिलाफ पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई का सिलसिला पुराना है। हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी और गैंगस्टर एक्ट समेत करीब 42 मुकदमों में नामजद इनाम धुरी की करीब छह करोड़ रुपये की संपत्ति आठ माह पहले गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की जा चुकी है। पुलिस-प्रशासन की इस कार्रवाई में उसकी आठ दुकानें, मकान, प्लॉट और पत्नी के बैंक खाते भी शामिल थे।मोहल्ला आलकला निवासी और हाल निवासी आर्यपुरी इनाम धुरी के खिलाफ आपराधिक गतिविधियों के चलते 30 अगस्त 2025 को तत्कालीन कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज होने के अगले ही दिन पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी करने पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, इस दौरान इनाम धुरी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार कराने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

-छह करोड़ की संपत्ति पर चला कुर्की का चाबुक

गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में कार्रवाई आगे बढ़ने के बाद 4 दिसंबर 2025 को जिला मजिस्ट्रेट शामली के आदेश पर पुलिस और प्रशासन ने इनाम धुरी की करीब छह करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली थी। तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक सुमित शुक्ला, उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज और क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार के नेतृत्व में टीम ने मोहल्ला आलकलां स्थित इनाम धुरी की आठ दुकानों, आर्यपुरी स्थित एक मकान और गुलशन नगर में एक प्लॉट को कुर्क किया था। इसके अलावा इनाम धुरी की पत्नी के बैंक खातों को भी कार्रवाई के दायरे में लिया गया था।

-जेल से बाहर आया तो सभासद पर जानलेवा हमले का आरोपपुलिस कार्रवाई के बाद इनाम धुरी जेल चला गया था। बाद में जमानत पर बाहर आने के बाद भी उसका नाम एक और गंभीर मामले में सामने आया। आरोप है

कि उसने वार्ड संख्या-11 के सभासद रईस अहमद पर जानलेवा हमला किया था। मामले में कोतवाली कैराना में मुकदमा दर्ज किया गया था।इस तरह इनाम धुरी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई का लंबा रिकॉर्ड रहा है। गैंगस्टर एक्ट के तहत छह करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की को भी पुलिस की बड़ी कार्रवाई के तौर पर देखा गया था।

50 हजार का इनामी कुख्यात गैंगस्टर इनाम धुरी मुठभेड़ में घायल

— मुकीम काला गैंग का गुर्गा है इनाम, पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहा था, पिस्टल, कारतूस, बाइक और मोबाइल बरामद

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)क्षेत्र में खंद्रावली चौकी के पास चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान कैराना के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी इनाम उर्फ धुरी के रूप में हुई। वह मुकीम गैंग का गुर्गा है। जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहा था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। कांधला थाना पुलिस रविवार शाम को खंद्रावली चौकी के निकट वाहनों की चेकिंग कर रही



थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार एक युवक को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए रुकने का इशारा किया। इस पर बाइक सवार ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी। गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 32 बोर की पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, मोबाइल फोन और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई। मुठभेड़ की सूचना पर एएसपी सुमित शुक्ला फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों से घटना की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश कैराना के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी इनाम उर्फ धुरी है।

उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत 40 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं। वह मुकीम काला गैंग का गुर्गा है। जानलेवा हमले के एक मामले में वह वांछित चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बता दें कि दिसंबर 2025 में भी इनाम धुरी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उस दौरान उसकी करीब छह करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क की गई थी। पुलिस अब उसके अन्य आपराधिक मामलों और आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

बल्कर ने साइकिल सवार किशोर को रौंदा, 100 मीटर तक घसीटने से मौत

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के तेलगुड़वा स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पीछे से आए तेज रफ्तार बल्कर ने साइकिल सवार तीन किशोरों को साइड से टक्कर मार दी। हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी मामूली रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम करीब चार बजे तेलगुड़वा तिराहे से तीन किशोर साइकिल से डाला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से हाथीनाला की तरफ से आ रहे बल्कर ने एचपी पेट्रोल पंप के पास साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बल्कर की चपेट में आए शिव मंगल को वाहन करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसा इतना भीषण था कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव क्षत-विक्षत होकर सड़क पर बिखर गया। हादसे के समय शिव मंगल के साथ आशीष कुमार पुत्र नंदलाल और रूपेश कुमार पुत्र गुड्डू भी साइकिल पर सवार थे। दोनों किशोर हादसे में बाल-बाल बच गए और उन्हें मामूली चोटें आईं। मृतक शिव मंगल झपरहवा अगरिया बस्ती का निवासी बताया गया है। घटना के बाद बल्कर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना और मदद से चोपन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बल्कर को पकड़ लिया और उसे कब्जे में लेकर खड़ा करा दिया। सूचना मिलते ही चोपन थाना प्रभारी गोपाल जी गुप्ता पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाद वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने बल्कर को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

सट्टे के आरोपों से दुबई के अरबपति कारोबारी तक सतीश सनपाल का सफर, 9 आपराधिक मामलों और लुकआउट सर्कुलर से फिर चर्चा में

समाज जागरण

शहडोल। मध्यप्रदेश के जबलपुर से निकलकर दुबई में आलीशान कारोबारी साम्राज्य खड़ा करने वाले सतीश सनपाल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। एक ओर दुबई में उनकी बेशुमार संपत्ति और लग्जरी लाइफस्टाइल चर्चा का विषय बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर भारत में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों और लुकआउट सर्कुलर का मामला भी सामने आया है।

सतीश सनपाल को लेकर सार्वजनिक रिपोर्टों में उनके शुरूआती जीवन और कारोबार को लेकर अलग-अलग दावे सामने आते रहे हैं। कुछ रिपोर्टों में उन्हें कभी सट्टेबाजी और बुकिंग नेटवर्क से जोड़कर आरोप लगाए गए हैं, जबकि दूसरी ओर सनपाल स्वयं दुबई में अपने कारोबारी साम्राज्य को वैध व्यवसाय के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर उनके एक मामले में अदालत के समक्ष उन्हें दुबई आधारित कारोबारी और ANAX Holding का चेयरमैन बताया गया है। लुकआउट सर्कुलर की अदालत में पुष्टि मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि दिल्ली हाईकोर्ट के 4 फरवरी 2026 के आदेश में केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि सतीश सनपाल के खिलाफ जबलपुर के पुलिस अधीक्षक के संदर्भ पर 5 अगस्त 2022 को लुकआउट सर्कुलर खोला गया था। इसके बाद अदालत ने संबंधित याचिका का निपटारा कर दिया।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर में भी मई 2026 में सतीश सनपाल से संबंधित कई आपराधिक प्रकरणों में याचिकाएं सूचीबद्ध हुईं।

दुबई में अरबों का कारोबार

दुबई में सनपाल की पहचान एक बड़े कारोबारी के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वे ANAX Holdingसे जुड़े हैं और रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी तथा निवेश जैसे क्षेत्रों में कारोबार करते हैं। उनकी संपत्ति को लेकर अलग-अलग मीडिया रिपोर्टों में हजारों करोड़ रुपये के आंकड़े बताए गए हैं, लेकिन उनकी वास्तविक व्यक्तिगत नेटवर्थ का कोई स्पष्ट आधिकारिक आंकड़ा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। हालिया घटनाक्रम में 1 अगस्त 2026 की रिपोर्ट के अनुसार UAE की Financial Intelligence Unit ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के बीच सनपाल से जुड़ी संपत्तियों/खातों पर अस्थायी रोक लगाने का निर्देश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। यह मामला अभी जांच के दायरे में बताया गया है और इसे किसी अपराध में दोषसिद्धि नहीं माना जा सकता।

अब उठ रहे सवाल

जबलपुर में दर्ज मामलों, भारत में जारी लुकआउट सर्कुलर और दुबई में बने करोड़ों-अरबों के कारोबारी साम्राज्य के बीच सनपाल की संपत्ति और कारोबार की शुरूआत को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खासकर यह सवाल चर्चा में है कि भारत में विवादों और आपराधिक मामलों से घिरे व्यक्ति ने दुबई में इतना बड़ा कारोबारी साम्राज्य किस तरह खड़ा किया।

हालांकि, किसी व्यक्ति को सट्टेबाज, हवाला कारोबारी या मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बताते समय न्यायालय के अंतिम निर्णय और जांच एजेंसियों के आधिकारिक निष्कर्ष का इंतजार करना जरूरी है। सनपाल के खिलाफ लगाए गए आरोपों को दोष सिद्धि के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

अब निगाह इस बात पर है कि भारत और वअए की जांच में सतीश सनपाल की संपत्ति, कारोबार और भारत से जुड़े पुराने मामलों को लेकर आगे क्या तथ्य सामने आते हैं।

बाइक से करोड़पति तक... धनपुरी में कोयले की काली कमाई का खेल?

बुढ़ार-अमलाई-धनपुरी क्षेत्र में कोयला मिक्सिंग की चचाएँ तेज, एक युवा की अचानक बढ़ी संपत्ति बनी चर्चा का विषय

समाज जागरण

धनपुरी। बुढ़ार, अमलाई और धनपुरी क्षेत्र में इन दिनों कोयले की मिक्सिंग को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। इसी बीच धनपुरी के एक युवा की आर्थिक तरक्की भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। कभी बाइक से क्षेत्र में घूमने वाला यह युवा अब करोड़ों की संपत्ति का मालिक कैसे बन गया–यह सवाल इन दिनों चाय की दुकानों से लेकर कोयला कारोबारियों की बैठकों तक सुनाई दे रहा है।

कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। कभी राजनीतिक दल से जुड़कर क्षेत्र में सक्रिय रहने वाला युवा अचानक कोयले के कारोबार की ह्यकाली चमकह्न में ऐसा नहाया कि बाइक से करोड़ों तक का सफर तय कर लिया। अब लोग मजाक में पूछ रहे हैं–आखिर कोयले में ऐसा कौन-सा फामूर्ला है, जिसमें मिक्सिंग होते-होते किस्मत भी मिक्स होकर करोड़ों में बदल जाती है?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि संबंधित व्यक्ति की संपत्ति में इतनी तेजी से इजाफा हुआ है तो उसकी आय के स्त्रोतों की जांच क्यों नहीं हो रही? संपत्ति कहां से आई, किन कारोबारों से पैसा आया और कोयले के खेल से इसका कोई संबंध है या नहीं–इन सवालों का जवाब जांच एजेंसियों के पास होना चाहिए।

वहीं क्षेत्र में कथित कोयला मिक्सिंग के खेल को लेकर भी कई तरह की चचाएँ हैं। सवाल उठ रहा है कि यदि यह खेल वास्तव में चल रहा है तो कोयला कहां से आता है, कहां मिक्स होता है, किसके संरक्षण में चलता है और तैयार माल आखिर किसके पास पहुंचता है?

फिलहाल चचाएँ खूब हैं, लेकिन जांच का अता-पता नहीं। ऐसे में जनता के बीच एक ही सवाल घूम रहा है–कोयले की काली परत के पीछे आखिर कितने चेहरे हैं और बाइक से करोड़पति बनने की इस कहानी का असली राज क्या है?

अब जरूरत है कि संबंधित विभाग निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट करे कि करोड़ों की संपत्ति का स्त्रोत क्या है और कोयला मिक्सिंग की चचाओं में कितनी सच्चाई है। क्योंकि कोयला तो काला है ही, लेकिन सवाल यह है कि इस खेल में पैसा भी काला है या सिर्फ कोयला?

भारत ने जीवाश्म ईंधन रहित विद्युत उत्पादन क्षमता में 300 गीगावाट का ऐतिहासिक आंकड़ा हासिल किया

देश के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, भारत ने 31 जुलाई, 2026 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता के 300 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है ; जो 2030 तक हासिल किए जाने वाले 500 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य का 60 प्रतिशत से अधिक है। गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता का विवरण (दिनांक 31.07.2026 तक): सौर ऊर्जाः 164.59 गीगावाट पवन ऊर्जाः 58.14 गीगावाट जल विद्युत (बड़े और छोटे): 57.24 गीगावाट जैव-ऊर्जाः 11.75 गीगावाट परमाणु ऊर्जाः 8.78 गीगावाट कुल गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमताः 300.50 गीगावाट देश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता (जो वर्तमान में लगभग 552 गीगावाट है) में गैर-जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न विद्युत क्षमता का हिस्सा 54 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सरकार द्वारा इस परिवर्तन के लिए प्रदान किए गए प्रमुख नीतिगत समर्थकों के माध्यम से समर्थित, यह ऐतिहासिक उपलब्धि आत्मनिर्भर ऊर्जा इकोसिस्टम के निर्माण और 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारत की तीव्र प्रगति को स्पष्ट करती है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट योगदानों के कारण हुई है। सौर ऊर्जा प्रमुख विकास इंजन बनी हुई है, जो 2014 में मात्र 2.8 गीगावाट से बढ़कर वर्तमान में लगभग 165 गीगावाट हो गई है। साथ ही, पवन ऊर्जा क्षेत्र ने भी मजबूत गति पकड़ी है

अवैध सट्टा कारोबार पर कालांवाली पुलिस का शिकंजा

दुकान के सामने सट्टा खाईवाली करते आरोपी को 4,160 रुपये की सट्टा राशि सहित दबोचा

दैनिक समाज जागरण/ सुरेश जोरासिया

डबवाली/कालांवाली, 9 अगस्त। पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर के मार्गदर्शन में डबवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों और उनमें संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कालांवाली पुलिस ने सट्टा खाईवाली के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 4,160 रुपये की सट्टा राशि सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना कालांवाली के प्रभारी निरीक्षक देवीलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव नौरंग में एक दुकान के सामने दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली करता हुआ मिला। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके से पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4,160 रुपये की सट्टा राशि बरामद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रवण कुमार के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना कालांवाली में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अवैध सट्टा कारोबार सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। डबवाली पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति किसी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस चौकी को दें अथवा डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें।

डबवाली पुलिस का बुल्डोजर एक्शन, नशा तस्कर को भारी पड़ा नशे का कारोबार

नशा तस्करों को डबवाली पुलिस का कड़ा संदेश—नशे के कारोबार से अर्जित संपत्ति अब नहीं रहेगी सुरक्षित

गांव दादू में नशा तस्कर द्वारा बनाए गए लाखों रुपए की कीमत के मकान को किया ध्वस्त

समाज जागरण



कालांवाली, 0 9 अगस्त (सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर के दिशा निदेर्शानुसार नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ डबवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को अब केवल नशे की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों द्वारा बनाई गई सम्पत्तियों पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है । इसी कड़ी में आज गांव दादू में नशा तस्कर अमरजीत सिंह के अवैध कब्जा करके बनाए गए मकान पर बुल्डोजर कार्रवाई कर उसे ढहाया गया । पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्रवाई से नशा तस्कर के करीब 12 लाख रुपए अनुमानित कीमत के मकान को ध्वस्त किया गया । कार्रवाई के दौरान थाना कालांवाली प्रभारी निरीक्षक देवीलाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं कानून व्यवस्था के अनुरूप संपन्न करवाई जा सके। आरोपी अमरजीत सिंह के आपराधिक रिकार्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ नशा तस्करी से संबंधित कई मामले पहले से दर्ज हैं । उसके खिलाफ थाना कालांवाली में 05 अभियोग तथा थाना रोड़ी में 01 अभियोग, मध्यम मात्रा के मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित दर्ज हैं। मुताबिक रिकॉर्ड आरोपी अमरजीत सिंह साल 2011 से नशा तस्करी में सलिप्त है, आज गांव दादु के ग्रामीणों ने नशा तस्कर की 15 साल से की गई कमाई को ध्वस्त होते देखा डबवाली पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नशे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के तहत हर स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से डबवाली पुलिस ने नशा तस्करों को कड़ा संदेश दिया है कि नशे का कारोबार करके बनाई गई सम्पत्तियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा । डबवाली पुलिस का उद्देश्य नशे के नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार करने के साथ-साथ ऐसे तत्वों के हौसले को तोड़ना भी है, जो नशे के कारोबार के माध्यम से समाज और युवा पीढ़ी को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

डबवाली पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि क्षेत्र में नशे की बिक्री, तस्करी अथवा नशा तस्करों से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी मानस पोर्टल हेल्पलाइन 1933, डबवाली पुलिस के मो. न. 91389 99748, या अपने नजदीकी थाना अथवा चौकी में दें ।

नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस और आमजन की साझी भागीदारी ही नशा मुक्त समाज की मजबूत नींव है।

सोमवार को तोशाम के कई इलाकों में दिनभर बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

भिवानी मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लाइन पर जरूरी कार्य के चलते बिजली कट सुबह करीब 8 बजे से लगभग पूरे दिन बाधित रहेगी सप्लाई, निगम ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)

तोशाम, 9 अगस्त। बिजली सप्लाई लाइन पर जरूरी कार्य के चलते सोमवार को तोशाम शहर के भिवानी मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली निगम के एसडीओ चेतन ने उपभोक्ताओं से बिजली निगम का सहयोग करने की अपील की है।

एसडीओ ने बताया कि सोमवार को चौ. सुरेंद्र सिंह चौक पर एक एच-पोल बदलने सहित सप्लाई लाइन पर अन्य जरूरी कार्य किए जाने हैं। कार्य के चलते चौ. सुरेंद्र सिंह चौक से भिवानी मार्ग पर पड़ने वाले सभी सप्लाई क्षेत्रों, चौ. सुरेंद्र सिंह चौक से मुख्य चौक तक के क्षेत्र तथा चौ. सुरेंद्र सिंह चौक से सिवानी मार्ग के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

उन्होंने बताया कि जरूरी कार्य के कारण सुबह करीब 8 बजे से लगभग पूरे दिन बिजली सप्लाई बाधित रहने की संभावना है। बिजली निगम की टीम द्वारा लाइन पर आवश्यक कार्य पूरा करने के बाद आपूर्ति सामान्य की जाएगी।

एसडीओ चेतन ने आमजन से अपील की कि बिजली निगम द्वारा किए जा रहे जरूरी कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और आवश्यक तकनीकी कार्य के कारण ही अस्थायी रूप से बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में भाकियु का जेल भरो आंदोलन कल

गांव बिधवान में जिला कार्यकारिणी की बैठक, पदाधिकारियों को गांव-गांव किसानों को लामबंद करने की जिम्मेदारी

10 अगस्त को भिवानी उपायुक्त कार्यालय के सामने जुटेंगे किसान, गिरफ्तारी देने का ऐलान

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)



भिवानी । बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में 10 अगस्त को प्रस्तावित जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (भाकियु) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को गांव बिधवान में भाकियु की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकियु जिलाध्यक्ष राकेश आर्य निमड़ीवाली ने की। इस दौरान आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए कार्यकताओं और पदाधिकारियों की अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गईं।

बैठक में किसान नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश आर्य निमड़ीवाली ने सरकार की बिजली विभाग के निजीकरण की नीति पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसान और आम जनता किसी भी सूरत में बिजली विभाग का निजीकरण बर्दाश्त नहीं करेगी।

राकेश आर्य ने कहा कि सरकार बिजली विभाग का निजीकरण कर किसानों, मजदूरों और आम बिजली उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में 10 अगस्त को भाकियु के सैकड़ों कार्यकर्ता भिवानी उपायुक्त कार्यालय के सामने एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे और गिरफ्तारियां देंगे। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल किसानों की नहीं, बल्कि प्रत्येक बिजली उपभोक्ता के अधिकारों की लड़ाई है। जब तक सरकार अपनी किसान एवं जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती, तब तक भाकियु का संघर्ष जारी रहेगा।

गांव-गांव जाकर किसानों को लामबंद करने की जिम्मेदारी

गांव बिधवान में हुई जिला कार्य कारिणी की बैठक में आंदोलन की सफलता की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले के विभिन्न ब्लॉकों और गांवों से अधिक से अधिक संख्या में किसानों को भिवानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पदाधिकारियों को गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने और 10 अगस्त के प्रदर्शन के लिए लामबंद करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निजीकरण के फैसले को जल्द वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और अधिक तीव्र एवं व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर राजेश जागलान, वीरभान गिल, करतार गिल, सोमबीर धारणवास, नवीन धारणवास, सतबीर श्योराण, महेंद्र सिंहमार, दिनेश श्योराण, आशीष गिल, ऐड़ा गिल, बिल्लू सिवानी, सोमबीर दुहन, जितेंद्र सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कतवार में शराब ठेके के कार्यालय में घुसकर जानलेवा हमला

चार युवकों पर लोहे की पाइप से मारपीट करने का आरोप, घायल हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती बचने के लिए कार्यालय में जाने लगा तो आरोपियों ने नीचे गिराकर पीटा, 10 चोटें दर्ज

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।

बहल। बहल थाना क्षेत्र के गांव कतवार में शराब ठेके के कार्यालय में घुसकर एक व्यक्ति पर लोहे की पाइप से कथित रूप से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बहल थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 333, 110, 351(2) व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बहल में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के अनुसार कटवार निवासी सोमबीर खेतीबाड़ी करता है और कटवार अड्डे स्थित शराब ठेके में हिस्सेदार है। ठेके से करीब 500 मीटर पटौदी की तरफ सड़क किनारे उसने चंदन पुत्र बनवारी का कार्यालय किराये पर लिया हुआ है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 8 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे वह चंदन और कार्यालय के कर्मचारी सन्नी के साथ कार्यालय के बाहर कुर्सियों पर बैठा बातचीत कर रहा था। इसी दौरान कटवार की तरफ से मोटरसाइकिल पर चार युवक वहां पहुंचे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि युवकों के हाथों में लोहे की पाइप थीं और उन्होंने आते ही सोमबीर पर हमला करने का प्रयास किया। बचने के लिए जब वह कार्यालय के अंदर जाने लगा तो आरोपियों ने उसे पकड़कर नीचे गिरा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार सचिन ने उसे पकड़ लिया, जबकि भीम, अनिल उर्फ योगेश और एक अन्य युवक ने कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से लोहे की पाइप से उस पर कई वार किए।

सोमबीर के अनुसार मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया। आरोप है कि इसके बाद भी उसके सिर, हाथ और पैरों पर पाइप से वार किए गए। चारों युवक कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने कार्यालय में मौजूद चंदन और सन्नी को भी डराकर वहां से भगा दिया।

हिसार के अस्पताल में चल रहा उपचार

बाद में सूचना मिलने पर शिकायत कर्ता का भतीजा मौके पर पहुंचा और उसे एंबुलेंस की मदद से हिसार के जिंदल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम जिंदल अस्पताल हिसार पहुंची और घायल का मेडिकल रिकॉर्ड तथा एमएलआर प्राप्त किया। चिकित्सकीय राय के अनुसार घायल के शरीर पर कुल 10 चोटें दर्ज की गईं। इसके बाद शिकायतकर्ता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। एफआईआर में नामजद आरोपियों में सचिन पुत्र सोमबीर निवासी कटवार, भीम पुत्र दलीप निवासी कटवार तथा अनिल उर्फ योगेश पुत्र बलवंत निवासी बुशान शामिल हैं। वहीं एक अन्य युवक का नाम-पता शिकायतकर्ता ने अज्ञात बताया है।

मामले की जांच एसआई अनिल कुमार को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा शिकायत, मेडिकल रिपोर्ट और घटनाक्रम से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

बहल में गौसेवा के लिए विशाखापट्टनम से बहल निवासी सुनील कुमार चौधरी ने करीब 9 लाख रुपये की महिंद्रा मैक्स गाड़ी श्री अलख गौशाला को की भेंट

श्री अलख गौशाला के प्रधान गजानंद अग्रवाल एवं गौशाला कमेटी ने सुनील कुमार चौधरी एवं चौधरी परिवार का जताया आभार

11 सौ गोवंश की सेवा में वाहन आएगा काम, गांवों से रोटी व खाद्य सामग्री लाने में होगा उपयोग

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।
(महेन्द्र जावला बहल)



बहल। श्री अलख गौशाला ट्रस्ट बहल में गौसेवा के लिए एक सराहनीय सहयोग किया गया। विशाखापट्टनम बहल निवासी सुनील कुमार चौधरी पुत्र किशन लाल चौधरी ने करीब 9 लाख रुपये की महिंद्रा मैक्स गाड़ी गौशाला को भेंट की । इस वाहन का उपयोग आसपास के गांवों में जाकर गोवंश के लिए रोटी एवं अन्य खाद्य सामग्री लाने के लिए किया जाएगा। श्री अलख गौशाला में वर्तमान में करीब 11 सौ गोवंश हैं, जिनमें लगभग 40 से 45 गाय दूध देने वाली हैं। गौशाला में गोवंश की सेवा एवं देखभाल पर प्रतिदिन करीब 70 हजार रुपये का खर्च आता है। इस अवसर पर श्री अलख गौशाला के प्रधान गजानंद अग्रवाल एवं गौशाला कमेटी ने सुनील कुमार चौधरी एवं चौधरी परिवार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से गौशाला में रह रहे गोवंश की सेवा और व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। श्री अलख गौशाला में गौसेवा के लिए वाहन भेंट करने की, इस पहल पर उपस्थित लोगों ने सराहना की और इसे गौशाला की सेवा व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण सहयोग बताया।

इस अवसर पर गौशाला के प्रधान एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, रतन लाल शर्मा, कैलाश गोयनका, सुशील कुमार चैहडिया, डॉ. अशोक कुमार, राम सिंह जागड़ा, जय कुमार शर्मा, रामभगत सैनी, प्रमोद अग्रवाल, संतोष सुरपुरिया,चेतराम सैनी, राम भगत खन्ना, मुकेश कुमार, राजेश भारिवासिया, कुलदीप लाखलाण, जय सिंह सोलंकी एवं जगदीश जावला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फर्जी रिश्तेदार बनकर साइबर ठगी, किसान से ठगे 2 लाख रुपये

बुआ का बेटा बनकर दोस्त के पिता के इलाज के नाम पर मांगे पैसे फर्जी बैंक मैसेज भेजकर खाते में रकम आने का दिया झांसा, दो ट्रांजेक्शन में रकम कराई ट्रांसफर

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।

चरखी दादरी । साइबर ठगों ने रिश्तेदार बनकर एक किसान से दो लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने फोन कर खुद को उसकी बुआ का बेटा प्रदीप बताया और दोस्त के पिता के अस्पताल में भर्ती होने की बात कहते हुए इलाज के लिए पैसों की जरूरत बताई। इसके बाद फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजकर शिकायतकर्ता को उसके बैंक खाते में ढाई लाख रुपये आने का विश्वास दिलाया और अलग-अलग नंबरों पर दो लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का पता चलने के बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम थाना चरखी दादरी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार गांव साहुवास निवासी जयकुमार सब्जी मंडी दादरी में सब्जी बेचने का काम करता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 6 अगस्त को उसके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसकी बुआ का बेटा प्रदीप बताते हुए कहा कि उसके दोस्त के पिता अस्पताल में भर्ती हैं और इलाज के लिए पैसों की जरूरत है। आरोपी ने कहा कि वह जयकुमार के बैंक खाते में 2.50 लाख रुपये भेज रहा है और उसमें से उसके बताए मोबाइल नंबरों पर रकम भेजनी है। शिकायतकर्ता के अनुसार इसी दौरान उसे एक अन्य मोबाइल नंबर से कुछ टेक्स्ट मैसेज मिले। मैसेज देखकर उसे लगा कि उसके बैंक खाते में रकम जमा हो गई है। इसके बाद उसने अपने पंजाब नेशनल बैंक खाते से बताए गए नंबर पर फोन के माध्यम से अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर एक लाख रुपये भेज दिए। बैंक खाते की दैनिक ट्रांजेक्शन लिमिट एक लाख रुपये होने के कारण इसके बाद लेनदेन नहीं हो सका। अगले दिन फिर मांगे एक लाख रुपये

आरोपियों ने अगले दिन दोबारा संपर्क किया और एक अन्य नंबर पर फोनपे के माध्यम से एक लाख रुपये भेजने को कहा। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए यह रकम भी भेज दी।

बाद में बैंक खाते के बैलेंस संबंधी मैसेज मिलने पर जयकुमार को पूरे मामले पर शक हुआ। उसने तत्काल अपनी बुआ के बेटे प्रदीप से फोन पर संपर्क किया। प्रदीप ने बताया कि उसने न तो उसे कोई फोन किया था और न ही पैसे भेजने के लिए कहा था। इसके बाद शिकायतकर्ता को अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चला। पीड़ित ने तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत संख्या 31308 260062889 है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अज्ञात आरोपियों ने फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजकर बैंक खाते में रकम आने का झूठा विश्वास दिलाया और कुल दो लाख रुपये की धोखाधड़ी की।

साइबर क्राइम थाना चरखी दादरी पुलिस ने इस मामले में धारा 318(4) और 319(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। एफआईआर में आरोपी अज्ञात बताए गए हैं। मामले की जांच हेड कांस्टेबल सुमित कुमार को सौंपी गई है।

विश्व आदिवासी दिवस पर ओबरा के पनारी में उमड़ा जनसैलाब, पर समस्याओं के साए में जीने को मजबूर ग्रामीण

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी



ओबरा/सोनभद्र। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जनपद सोनभद्र के ओबरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पनारी ग्राम पंचायत के खरड़ गांव में आदिवासी समाज के लोगों द्वारा एक सामाजिक चेतना कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और धूमधाम के साथ किया गया। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक आदिवासी आबादी वाले इस आकांक्षी जिले के पनारी ग्राम पंचायत (कुल 63 टोले) से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे से हुआ। ओबरा विधायक तथा उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण एवं जनजाति कल्याण मंत्री माननीय संजीव सिंह गोंड मुख्य अतिथि के रूप में दोपहर 4:00 बजे पहुंचे। इससे पूर्व वे बभनी स्थित जनजातीय कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में एसटी/एससी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त मंत्री) अजीत सिंह खरवार भी उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तीर-धनुष, ढोल-नगाड़ों, कर्मा नृत्य तथा पेड़-पौधों की पत्तियों और फूलों से बनी माला पहनाकर आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार किया गया। स्थल पर स्थित प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक पूजन और आरती का विधान संपन्न हुआ। विकास के दावों के बीच पनारी की जमीनी बदहाली

एक ओर जहां आदिवासी दिवस पर चेतना और संस्कृति का उत्सव मनाया गया, वहीं दूसरी ओर पनारी ग्राम पंचायत की जमीनी हकीकत गंभीर समस्याओं की कहानी बयां करती है: पेयजल संकट (हर घर नल योजना निष्प्रभावी): ग्रामीणों का आरोप है कि 'हर घर नल' योजना के तहत नल लगे 4 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पानी की आपूर्ति ठप है। जहां आपूर्ति होती भी है, वहां सप्ताह में केवल 2-4 दिन ही अनियमित पानी आता है। बार-बार शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

आवास एवं बिजली की जर्जर स्थिति: प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। इसके अतिरिक्त कई टोले अब तक बिजली कनेक्शन के लिए तरस रहे हैं।

नेटवर्क और कनेक्टिविटी की समस्या: क्षेत्र में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की भारी किल्लत है, जिससे ग्रामीण बाहरी दुनिया और डिजिटल सेवाओं से पूरी तरह कटे हुए हैं। परिवहन की लाचारी: क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बदहाल है। पूर्व में संचालित पैसेंजर ट्रेन लंबे समय से बंद है। मजबूरी में ग्रामीण पिकअप गाड़ियों में 30 से 40 की संख्या में भेड़ों की तरह ठंसकर यात्रा करते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

कृषि एवं सिंचाई में अनियमितता: पथरीली भूमि होने के कारण खेती-किसानी से आजीविका चलाना कठिन है। आरोप है कि लघु सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है। उदाहरण के तौर पर, वर्ष 2022 में ग्रामीण राममनोज के घर पर खोदा गया कुआं मात्र 32 फीट पर ही छोड़ दिया गया, जिससे पानी नहीं निकला। शिकायत के बावजूद कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। विश्व आदिवासी दिवस के इस आयोजन ने जहां एक तरफ जनजातीय संस्कृति और चेतना को मंच दिया, वहीं दूसरी तरफ आकांक्षी जिले के इन दुर्गम क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की त्वरित बहाली की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मना, रोड शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़ा देव की हुई पूजा

समाज जागरण/ अकबर अली



सोनभद्र। बभनी ब्लॉक स्थित सड़क टोला (सकरगली घुटरा) में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य आदिवासी सम्मेलन, जनसभा और रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सकरगली घुटरा बड़ा देव स्थल पर ध्वज फहराकर किया गया। इसके बाद आदिवासी समाज के पुजारी देवीशंकर नेकी, रामचरित नेताम और राम सिंह कमरो ने विधि-विधान से गोंडी संस्कृति के अनुसार पूजा-अर्चना कराई। जय बड़ा देव सेवा समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार मरकाम ने भी बड़ा देव की पूजा की। पूजा के पश्चात बड़ा देव स्थल सकरगली घुटरा, सड़क टोला से एक रोड शो निकाला गया। गाजे-बाजे और डीजे के साथ बाइक और गाड़ियों पर सवार आदिवासी समाज के लोग अपने पारंपरिक झंडे लगाए हुए थे। यह रोड शो बभनी बाजार, पोखरा, परसा टोला होते हुए आसनडीह पहुंचा और फिर वापस बभनी बाजार लौट आया। बभनी बाजार से लोग पैदल रोड शो करते हुए बभनी मोड़ तिराहे से बड़ा देव स्थल सड़क टोला पहुंचे। बड़ा देव स्थल पर आदिवासी संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में बभनी ब्लॉक के विभिन्न गांवों जैसे बभनी, पोखरा, खोतोम हुआ, बरवे, बकुलिया, कोगां, बैना, करकच्छी, आसनडीह, रन्दह, चैनपुर और मच बन्धवां से बड़ी संख्या में आदिवासी शामिल हुए।

नीरज सिंह मरकाम ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की पहचान, परंपरा और अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़े रखना भी इसका एक अहम मकसद है। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर म्योरपुर के ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोड़, संजय सिंह धुर्वे और म्योरपुर की जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इनके अलावा देवी दयाल, विनोद कुमार, नरेश कुमार, नंदलाल, बशंबहादुर, चंद्रमा सिंह, सुरेंद्र रावेन, तेजबली मरकाम, मुन्ना मरकाम, महेंद्र भारती, शेर सिंह मरकाम सहित सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

एटीएम बदलकर खातों से रकम उड़ाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

जेवर पुलिस ने 103 एटीएम कार्ड, स्वैप मशीन, तमंचा-कारतूस और चाकू बरामद किए

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 09 अगस्त। थाना जेवर पुलिस ने एटीएम बदलकर लोगों के बैंक खातों से रुपये निकालने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 103 एटीएम कार्ड, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू और एटीएम स्वैप मशीन बरामद की है।



पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान आफताब पुत्र साबिर, सलमान पुत्र आजाद और अमीरूद्दीन पुत्र इमामुद्दीन, निवासी ग्राम चिट्टा, थाना सलेमपुर, बुलंदशहर के रूप में हुई है। तीनों को 9 अगस्त को यमुना एक्सप्रेसवे स्थित आरआर साइट अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया।

धोखे से बदल लेते थे एटीएम कार्ड

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोगों को धोखे में लेकर उनका एटीएम कार्ड बदल लेते थे। इसके बाद मिले कार्ड के माध्यम से संबंधित व्यक्ति के बैंक खाते से रुपये निकाल लेते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चोरी या धोखे से हासिल किए गए एटीएम कार्ड को स्वैप मशीन में लगाकर रकम निकालते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना जेवर में धारा 318(4)/317(5) बीएनएस और 3/4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

तीनों पर पहले से कई मुकदमे

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार तीनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनके खिलाफ पूर्व में विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें धोखाधड़ी, चोरी, अवैध हथियार, मादक पदार्थ, गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामले शामिल हैं। सलमान के खिलाफ बुलंदशहर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। अमीरूद्दीन के खिलाफ अलीगढ़, बुलंदशहर और मुरादाबाद में मामले दर्ज हैं, जबकि आफताब के खिलाफ बुलंदशहर, हापुड़, दादरी और जेवर थाने में पूर्व के मुकदमे दर्ज हैं।

यह सामान हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 103 एटीएम कार्ड, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू और एटीएम स्वैप मशीन बरामद की है। पुलिस अब बरामद एटीएम कार्डों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है कि वे किन लोगों के हैं और इनके माध्यम से कितनी रकम की धोखाधड़ी की गई। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

भिटकुरी कान्हा गौशाला का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, 15 दिन में हैंडओवर के निर्देश

वाराणसी। भिटकुरी कान्हा गौशाला को सुरक्षित, स्वच्छ और पशु-अनुकूल बनाने के लिए नगर निगम वाराणसी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने निमार्णाधीन गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सुरक्षा फेंसिंग, बाउंड्रीवाल, चरहियों की संरचना, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सभी कमियां दूर कर 15 दिनों के भीतर गौशाला को नगर निगम को हस्तांतरित करने का सख्त निर्देश दिया।



नगर निगम के अनुसार, गौशाला में पशुओं की बेहतर देखभाल और उनके लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और आवश्यक सुविधाओं को समयसीमा के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्या भारती की दो दिवसीय प्रचार विभाग एवं अभिलेखागार बैठक संपन्न

शिक्षा के निरंतर उच्चस्तरीय विकास और भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने पर दिया जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 09 अगस्त। भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय प्रचार विभाग एवं अभिलेखागार की दो दिवसीय बैठक संपन्न हुई। समापन सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा ने प्रतिभागियों से प्रचार और अभिलेखागार से संबंधित सुझावों पर चर्चा की।



देशराज शर्मा ने कहा कि विद्या भारती एक शैक्षिक संस्थान है और इसका विकास निरंतर उच्चस्तरीय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव को मुख्य आधार बनाकर कार्यों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोबिंद चंद्र महंत ने कहा कि कार्यों में विषय विशेषज्ञों की भूमिका सुनिश्चित करते हुए देश की भावी पीढ़ी को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में अखिल भारतीय प्रचार विभाग के सह प्रभारी डॉ. सौरभ मालवीय, संयोजक डॉ. रामकुमार भावसार, अखिल भारतीय सोशल मीडिया संयोजक आलोक तिवारी, टोली सदस्य डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी व डॉ. उमेश वर्मा, प्रचार विभाग प्रभारी सुधाकर रेड्डी सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, मेरठ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, भारतीय शिक्षा समिति मेरठ प्रांत के प्रांत मंत्री एवं प्रबंधक रामवरुण सिंह, शिशु शिक्षा समिति के मंत्री प्रदीप भारद्वाज, कोषाध्यक्ष डॉ. मनु उमेश और विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमगिरि गोस्वामी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वेद प्रचार सप्ताह का हर्षोल्लास के साथ समापन

पंच महायज्ञ और वेद मार्ग पर चलने से ही मानव कल्याण संभव : आचार्य डॉ. यशवीर

समाज जागरण/

गाजियाबाद। आर्य समाज मंदिर, कविनगर में आयोजित वेद प्रचार सप्ताह का रविवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में धमार्चार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ संपन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान राघव गोयल-तान्या गोयल, लक्ष्मण सिंह चौहान-सुमन चौहान, गजराज चौधरी-सुमन चौधरी तथा अनुपम आर्य-पायल आर्य रहे।

हापुड़ से पहुंचीं आचार्या सुलभा शास्त्री, सुखपाल आर्य और प्रवीण आर्य ने वैदिक सिद्धांतों पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों को सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. यशवीर आर्य ने यज्ञ और वेद की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि पंच महायज्ञ और वेद मार्ग पर चलने से ही मानव का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज को अपनी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं में चरित्र निर्माण के लिए गुरुकुल शिक्षा पद्धति को उपयोगी बताया।



इतिहास को सही संदर्भ में पढ़ने पर जोर

वीतराग संन्यासी शिवानंद ने भारत के इतिहास, वीरता और शौर्य से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद इतिहास के कुछ प्रसंगों को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने पोरस और सिकंदर तथा चंद्रगुप्त मौर्य और सेल्यूकस से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए इतिहास को सही संदर्भ में समझने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में डॉ. आनंद कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्र निर्माण पार्टी, विनीत कुमार, सुदर्शनाचार्य और हरबीर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन आर्य समाज मंदिर के मंत्री वी.के. धामा ने किया। उन्होंने उपस्थित अतिथियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्रद्धानंद शर्मा, ओम प्रकाश आर्य, मोती लाल गर्ग, नरेंद्र पांचाल, सेवा राम त्यागी, दानवीर विद्यालंकार, डॉ. वीरेंद्र नाथ सरदाना, महिपाल सिंह तोमर, डॉ. प्रमोद सक्सेना, सुभाष शर्मा, प्रवीण शर्मा, यज्ञवीर चौहान, सुरेंद्र शास्त्री, अंजना गोयल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में शांति पाठ और ऋषि लंगर के साथ वेद प्रचार सप्ताह का समापन हुआ।

नोएडा पंजाबी एकता समिति की मासिक बैठक संपन्न

पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता का इस्तीफा स्वीकार, वार्षिक कार्यक्रमों और सामाजिक सेवा गतिविधियों पर चर्चा

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-73 स्थित ओपेरा हाउस में नोएडा पंजाबी एकता समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से संस्था के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता का इस्तीफा स्वीकार किया। इसके साथ ही आगामी वार्षिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

संस्था के मुख्य संरक्षक संजय बाली ने कहा कि नोएडा पंजाबी एकता समिति लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य सेवा और समाजहित रहा है। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में भी सामाजिक एवं सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

नवनियुक्त चेयरमैन गौरव चाचरा ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से संस्था को और मजबूत बनाया जाएगा।

नवनियुक्त अध्यक्ष विनीत मेहता ने बताया कि संस्था जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य कर रही है और उन्हें अच्छे विद्यालयों में शिक्षा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में शिक्षा के साथ अन्य सामाजिक कार्यों का भी विस्तार किया जाएगा।



महासचिव नरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि संगठन एकता और आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से अब हर महीने मासिक भंडारे का आयोजन शुरू किया जाएगा, जिससे सेवा कार्यों को और व्यापक बनाया जा सके।

नवनियुक्त कोषाध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।

बैठक के अंत में सदस्यों ने संस्था को मजबूत बनाने, समाजसेवा के कार्यों का विस्तार करने तथा पंजाबी समाज की एकता और हितों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक में संरक्षक के.के. अरोड़ा, उपाध्यक्ष अतुल सहगल, बी.के. मेहता, सुभाष मेहता और सुनैना अरोड़ा, सचिव अंतैश भंडारी, राजीव खन्ना व अमित कोहली, सह-सचिव मनीष निजहावन व पुनीत कपूर सहित जुगल किशोर, सुरिंदर सोनी, गगन भोला, यश मेहता, विनय मेहता, जयंत मेहता, सुनील मल्होत्रा, कपिल आहूजा, राजन पुरी, रवि सचदेवा, रितु मेहता, अजय मल्होत्रा, पूजा पुरी, सरोज सोनी, कृष्णा सोनी, आदित्य, आकांक्षा, अशोक डांग, बलदेव अरोड़ा, नीरज अरोड़ा, नमिता मेहता, पूनम, डॉ. पंकज मल्होत्रा, कमल कनोजिया, सुधीर मालवा, संजीव चोपड़ा, त्रिप्त सोनी, साईअंश चाचरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

समर्पण शोध संस्थान में यज्ञोपवीत संस्कार समारोह संपन्न

यज्ञोपवीत संस्कार मानव निर्माण की आधारशिला : आचार्य महेंद्र भाई

समाज जागरण

गाजियाबाद, 9 अगस्त। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के आह्वान पर श्रावणी पर्व के अवसर पर आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान, सेक्टर-5, राजेंद्र नगर, साहिबाबाद में यजुर्वेद यज्ञ एवं यज्ञोपवीत संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा वेदप्रकाश शास्त्री ने विधिवत यज्ञ संपन्न कराया तथा यज्ञोपवीत संस्कार कराया। मुख्य यजमान बिजेंद्र आर्य रहे।



यज्ञ के उपरांत खेमचंद शास्त्री ने यज्ञमानों को आशीर्वाद देते हुए सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दुर्व्यसनों का त्याग करने तथा माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने का संकल्प लिया।

मुख्य वक्ता केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य महेंद्र भाई ने कहा कि एक ईश्वर की उपासना तथा मन, वचन और कर्म की एकरूपता से समाज में संगठन की भावना मजबूत होती है। सत्य बोलने से व्यक्ति की विश्वसनीयता कायम रहती है। व्यक्ति का निजी जीवन समाज के लिए आदर्श होना चाहिए, क्योंकि लोग उसके आचरण से प्रेरणा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि उपनयन का अर्थ समीपता को प्राप्त करना है। आचार्य के सानिध्य में बालक अपने जीवन को उन्नत करता है। शिक्षा व्यक्ति को कार्य करने में समर्थ बनाती है और यज्ञोपवीत संस्कार मानव निर्माण की आधारशिला है। यज्ञोपवीत के तीन सूत्र व्यक्ति के जीवन को उन्नत बनाने तथा राष्ट्र के लिए भावी पीढ़ी को संस्कारित करने के संकल्प के प्रतीक हैं।

संस्थान के अध्यक्ष राकेश आर्य ने स्वामी दीक्षानंद द्वारा लिखित उपनयन सर्वस्व पुस्तक का उल्लेख करते हुए यज्ञोपवीत के आध्यात्मिक एवं संस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

वैदिक विद्वान ओमपाल शास्त्री ने कहा कि यज्ञोपवीत पुरातन आर्य संस्कृति का प्रतीक है। इसके तीन सूत्र माता, पिता और गुरुजनों के ऋण का स्मरण कराते हैं। उन्होंने सभी से माता-पिता और गुरुजनों के प्रति सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर हरिप्रसाद शास्त्री ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता प्रस्तुत की। आर्य केंद्रीय सभा, गाजियाबाद का मंत्री बनाए जाने पर कृष्ण कुमार आर्य का अभिनंदन किया गया। सतबीर चौधरी एवं कुसुम चौधरी का पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार आर्य, विनोद गुप्ता, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। ब्रह्मचारी ऋतम आर्य ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। मंच संचालन सुरेश आर्य ने किया। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को राममनोहर लोहिया पार्क, साहिबाबाद में यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को दयानंद जीवन चरित्र पुस्तक निःशुल्क वितरित की गई।

अंत में रमेश आर्य ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। शांतिपाठ के बाद अल्पाहार एवं ऋषि लंगर का आयोजन किया गया।

समाज जागरण
दिल्ली-एनसीआर से प्रकाशित व देश के लगभग हिंदी अखबारों में प्रकाशित
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

सेक्टर-122 में चोरी की घटना से दहशत, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-122 में चोरी की घटनाएं बढ़ने से स्थानीय निवासियों में चिंता बढ़ गई है। रविवार को भी सेक्टर के एक मकान में चोरी की घटना सामने आने की जानकारी है। घटना थाना सेक्टर-113 क्षेत्र की बताई जा रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आने से सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। लोगों ने पुलिस से सेक्टर में गश्त बढ़ाने और रात के समय निगरानी मजबूत करने की मांग की है। निवासियों ने पुलिस से चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की है।

फिलहाल घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी और चोरी गए सामान का विवरण सामने नहीं आया है।

काशी जोन में पुलिस की पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की हुई जांच

समाज जागरण

वाराणसी। डीसीपी काशी के निर्देशन में काशी जोन पुलिस ने रविवार को क्षेत्र में व्यापक पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की गहन जांच की गई। पुलिस ने क्षेत्र में सतर्क निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया। अभियान का उद्देश्य अपराधों की रोकथाम के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा।

पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में लगातार सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

4,441 की खरीदारी के बाद एक रुपये में वार्षिक सदस्यता का प्रस्ताव

नोएडा के वस्त्र प्रतिष्ठान पर ग्राहक ने उठाए सवाल

समाज जागरण

नोएडा। गार्डन गैलेरिया स्थित मैक्स फैशन प्रतिष्ठान में खरीदारी करने पहुंचे एक ग्राहक ने अपने अनुभव को लेकर सवाल उठाए हैं। ग्राहक राजेश मैक ने सामाजिक माध्यम पर साझा की गई अपनी टिप्पणी में बताया कि वह पिछले करीब चार वर्षों से मैक्स से खरीदारी करते आ रहे हैं, लेकिन इस बार का अनुभव उनके लिए बेहद चिंताजनक रहा।



राजेश के अनुसार, उन्होंने प्रतिष्ठान से कुल 4,441 रुपये की खरीदारी की। भुगतान के समय आइशा नाम की कर्मचारी ने उन्हें कथित तौर पर बताया कि केवल एक रुपया अतिरिक्त देकर एक वर्ष की मैक्स सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।

ग्राहक ने इस प्रस्ताव को लेकर कंपनी को सामाजिक माध्यम पर संबोधित करते हुए पूरे मामले पर स्पष्टीकरण की अपेक्षा जताई है। उन्होंने सदस्यता योजना की शर्तों और ग्राहकों को दी जाने वाली जानकारी की स्पष्टता पर भी सवाल उठाए। हालांकि, इस संबंध में मैक्स फैशन अथवा गार्डन गैलेरिया स्थित प्रतिष्ठान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में सदस्यता योजना की वास्तविक शर्तों और ग्राहक को दी गई जानकारी की पुष्टि कंपनी की प्रतिक्रिया के बाद ही हो सकेगी।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में फ्यूचर वर्ल्ड बिल्डर के खिलाफ मजदूरों और ठेकेदार का प्रदर्शन

करोड़ों रुपये बकाया होने का आरोप

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में फ्यूचर वर्ल्ड बिल्डर के विरुद्ध मजदूरों और ठेकेदारों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने बिल्डर पर करोड़ों रुपये का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया माध्यम पर सामने आई जानकारी के अनुसार, मजदूरों और ठेकेदारों ने कथित बकाया भुगतान को लेकर बिल्डर के विरुद्ध आवाज उठाई।



प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान मजदूरों और ठेकेदारों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया तथा बकाया राशि का शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग की।

हालांकि, बकाया राशि कितनी है और भुगतान में देरी के पीछे वास्तविक कारण क्या है, इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। फ्यूचर वर्ल्ड बिल्डर की ओर से भी इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।

हाइड पार्क सोसाइटी में दो वर्ष से चुनाव नहीं होने का आरोप, निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग

समाज जागरण

नोएडा। हाइड पार्क सोसाइटी में पिछले करीब दो वर्षों से चुनाव नहीं कराए जाने का मामला सामने आया है। सामाजिक माध्यम पर साझा की गई शिकायत में सोसाइटी के चार लोगों पर कथित रूप से लंबे समय से प्रबंधन पर कब्जा बनाए रखने का आरोप लगाया गया है।

हेमराज चंदेल ने सोशल मीडिया के माध्यम से जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर, मुख्यमंत्री कार्यालय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उनका आरोप है कि उपजिलाधिकारी न्यायालय से निवासियों के पक्ष में आदेश पारित होने के बावजूद नवनियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा उन आदेशों का उचित ढंग से अनुपालन नहीं कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि सरकारी निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में शीघ्र निष्पक्ष चुनाव कराया जाए, ताकि सोसाइटी का प्रबंधन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से चुना जा सके।

नोएडा में जलभराव पर सोशल मीडिया यूजर का तंज—'ड्रेनेज नहीं, बोटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बना दिया'

समाज जागरण

नोएडा। बारिश के बाद नोएडा की सड़कों पर हुए जलभराव को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की नाराजगी और व्यंग्य लगातार सामने आ रहा है। इसी बीच Mayank | HR Insider ने नोएडा अथॉरिटी को लेकर तंज कसते हुए पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि शुक्रवार को जब वह नोएडा के कार्यालय से निकले तो चारों तरफ इतना पानी भरा हुआ था कि उन्हें लगा, "नोएडा अथॉरिटी ने ड्रेनेज नहीं, बोटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर दिया है।"

पोस्ट में उन्होंने आगे व्यंग्य करते हुए कहा कि अगली बार ऑफिस जाने के लिए कैब की नहीं, बल्कि लाइफ जैकेट की जरूरत पड़ेगी।


बारिश के दौरान नोएडा की सड़कों पर जलभराव की समस्या को लेकर नागरिक अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो साझा करते रहे हैं।

ताजा पोस्ट भी इसी समस्या पर व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए व्यंग्य के रूप में सामने आया है।

आवासीय परिसर से मोटरसाइकिल चोरी, सात दिन बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं होने का आरोप

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। आवासीय परिसर से मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में लिखित शिकायत देने के बावजूद सात दिन बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने का आरोप सामने आया है। पीड़ित ने सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।



पीड़ित विक्की ने बताया कि उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में संबंधित थाना बीटा-2, ग्रेटर नोएडा में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत दिए हुए सात दिन बीत जाने के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

पीड़ित ने अपनी शिकायत की प्रति भी साझा करते हुए ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त से मामले में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर प्राथमिकी दर्ज कराने का अनुरोध किया है।

मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.






आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.






विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.









अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

